वित्त लेखे व्यय को आगे योजनागत और गैर योजनागत में बांटने का प्रावधान करते हैं। योजनागत व्यय, सामान्यत: नई परियोजनाओं अथवा योजनाओं पर संवृद्धि विकासात्मक व्यय से संबंधित होता है तथा इसमें राजस्व तथा पूंजीगत दोनों व्यय समाविष्ट होते हैं। दूसरी ओर गैर योजनागत व्यय सामान्यत: पहले

से प्राप्त सेवाओं के स्तरों को बनाए रखने के लिए समर्पित होता है। तथापि, योजनागत तथा गैर योजनागत व्यय दोनों में राजस्व व्यय के सापेक्ष पूंजीगत व्यय में वृद्धि को गुणात्मक रूप से अधिक वांछनीय माना जाता है क्योंकि इससे सरकार द्वारा सामाजिक और आर्थिक अवसंरचना नेटवर्क का विस्तार और पूंजी निर्माण होता है। **चार्ट 1.12** सरकार के योजनागत और गैर योजनागत व्यय का ब्यौरा दर्शाता है। वास्तविक व्यय के अनुपात के रूप में योजनागत व्यय 2011-12 के दौरान 28 *प्रतिशत* था परंतु 2013-14 में 26 *प्रतिशत* के स्तर तक घटा।

चार्ट 1.12: योजनागत व्यय एवं गैर योजनागत व्यय का विश्लेषण



1.3.5 योजनागत व्यय के मुख्य घटक

जैसा कि **चार्ट 1.13** से देखा जा सकता है कि योजनागत व्यय का 89 *प्रतिशत* सहायता अनुदान, निवेश, ऋणों एवं आर्थिक सहायता पर खर्च होता है। 2011-12 की तुलना में, 2013-14 के दौरान सहायता अनुदान पर किया गया व्यय सिविल मंत्रालयों के मामले में कुल योजनागत व्यय के 75 प्रतिशत पर स्थिर रहा था। योजनागत व्यय के मंत्रालय-वार/अनुदान-वार घटक **अनुबंध 1.1** में दर्शाए गए हैं।

चार्ट 1.13: योजनागत व्यय के घटक



स्रोत: 24 नवम्बर 2014 को ई-लेखा द्वारा प्रदत्त डाटा डम्प (रक्षा(संख्या 22 से 27), डाक (सं.13), रेलवे एवं विनियोग ऋण का पुनर्भुगतान (सं 37) से संबंधित अनुदानों को छोड़कर। जर्नल प्रविष्टियां, अंतर-लेखा अंतरण (व.शी. 63) तथा कम वसूलियां (व.शी. 70) शामिल नहीं हैं।

चार्ट 1.14 सहायता अुनदान (पूंजीगत सृजन तथा वेतन हेतु सहायता अनुदान सहित) को कुल योजनागत व्यय, जोकि 2011-12 के दौरान 75.22 *प्रतिशत* था तथा 2013-14 में 74.72 *प्रतिशत* तक घटा था, के अनुपात के रूप में दर्शाता है।

चार्ट 1.14: कुल योजनागत व्यय के अनुपात के रूप में योजनागत सहायता अनुदान



	2011-12	2012-13	2013-14
योजनागत सहायता अनुदान	293481	293995	318211
कुल योजनागत व्यय	390168	390752	425868

स्रोत: 24 नवम्बर 2014 को 'ई-लेखा' द्वारा प्रदत्त डाटा डम्प (रक्षा, डाक, तथा रेलवे अनुदानों को छोड़कर) जर्नल प्रविष्टियाँ शामिल नहीं है।

1.3.6 सरकार के मुख्य फ्लैगशिप कार्यक्रम-पिछले तीन वर्षों में वास्तविक व्यय

संघ सरकार फ्लैगशिप कार्यक्रमों के माध्यम से मुख्य विकास प्राथमिकताओं पर लक्ष्य कर रही है। नीचे **चार्ट 1.15** 2011-14 की अवधि के दौरान इन मुख्य फ्लैगशिप कार्यक्रमों पर वास्तविक व्यय को दर्शाता है।

चार्ट 1.15: मुख्य फ्लैगशिप कार्यक्रमों पर वास्तविक व्यय



स.शि.अ.=सर्व शिक्षा अभियान, दो.भो.यो.=दोपहर के भोजन की योजना, मनरेगस=महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना-रा.ग्रा.स्व.मि.=राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन, रा.गा.ग्रा.वि.यो.=राजीव गांधी ग्रामीण विद्युतीकरण योजना, इं.आ.यो.=इंदिरा आवास योजना, प्र.मं.ग्रा.स.यो.=प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना, रा.ग्रा.स्वा.मि.= राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन।

तालिका 1.10 में दर्शायी गई सात प्रमुख योजनाओं पर कुल व्यय 2011-12 में ₹1,09,379 करोड़ से 2012-13 में ₹ 1,01,108 करोड़ तक घट गया तथा फिर बाद में 2013-14 में ₹1,13,824 करोड़ तक बढ़ गया (2011-12 से 4.06 *प्रतिशत* अधिक)। **चार्ट 1.15** तथा **तालिका 1.10** से यह देखा जा सकता है कि सभी मुख्य योजनाओं ने, जब उनकी पिछले वर्ष से तुलना की गई, व्यय में वृद्धि दर्ज की गई। बजट अनुमानों से तुलना में इन योजनाओं में गिरावट देखी गई तथा प्र.मं.ग्रा.स.यो. में 54.82 *प्रतिशत* की अधिकतम गिरावट।

तालिका 1.10: संघ सरकार के मुख्य फ्लैगशिप कार्यक्रम पर योजनागत व्यय

(₹ करोड़ में)

		स.शि.अ.	दो.भो.यो.	मनरेगस	रा.गां.ग्रा.वि.यो.	इं.आ.यो.	प्र.मं.ग्रा.स.यो.	रा.ग्रा.स्वा.मि.	कुल
2011-12	ब.अ.	20413	10061	40000	6000	10000	20000	19838	126312
	वास्तविक	20841	9891	29213	2237	9872	19342	17983	109379
	ब.अ. से विचलन (प्रतिशत में)	2.10	(-)1.69	(-)26.97	(-)62.72	(-)1.28	(-)3.29	(-)9.35	(-)13.41
2012-13	ब.अ.	24243	11643	33000	4900	11075	24000	22799	131660
	वास्तविक	23873	10849	30274	698	7869	8884	18661	101108
	ब.अ. से विचलन (प्रतिशत में)	(-)1.53	(-)6.82	(-)8.26	(-)85.76	(-)28.95	(-)62.98	(-)18.15	(-)23.21
2013-14	ब.अ.	26358	12879	33000	4500	15184	21700	23148	145769
	वास्तविक	24802	10918	32993	2939	12982	9805	19385	113824
	ब.अ. से विचलन (प्रतिशत में)	(-)5.90	(-)15.23	(-)0.02	(-)34.69	(-)14.50	(-)54.82	(-)16.26	(-)21.91

1.3.7 मुख्य मंत्रालयों में योजनागत व्यय में सहायता अनुदान का अनुपात

चार्ट 1.16 2013-14 में वृहत् योजनागत व्यय वाले 10 मंत्रालयों/विभागों हेतु योजनागत व्यय के भीतर सहायता अनुदान के अनुपात को दर्शाता है।

चार्ट 1.16: मुख्य मंत्रालयों/विभागों में कुल योजनागत व्यय के अनुपात के रूप में सहायता अनुदान (पूंजीगत सृजन हेतु सहायता अनुदान सहित)

	रा.सं.शा.क्षे.स.अ.	ग्रा.वि.	स्कू.शि.सा.	स्वा.प.क.	स.प.रा.	कृ.स.	म.बा.वि.	वि.से.	पे.ज.आ.	उ.शि.
स.अ.*	74559	57946	43659	19987	3252	15743	17806	784	11837	13931
अन्य*	11000	677	26	2490	20394	2947	144	16883	98	252
स.अ. % के रूप में	87.14%	98.85%	99.94%	88.92%	13.75%	84.23%	99.20%	4.44%	99.18%	98.22%

** राशि ₹ करोड़ में*

नोट: स.अ=सहायता अनुदान; यो.व्य=योजनागत व्यय,, ग्रा.वि =ग्रामीण विकास, रा.सं.शा.क्षे.स.अ. = राज्य तथा संघ शासित क्षेत्र सरकारों को अंतरण, स्कू.शि.सा.=स्कूली शिक्षा, एवं साक्षरता, स.प.रा.=सड़क परिवहन एवं राजमार्ग, स्वा.प.क.=स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, कृ.स.=कृषि एवं सहकारिता, म.बा.वि.=महिला एवं बाल विकास, वि.से.=वित्तीय सेवाएं, पे.ज.आ.=पेय जल आपूर्ति, उ.शि.=उच्चतर शिक्षा।

स्रोत: दिनांक 24 नवम्बर 2014 को 'ई-लेखा' पोर्टल से लिया गया डाटा डम्प। जर्नल प्रविष्टियाँ शामिल नहीं है। अंतर-लेखा अंतरण एवं कम वसूलियों वस्तु शीर्षों को छोड़कर।

जैसा कि स्पष्ट है, कि ग्रामीण विकास, विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता, महिला एवं बाल विकास, पेय जल आपूर्ति तथा उच्चतर शिक्षा मंत्रालय/विभागों में लगभग समग्र योजनागत व्यय निकायों/प्राधिकरणों/राज्य सरकारों को सहायता अनुदान का संवितरण था।

1.3.8 भारतीय समेकित निधि से व्यय का ब्यौरा (ई-लेखा डाटा)

चूंकि वित्त लेखा में घटक वार व्यय के ब्यौरे उपलब्ध नहीं है। आगामी पैराग्राफ में ई-लेखा का प्रयोग कुछ विश्लेषण में पूरक के रूप में किया गया है। ई-लेखा, जो कि भुगतान एवं लेखा कार्यालयों तथा अन्य आफलाइन इंटरफेस, पर कॉमपेक्ट पर बनाया जाता है, मॉनीटरिंग तंत्र एवं मूल्य वृद्धित

रिपोर्टिंग के लिए दैनिक, मासिक तथा वार्षिक लेखांकन प्रक्रिया के एकीकरण के साथ सार लेखांकन की एक प्रणाली प्रदान करते हैं।

वित्त लेखा में व्यय आंकड़ों की निवल वसूलियां दर्शाई गई हैं और इस प्रकार ई-लेखा में आंकड़े जहां भी लिए गए हैं, निवल वसूलियों के रूप में लिए गए हैं। समय पर ई - लेखा का अद्यतन न किए जाने के कारण ई लेखा प्राप्त संघटकों की संख्या का डाटा वित्त लेखा में उपलब्ध डाटा के साथ भिन्न था।

भारतीय समेकित निधि (भा.स.नि.) से व्यय का सबसे बड़ा घटक सार्वजनिक ऋण के पुनर्भुगतान की ओर था। जैसा कि **चार्ट 1.17** में देखा जा सकता है, भा.स.नि. से कुल व्यय में से सार्वजनिक ऋण के पुनर्भुगतान का अंश 2012-13 में 68 प्रतिशत से 2013-14 में 65 प्रतिशत तक बहुत कम घटा है।

रक्षा सेवाओं पर व्यय 2012-13 में ₹ 1,86,984 से 2013-14 में ₹ 2,09,015 करोड़ तक बढ़ा। इस अवधि में कुल व्यय में इसके अंश में भी 3.7 *प्रतिशत* से 3.9 *प्रतिशत* तक की थोड़ी सी वृद्धि हुई थी। रक्षा सेवाओं पर राज्य व्यय के विवरण **चार्ट 1.10** में दर्शाए गए हैं।

2011-12 में अन्य प्रभारों में ₹ 65,000 करोड़ की आर्थिक सहायता के गलत वर्गीकरण (जैसा कि 2013 के म.नि.ले.प. के प्रतिवेदन सं.1 में इंगित किया गया है) के कारण वर्ष 2012-13 में आर्थिक सहायताओं पर व्यय तथा अंश में काफी वृद्धि देखी गई थी। आर्थिक सहायताओं पर व्यय में थोड़ी सी वृद्धि हुई तथा 2013-14 में यह ₹ 2,72,009 करोड़ पर रही।

रेलवे के मामले में यद्यपि औसत व्यय 2011-12 से 2.6 *प्रतिशत* से 2013-14 में 3.2 *प्रतिशत* तक लगातार बढ़ रहा था।

चार्ट 1.17: भारत की समेकित निधि से किए गए व्यय का ब्यौरा



स्रोत: 24 नवम्बर 2014 को प्रदत्त 'ई-लेखा' डाटा डम्प। जर्नल प्रविष्टियां शामिल नहीं है। नोट: चार्ट में दी गई राशि करोड़ में है। प्रवृत्ति रेखा भा.स.नि. से कुल व्यय में प्रतिशत अंश को दर्शाती है। गलत वर्गीकरण के कारण 2011-12 के दौरान ₹65,000 करोड़ की 'आर्थिक सहायता' को आर्थिक सहायता के अंतर्गत नहीं माना गया है। 'ब्याज' पर व्यय हेतु केवल मुख्य शीर्षों '2048' एवं '2049' के नीचे विषय शीर्ष '45' के अंतर्गत दिए गए आंकड़ों को लिया गया था। 'रक्षा' में रक्षा मंत्रालय से संबंधित सिविल अनुदान शामिल नहीं हैं। 'कटौती वसूलियाँ' का निवल अन्य है।

1.4 व्यय का समय विश्लेषण

व्यय प्रबंधन का एक मुख्य पहलू वर्ष की समाप्ति की ओर व्यय के घनत्व से बचना है। वित्त मंत्रालय ने मार्च माह तथा वित्तीय वर्ष की अंतिम तिमाही के दौरान व्यय को बजट अनुमानों के क्रमश: 15 *प्रतिशत* तथा 33 *प्रतिशत* तक सीमित करने हेतु सितम्बर 2007 में मंत्रालयों/विभागों को अनुदेश जारी किए। नीचे **चार्ट 1.18** दर्शाता है कि कैसे कुल व्यय तथा इसमें योजनागत एवं गैर योजनागत व्यय (रक्षा, रेलवे, डाक एवं दूरसंचार को छोड़कर अन्य मंत्रालय विभाग) का वित्तीय वर्ष में संवितरण हुआ।

चार्ट 1.18: व्यय का माह वार प्रवाह (प्रतिशत में)



	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सितम्बर	अक्तूबर	नवम्बर	दिसम्बर	जनवरी	फरवरी	मार्च
गैर-योजनागत	8.13%	8.15%	8.11%	9.06%	9.00%	8.53%	7.49%	8.45%	7.39%	7.75%	7.62%	10.31%
योजनागत	5.93%	9.56%	10.21%	7.72%	7.61%	12.08%	7.02%	4.90%	13.06%	3.32%	8.82%	9.77%
भा.सं.नि.#	7.94%	8.27%	8.29%	8.95%	8.88%	8.84%	7.45%	8.14%	7.88%	7.37%	7.72%	10.27%

 # भा.सं.नि. = भारत की समेकित निधि (इस चार्ट में अंतर लेखा अंतरण को शामिल न किए जाने के कारण भा.सं.नि. से माह-वार व्यय की प्रतिशतता अनुबंध 1-ख के साथ मेल नहीं खा सकती है)

नोट: 24 नवम्बर 2014 को 'ई-लेखा' द्वारा प्रदत्त डाटा डम्प (रक्षा (संख्या 22 से 27), डाक (सं. 13), रेलवे एवं विनियोग ऋण का पुनर्भुगतान (सं. 37) से संबंधित अनुदानों को छोड़कर। जर्नल प्रविष्टियां, अंतर/लेखा अंतरण (व.शी. 63) तथा कम वसूलियां (व.शी. 70) शामिल नहीं है।

सिविल मंत्रालयों[4] हेतु भारत की समेकित निधि से सरकार के कुल व्यय का विश्लेषण दर्शाता है कि कुल वार्षिक व्यय का 10 *प्रतिशत* एवं 25 *प्रतिशत* मार्च 2014 तथा वर्ष 2013-14 के अंतिम तिमाही में किया गया था। मार्च 2014 में योजनागत व्यय एवं गैर योजनागत व्यय दोनों में वृद्धि देखी गई थी। योजनागत व्यय 2013 के जून, सितम्बर तथा दिसम्बर माह की तिमाही में ऊंचाई पर था तथा मार्च 2014 में कुल योजनागत व्यय के 10 *प्रतिशत* की सुस्पष्ट वृद्धि को दर्शाता है। गैर-योजनागत व्यय जो वार्षिक व्यय का प्रत्येक माह औसत 7 से 9 *प्रतिशत* के बीच रहा, मार्च 2014 में, कुल गैर-योजनागत व्यय के 10 *प्रतिशत* तक की साधारण वृद्धि को दर्शाता है।

मंत्रालय/विभाग वार समय विश्लेषण: तालिका 1.11 में एक पृथक्कृत विश्लेषण दर्शाता है कि मार्च 2014 में नौ अनुदानों के मामले में कुल व्यय का 22 *प्रतिशत* से ऊपर व्यय किया गया था। राजस्व विभाग के मामले में कुल व्यय का 80 *प्रतिशत* मार्च 2014 में किया गया था। मंत्रालय-वार/ अनुदान-वार व्यय का समय विश्लेषण **अनुबंध 1.2** में दिया गया है.

तालिका 1.11: मार्च 2014 में किए गए व्यय का विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

अनुदान सं.	अनुदान का नाम	कुल व्यय	मार्च में व्यय (अनुपूरक लेखे सहित)	मार्च में व्यय की प्रतिशतता (अनुपूरक लेखे सहित)	मार्च के अंतिम दिवस पर व्यय	मार्च के अंतिम दिवस व्यय की प्रतिशतता
042	राजस्व विभाग	2553.37	2037.65	80	1994.91	78
010	कोयला मंत्रालय	1329.45	318.81	24	245.33	18
045	विनिवेश विभाग	26.90	12.71	47	2.28	नगण्य
051	भारी उद्योग विभाग	1377.19	500.81	36	229.71	17
088	पोत परिवहन विभाग	1870.20	578.78	31	8.11	नगण्य

[4] डाक अनुदान सं. 13), रक्षा (अनुदान सं. 22 से 27) तथा ऋण पुनर्भुगतान (अनुदान सं. 37) को छोड़कर

012	औद्योगिक नीति एवं प्रोत्साहन विभाग	1343.08	347.04	26	8.36	1
005	परमाणु ऊर्जा योजनाएं	4057.38	1060.52	26	उ.न.	उ.न.
061	सूचना एंव प्रसारण मंत्रालय	2828.22	630.69	22	448.62	16
070	प्रवासी भारतीय मामला मंत्रालय	84.80	18.82	22	11.54	14

नोट: 'ई-लेखा' पोर्टल दिनांक 24 नवम्बर 2014 से लिए गए डाटा (रक्षा, डाक एवं रेलवे से संबंधित अनुदान के अलावा)। जर्नल प्रविष्टियां शामिल नहीं हैं।

उन मंत्रालयों जहां वित्त वर्ष के अंतिम दिन को एक महत्वपूर्ण धनराशि खर्च की गई थी, के संबंध में आगे एक विश्लेषण ने उद्घाटित किया-

- मार्च 2014 में राजस्व विभाग द्वारा किए गए ₹2,037.65 करोड़ के कुल व्यय में से ₹1,981.04 करोड़ की राशि का व्यय विषय शीर्ष 'सहायता अनुदान' के अंतर्गत किया गया था।

विषय शीर्षवार समय विश्लेषण: संघ सरकार के लेखाओं के कोडिंग प्रतिमान के अनुसार एक उपशीर्ष योजनाओं को प्रस्तुत करता है, विस्तृत शीर्ष उप-योजनाओं को प्रस्तुत करता है तथा विषय शीर्ष अंतिम शीर्षों (अर्थात वेतन, मजदूरी, सेवानिवृत्ति प्रभार, पुरस्कार, आदि) को प्रस्तुत करता है जिन पर व्यय किया गया है। सिविल मंत्रालयों में विषय शीर्ष स्तर पर व्यय की जांच ने प्रकट किया कि वित्त वर्ष के अंत में कई विषय शीर्षों में उल्लेखनीय व्यय घनत्व था। कुछ विषय शीर्ष जिनमें मार्च 2014 के माह में काफी व्यय किया गया था। उन्हें **तालिका 1.12** में दर्शाया गया है:

तालिका 1.12: मार्च 2014 में हुए विषय शीर्ष व्यय का विश्लेषण

(₹ करोड़ में)

विषय शीर्ष	विषय शीर्ष का विवरण	कुल व्यय	मार्च में व्यय	मार्च में व्यय की प्रतिशतता	मार्च के अंतिम दिवस पर व्यय	मार्च के अंतिम दिवस पर व्यय की प्रतिशतता
63	अंतर लेखा अंतरण	87557.56	50680.46	58	10573.59	12
05	पुरस्कार	58.76	27.31	46	6.90	12

विषय शीर्ष	विषय शीर्ष का विवरण	कुल व्यय	मार्च में व्यय	मार्च में व्यय की प्रतिशतता	मार्च के अंतिम दिवस पर व्यय	मार्च के अंतिम दिवस पर व्यय की प्रतिशतता
28	व्यावसायिक सेवाएं	3541.97	1532.71	43	78.48	2
52	मशीनरी एवं उपकरण	4444.48	1455.49	33	142.19	3
26	विज्ञापन एवं प्रचार	1866.85	587.87	31	199.25	11
51	मोटर वाहन	500.54	136.60	27	35.41	7
30	अन्य अनुबन्धित सेवाएं	2063.38	513.96	25	24.38	1
27	लघु निर्माण कार्य	5427.20	1304.70	24	434.17	8
25	कपड़ा और तंबू	593.62	132.22	22	22.88	4s

नोट: 'ई-लेखा' पोर्टल दिनांक 24 नवम्बर 2014 से लिए गए डाटा। रक्षा (अनुदान सं. 22 से 27), डाक (अनुदान सं. 13), रेलवे से संबंधित अनुदान शामिल नहीं है। जर्नल प्रविष्टियां शामिल नहीं है।

सरकार को मुख्य रूप से निवेशों, विज्ञापन एवं प्रचार, वित्त वर्ष के अंत में मुख्य कार्य एवं अन्य प्रभारों के मामले में अधिक व्यय हेतु कारणों की जांच करनी चाहिए।

1.5 ऋण एवं घाटा सूचक

बॉक्स 1.2: भारत सरकार की राजकोषीय देयताएं



यद्यपि बजट के संतुलन हेतु ऋण पर निर्भरता से नहीं बचा जा सकता, संघ सरकार ने राजकोषीय उत्तरदायित्वों तथा बजट प्रबंधन (रा.उ.प्र.ब.) अधिनियम, 2003 के माध्यम से उधारों पर विवेकपूर्ण सीमाएं निर्धारित की तथा राज्य सरकारों को राजकोषीय सुधार विधान के माध्यम से अपनी देयताओं पर सीमाएं निर्धारित करने हेतु प्रोत्साहित किया। रा.सु.ब.प्र. नियम निर्धारित करते हैं कि केन्द्र सरकार वित्त वर्ष 2004-05 के लिए स.घ.उ. के 9 *प्रतिशत,* से अधिक अतिरिक्त देयताओं (चालू विनिमय दर पर बाह्य ऋण को शामिल करते हुए) को स्वीकार नहीं करेगी और आने वाले प्रत्येक वित्त वर्ष में स.घ.उ. 9 प्रतिशत की सीमा को स.घ.उ. के कम से कम एक प्रतिशत से उत्तरोत्तर घटाया जाना था। 2013-14 में जुटाई गई ₹5,52,724 करोड़ तक की राशि की अतिरिक्त देयताएं स.घ.उ. के 4.87 *प्रतिशत* थीं, जो कि राजकोषीय कानून की शर्तों से मेल नहीं खाता। चूंकि रा.उ.ब.प्र. विधान में अतिरिक्त उधारी के लिए कोई न्यूनतम सीमा तय नहीं की गई थी, इस ध्यानाकर्षक विधान में कुछ खामियाँ थीं।

तालिका 1.13 2013-14 की अवधि में सरकार की कुल देयताओं, दोनों वर्तमान विनिमय दर तथा ऐतिहासिक दर (ऐसी दर जिस पर मूलत: ऋण लिया गया) को दर्शाती है। वर्तमान दर पर कुल देयताएं स.घ.उ. की प्रतिशतता के रूप में घटती हुई प्रवृत्ति को दिखाती है तथा यह 2011-12 में 47 प्रतिशत से 2013-14 में 46.36 प्रतिशत तक कम हुई है। 2012-13 के दौरान आंतरिक ऋण की वृद्धि स.घ.उ. वृद्धि से अधिक तेज थी, जो एक दयनीय ऋण स्थिति को दिखाती है। 2013-14 में, कुल ऋण की वृद्धि दर 11.74 प्रतिशत थी जबकि स.घ.उ. की वृद्धि दर 13.6 प्रतिशत थी। 2013-14 में कुल ऋण स.घ.उ. का 46-36 प्रतिशत था जो संगत वित्त वर्ष के लिए तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित 47.5 प्रतिशत के स्तर से काफी कम था।

चार्ट 1.22 स.घ.उ. में वृद्धि की तुलना में कुल देयताओं में प्रतिशत वृद्धि

*2011-12 में स.घ.उ. की वृद्धि स.घ.उ. के आधार वर्ष में संशोधन किए जाने के कारण उपलब्ध नहीं थी।

तालिका 1.13: राजकोषीय देयताएं

(₹ करोड़ में)

अवधि	संघ सरकार के आन्तिरिक ऋण (1)	बाह्य ऋण (ऐतिहासिक दरों पर) (2)	लोक लेखा* (3)	कुल देयताएं (ऐतिहासिक दरों पर) (1+2+3)	बाह्य ऋण (वर्तमान दरों पर) (4)	कुल देयताएं (वर्तमान दरों पर) (1+3+4)
2011-12	3230622 (36.58)	170088 (1.93)	597765 (6.77)	3998475 (45.27)	322897 (3.66)	4151284 (47.00)
2012-13	3764566 (37.69)	177289 (1.77)	610016 (6.11)	4551871 (45.57)	332004 (3.32)	4706586 (47.12)
2013-14	4240767 (37.38)	184581 (1.63)	644060# (5.68)	5069407 (44.68)	374483 (3.30)	5259310 (46.36)
संबंधित भाग में औसत वार्षिक दर का बदलाव						
2011-14	1.09	-8.09	-8.42	-0.65	-4.98	-0.69

टिप्पणी: कोष्ठकों में दर्शाए गए आंकड़े स.घ.उ. की प्रतिशतता को दर्शाते हैं।

*1999-2000 *से लोक लेखा देयताएं राज्य सरकार की विशेष प्रतिभूतियों में निवेश के प्रसार तक लघु बचतों के कारण देयताओं को शामिल नहीं करती हैं।*

31 मार्च 2014 तक लोक लेखा में बकाया देयताओं को ₹6,44,059.71 करोड़ दर्शाया गया था। तथापि, लोक लेखा में बकाया देयताएं का अनुमान ₹12,68,854.39 करोड़ था, लघु बचतों भविष्य निधि आदि के खाते में ₹11,12,803.27 करोड़ था। निर्धारित निधियों एवं जमाओं में ₹1,56,051.12 करोड़ था, जिसे सरकार के सामान्य नगद

शेष में शामिल कर लिया गया था। लघु बचतों, भविष्य निधियों आदि के कारण बकाया देयताएं ₹11,12,803.27 करोड़ थी, विशेष राज्य सरकारी प्रतिभूतियों में समायोजन से संबंधित निवेश ₹5,19,145.06 करोड़, इंडिया इंफ्रास्ट्रक्चर फाइनेंस कंपनी लिमिटेड में ₹1,500 करोड़, निजी निधि प्रबंधकों के साथ डाक घर बीमा निधि में ₹24,773.56 करोड़, एवं संघ वित्त लेखा में राष्ट्रीय लघु बचत निधि के संचालन में संचित घाटा ₹79,376.06 करोड़ का था जिसके कारण निवल लोक लेखा देयताएं ₹6,44,059.71 करोड़ थी। इस पृष्ठभूमि को दृष्टिगत रखते हुए, 31 मार्च 2014 तक संघ सरकार की कुल देयताएं चालू दर पर ₹58,84,104.65 करोड़ थी, जो स.घ.उ. के 51.86 प्रतिशत थी।

चार्ट 1.20 राजकोषीय देयताओं के घटक



	2011-12	2012-13	2013-14
वर्तमान दर पर बाह्य ऋण	322897	332004	374483
लोक लेखा	597765	610016	644060
आन्तरिक ऋण	3230622	3764566	4240767

चार्ट 1.20 से यह स्पष्ट होता है कि 2011-14 की अवधि के राजकोषीय देयताओं के तीनों घटक लगभग एक समान गतिवर्धक थे, किंतु इसके घटकों की वार्षिक वृद्धि विशेषत: बाह्य ऋण में, समय के अनुरूप भिन्न-भिन्न थे। जबकि आंतरिक ऋण व स.घ.उ. के अनुपात में बदलाव में वार्षिक औसत दर 1.09 *प्रतिशत* के साथ सार्थक नकारात्मक बदलाव दर अर्थात (-) 8.42 *प्रतिशत* तथा अन्य दो घटकों के लिए(-) 4.98 *प्रतिशत* थी **(तालिका 1.16)**।

तालिका 1.14: गैर-ऋण प्राप्ति तथा लोक ऋण पुनर्भुगतान

(₹ करोड़ में)

वर्ष	आंतरिक ऋण के मूलधन का पुनर्भुगतान	आंतरिक ऋण पर ब्याज का पुनर्भुगतान	बाह्य ऋण के मूलधन का पुनर्भुगतान	बाह्य ऋण पर ब्याज का पुनर्भुगतान	लोक ऋण का कुल पुनर्भुगतान	कुल गैर-ऋण प्राप्तियां
2011-12	3482343	242569	13586	3501	3741999	96518
2012-13	3410785	281891	16108	4019	3712803	110840
2013-14	3493167	344893	18124	3880	3860064	127171

तालिका 1.14 दर्शाती है कि 2011-12 के दौरान लोक ऋण का पुनर्भुगतान की लागत ₹ 37,41,999 यानि गैर-ऋण प्राप्तियों का 388 प्रतिशत थी जो 2013-14 में 304 प्रतिशत तक घट गई। इसके अतिरिक्त, 2011-12 के दौरान राजस्व प्राप्तियों के प्रति लोक ऋण का कुल पुनर्भुगतान का अनुपात 411 प्रतिशत तक था, जो 2013-14 में 317 प्रतिशत तक घट गया है। निरपेक्ष रूप में पिछले वर्ष की तुलना में ऋण का कुल पुनर्भुगतान ₹1,47,261 तक बढ़ गया था और कुल गैर ऋण प्राप्तियां ₹1,63,307 करोड़ तक बढ़ गई थीं।

1.5.1 घाटे के प्रकार

बॉक्स 1.3: घाटे के प्रकार



(क) राजस्व घाटा

राजस्व घाटा राजस्व व्यय तथा राजस्व प्राप्ति के बीच अंतर को दर्शाता है। राजस्व घाटा बिना तदनुरूप पूंजी/परिसंपत्ति के निर्माण के उधारों में वृद्धि का कारण बनता है। अत: राजस्व घाटे को पूरा करने के लिए, लिए गए उधार का

कोई भी परिसंपत्ति बैक अप नहीं होता तथा यह एक बेमेल परिसंपत्ति व देयता का सृजन करता है। इन कारणों से, राजस्व घाटा साधारणतः कम वांछनीय समझा जाता है। राजस्व घाटे में प्रवृत्तियां तथा उसके कुछ मुख्य मापदंड **तालिका 1.15** में दर्शाये गये हैं।

तालिका 1.15: राजस्व घाटा तथा उसके मापदण्ड

अवधि	राजस्व प्राप्ति	राजस्व व्यय	राजस्व घाटा	प्रतिशतता के रूप में राजस्व घाटा		
	(₹ करोड़ में)			स.घ.उ.	राजस्व प्राप्ति	राजस्व व्यय
2011-12	910277	1305195	394918	4.47	43.38	30.26
2012-13	1055891	1420473	364582	3.65	34.53	25.67
2013-14	1217794	1575097	357303	3.15	29.34	22.68

तालिका 1.15 दर्शाती है कि 2011-12 में राजस्व घाटा ₹3,94,918 करोड़ के स्तर पर था तथा तब से इसने कम होने की प्रवृत्ति को प्रदर्शित किया तथा 2013-14 में ₹ 3,57,303 करोड़ के स्तर तक कम हुआ। वर्ष 2013-14 में राजस्व घाटे में सुधार को राजस्व प्राप्तियों में 15.33 *प्रतिशत* की बढ़ोतरी एवं राजस्व व्यय में 10.89 *प्रतिशत* की बढ़ोतरी के कारण से कहा जा सकता है।

स.घ.उ. के संबंध में, राजस्व घाटा 2011-12 में 4.47 *प्रतिशत* के स्तर पर पहुंच गया। तथापि, धीमी प्रवृत्ति का साक्षी है तथा 2013-14 में यह 3.15 प्रतिशत तक पहुंच गया।

चार्ट 1.21 राजस्व घाटा एवं इसमें स.घ.उ. की प्रतिशतता

(ख) राजकोषीय घाटा

राजकोषीय घाटा गैर-ऋण प्राप्तियों के ऊपर वास्तविक व्यय का आधिक्य है। यह सरकार के अपेक्षित उधारों तथा इसके बकाया ऋण के प्रति वृद्धि को भी इंगित करता है। यह सामान्यत: सरकार की निवल वर्धनीय देयताओं अथवा राजस्व तथा व्यय के मध्य बजटीय अन्तर को पाटने के लिए इसके द्वारा लिए गए अतिरिक्त लोक ऋण को प्रस्तुत करता है। कमी को अतिरिक्त लोक ऋण (आंतरिक अथवा बाह्य) या लोक लेखे से अधिशेष निधियों के प्रयोग द्वारा पूरा किया जा सकता है। मुख्य राजकोषीय मापदंडों के सापेक्ष घाटे की अधिशेष प्रवृत्ति के साथ साथ राजकोषीय घाटा प्रवृत्ति **तालिका 1.16** में इंगित की गई है।

तालिका 1.16: राजकोषीय घाटा तथा इसके मापदण्ड

अवधि	गैर ऋण प्राप्तियां	कुल व्यय	राजकोषीय घाटा	प्रतिशतता के रूप में राजकोषीय घाटा		
	(₹ करोड़ में)			स.घ.उ.	गैर-ऋण प्राप्तियां	वास्तविक व्यय
2011-12	965183	1483064	517881	5.86	53.66	34.92
2012-13	1108404	1602918	494514	4.95	44.61	30.85
2013-14	1271711	1774941	503230	4.44	39.57	28.35

समग्र राजकोषीय घाटा 2011-12 में ₹ 5,17,881 करोड़ था। राजकोषीय घाटे में, 2012-13 में 4.95 *प्रतिशत* की तुलना में चालू वर्ष में स.घ.उ. के 4.44 प्रतिशत का सुधार देखा गया। चालू वर्ष के दौरान राजकोषीय घाटे से स.घ.उ. के अनुपात में सुधार मुख्य रूप से वास्तविक संवितरण में 10.73 *प्रतिशत* की वृद्धि के विरूद्ध कुल गैर-ऋण प्राप्ति में 14.73 प्रतिशत की वृद्धि के कारण था।

चार्ट 1.22 राजकोषीय घाटा एवं इसके मापदण्ड



	2011-12	2012-13	2013-14
गैर-ऋण प्राप्ति	965183	1108404	1271711
वास्तविक व्यय	1483064	1602918	1774941
रा.घा., स.घ.उ. के % के रूप में	5.86	4.95	4.44

यदि राजकोषीय घाटे का अधिकांश वास्तविक व्यय भाग पूंजीगत व्यय को कायम रखने के लिए अथवा पूंजीगत निर्माण हेतु इकाइयों को वित्तीय सुविधायें प्रदान करने के लिए है, तो ऐसे घाटे को एक हद तक वांछनीय समझा जा सकता है। **तालिका 1.17** 2011-14 अवधियों हेतु राजकोषीय घाटे के संघटकों की प्रवृत्ति को दर्शाती है।

तालिका 1.17: राजकोषीय घाटे के संघटक

(प्रतिशत में)

अवधि	राजस्व घाटा	निवल पूंजीगत व्यय	निवल कर्जे एवं पेशगियां
2011-12	76.26	23.44	0.30
2012-13	73.73	25.17	1.10
2013-14	71.00	27.72	1.28

जैसाकि उपरोक्त **तालिका 1.17** से देखा जा सकता है कि राजकोषीय घाटे का बड़ा भाग राजस्व घाटे को वित्तपोषित करने के प्रति जाता है। 2011-14 के दौरान राजकोषीय घाटे के घटक के रूप में निवल पूंजीगत व्यय के संबंधित अंश में थोड़ा सा सुधार था। निवल पूंजीगत व्यय को 2013-14 में राजकोषीय घाटे के 29 *प्रतिशत* तथा राजस्व घाटे के प्रति 71 *प्रतिशत* बताया गया। प्रवृत्ति यह प्रदर्शित करती है कि सरकार के चालू राजस्व (गैर-ऋण प्राप्ति) का एक वृहत *प्रतिशत* ब्याज भुगतान, वेतन एवं पेंशन भुगतान (प्रतिबद्ध व्यय के घटक) में खर्च हो जाता है। यह 2013-14 के लिए कुल गैर-ऋण प्राप्ति के 47.49 *प्रतिशत* के स्तर पर ही रहा।

निम्न **तालिका 1.18** वर्ष 2013-14 में पूर्व वर्षो में बजट के साथ रखे गए मध्य अवधि राजकोषीय नीति विवरणों (म.अ.रा.नि.वि.) में मुख्य राजकोषीय मापदंडों-राजस्व तथा राजकोषीय घाटे के लिए तय किए गए लक्ष्य प्रस्तुत करती है बजट 2012-13 में, वर्तमान वर्ष में राजस्व तथा राजकोषीय घाटे के लक्ष्य में वृद्धि 0.7 तथा 1.0 प्रतिशत थी, जो आगे 2013-14 के अनुमानों में क्रमश: 3.3 तथा 4.8 प्रतिशत तक बढ़ी थी। वास्तविक संदर्भ में, राजस्व घाटा एवं राजकोषीय घाटा दोनों बजट अनुमानों 2013-14 में दर्शाई गई निर्दिष्ट सीमा से नीचे था।

तालिका 1.18: रा.उ.ब.प्र. नियमावली के अन्तर्गत लक्ष्यों के समक्ष परिणाम
(स.घ.उ. के प्रतिशतता के रूप में)

राजकोषीय संकेतक	म.अ.रा.नी.वि. 2011-12 में वर्ष 2013-14 हेतु निर्धारित लक्ष्य	म.अ.रा.नी.वि. 2012-13 में वर्ष 2013-14 हेतु निर्धारित लक्ष्य	म.अ.रा.नी.वि. में बजट अनुमान 2013-14	वास्तविक स्तर
राजस्व घाटा	2.1	2.8	3.3	3.15
राजकोषीय घाटा	3.5	4.5	4.8	4.44

(ग) प्राथमिक घाटा

प्राथमिक घाटे को राजकोषीय घाटे में से ब्याज भुगतानों को घटा कर मापा जाता है। यह वर्तमान वर्ष के राजकोषीय परिचालन का मापक है जिसमें पूर्व में उधार ली गई राशियों के कारण सृजित ब्याज भुगतान की देयता शामिल नहीं है।

पिछले पाँच वर्षों के प्राथमिक घाटे की प्रवृत्ति **तालिका 1.19** में दर्शाई गई है।

तालिका 1.19: प्राथमिक घाटा

(₹ करोड़ में)

वर्ष	राजकोषीय घाटा	कुल ब्याज भुगतान*	प्राथमिक घाटा	स.घ.उ. के प्रतिशत में
2011-12	517881	286982	230899	2.61
2012-13	494514	330171	164343	1.65
2013-14	503230	395200	108030	0.95

* ऋण की कटौती या परिहार पर व्यय सम्मिलत है।

1.5.2 बाह्य ऋण: अप्रयुक्त प्रतिबद्ध बाह्य सहायता

31 मार्च 2014 को, अप्रयुक्त प्रतिबद्ध बाह्य सहायता ₹2,20,277 करोड़ थी। **चार्ट 1.23** विभिन्न स्रोतों से बाह्य सहायता का वर्ष-वार कुल अनाहरित शेष दर्शाता है। सहायता, लेखा एवं लेखापरीक्षा नियंत्रक के कार्यालय से क्षेत्रवार विवरण इंगित करता है कि शहरी विकास (₹39,661 करोड़), परमाणु ऊर्जा (₹30,110 करोड़), सड़कें (₹28.586 करोड़), रेल (₹20,275 करोड़), विद्युत (₹17,112 करोड़), जल संसाधन प्रबंधन (₹12,520 करोड़) एवं पर्यावरण तथा वानिकी (₹11,634 करोड़) क्षेत्रों में बड़े अनाहरित शेष थे।

चार्ट 1.23: अप्रयुक्त प्रतिबद्ध बाह्य सहायता



अनाहरित बाह्य सहायता पर प्रतिबद्धता प्रभार, बाद की तिथियों में आहरण हेतु पुनर्निधारित मूल राशि पर दिये जाते हैं। चूंकि प्रतिबद्धता प्रभारों के भुगतान को दर्शाने के लिए लेखाओं में कोई पृथक शीर्ष नहीं है, इसलिए इसे 'ब्याज देयता' शीर्ष के अन्तर्गत दर्शाया जाता है। **तालिका 1.20** सहायता राशि के बाद की तिथियों में आहरण के पुनर्निधारण के लिए तीन वर्षों की अवधि के दौरान विभिन्न निकायों/सरकारों को भुगतान किए गए प्रतिबद्धता प्रभारों को दर्शाती है।

तालिका 1.20: प्रतिबद्ध प्रभार

(₹करोड़ में)

वर्ष	ए.वि.बैं.	जापान	जर्मनी	अ.वु.वि.बैं.	कुल
2011-12	42.30	20.82	6.24	13.92	83.28
2012-13	47.18	25.67	7.43	12.24	92.52
2013-14	47.46	49.99	9.78	10.09	117.32

स्रोत: सहायता लेखा एवं लेखापरीक्षा नियंत्रक

ए.वि.बैं. = एशियाई विकास बैंक

अ.पु.वि.बैं. = अन्तर्राष्ट्रीय पुनर्निर्माण एवं विकास बैंक

यह निरन्तर अपर्याप्त योजना की ओर संकेत करते हैं जिसका परिणाम 2013-14 में ₹117.32 करोड़ के प्रतिबद्ध प्रभारों के रूप में परिहार्य व्यय में हुआ।

1.6 संघ सरकार की आकस्मिक देयताओं में वृद्धि

संविधान के अनुच्छेद 292 के अनुसार, संघ सरकार ऐसी सीमाओं के भीतर गारंटियाँ दे सकती हैं, यदि कोई है, जो विधि से संसद द्वारा निर्धारित की

गई है। संघ सरकार द्वारा (i) उधारों का पुनर्भुगतान तथा उस पर ब्याज का भुगतान (ii) अंश पूंजी का पुनर्भुगतान तथा न्यूनतम लाभांश का भुगतान (iii) सरकारी कम्पनियों/निगमों, रेलवे, संघ शासित क्षेत्रों, राज्य सरकार, स्थानीय निकायों, संयुक्त स्टॉक कम्पनियों, सहकारी संस्थानों आदि के लिए क्रेडिट आधार पर सामग्रियों तथा उपकरणों के आपूर्तियों हेतु करार के प्रति भुगतान आदि गारंटी दी जाती है। यह गारंटियाँ भा.स.नि. पर आकस्मिक देयता स्थापित करती है। 31 मार्च 2014 को बकाया कुल गारंटियाँ ₹2,49,503 करोड़ थीं।

संघ सरकार की आकस्मिक देयताएं इसलिए उत्पन्न होती है क्योंकि सभी जोखिमों का पूर्वानुमान नहीं लगाया जा सकता। जहां गारंटियां परम्परागत रूप से मापे गए ऋण का भाग नहीं होती, वहां चूक होने की स्थिति में, सरकार के ऋणों में वृद्धि की सम्भावना रहती है। अवसंरचना की बढ़ती हुई निवेश आवश्यकता, इस प्रकार की परियोजनाओं में निजी क्षेत्र की भागीदारी और गारंटियों को आह्वान किए जाने की बढ़ती सम्भावना के संदर्भ में गारंटियों का मामला महत्वपूर्ण हो जाता है। चार्ट 1.24 तथा तालिका 1.21, 2011-14 वित्तीय वर्षों के अन्त तक गारंटियों की अधिकतम राशि, बकाया गारंटीकृत राशियां तथा बकाया बाह्य गारंटियों से संबंधित स्थिति को दर्शाती है।

चार्ट: 1.24 संघ सरकार द्वारा दी गई गारंटियां



तालिका 1.21: संघ सरकार द्वारा दी गई गारंटियां

(₹करोड़ रूपयों में)

	गारंटी की अधिकतम राशि	बकाया गारंटीकृत राशि	बकाया बाह्य गारंटियां	कुल बकाया गारंटियों के प्रतिशत के रूप में बकाया बाह्य गारंटियां
(1)	(2)	(3)	(4)	(5)
2011-12	203056	192501	114387	59.42
2012-13	242915	233769	136864	58.55
2013-14	270629	249503	150373	60.27

गारंटियॉ सामान्यतया अन्तर्राष्ट्रीय अभिकरणों से उधार लेने अथवा सा.क्षे.उ. को बाजार से मुद्रा उधार लेने योग्य बनाने हेतु दी जाती है। 2013-14 में, 31 मार्च 2014 तक बकाया गारंटीकृत राशि (₹2,49,503 करोड़) में से 60 *प्रतिशत* विदेशी कर्जदाता संस्थाओं को गई, 29 *प्रतिशत* आर.बी.आई./बैंकों/ औद्योगिक वित्त निगमों आदि को मूल एवं ब्याज के पुनर्भुगतान, नगद क्रेडिट सुविधा आदि के लिए तथा शेष 11 *प्रतिशत* शेयरपूंजी के पुनर्भुगतान के लिए, न्यूनतम वार्षिक लाभांश के भुगतान हेतु तथा बंधपत्रों, उधारों एवं डिबेंचर/काउण्टर गारंटी आदि के लिए गई। वित्त मंत्रालय द्वारा मुख्य मंत्रालयों/विभागों जिनको गारंटी प्रदान की गई उनमें से उपभोक्ता मामलों, आर्थिक कार्य, नागरिक उड्डयन, ऊर्जा एवं स्टील के मंत्रालय/विभाग थे। मंत्रालयों द्वारा अद्यतन गारंटी रजिस्टरों का अनुरक्षण सरकार के जोखिम की प्रमात्रा सुनिश्चित करने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है।

रा.उ.ब.प्र. नियमावली 2004 के नियम 3(3) में अनुबंधित है कि केन्द्र सरकार को वित्तीय वर्ष 2004-05 से प्रारम्भ किसी भी वित्तीय वर्ष में स.घ.उ. के 0.5 *प्रतिशत* से अधिक गारंटियां नहीं देनी चाहिए। इसके अतिरिक्त रा.उ.ब.प्र. नियम 2004 के नियम 6(1)(व) के अनुपालन में केन्द्र सरकार के लिए राजकोषीय संचालन में वृहत् पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए वार्षिक वित्तीय विवरण प्रस्तुत करते समय गारंटियों के संदर्भ में प्रकटीकरण आवश्यक है। प्राप्ति वजट 2014-15 में संलग्न इस प्रकटीकरण के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए वित्त मंत्रालय द्वारा ₹55,062,03 करोड़ की गारंटियॉ स्वीकृत की गई थी, जो अनुमानित स.घ.उ. के 5 प्रतिशत की सीमा के अंतर्गत थी। आधार वर्ष 2011-12 के स.घ.उ. के नई श्रेणी के अनुसार 2013-14 के दौरान स्वीकृत गारंटियॉ भी 0.5 प्रतिशत की सीमा के अंतर्गत

थी।किसी वित्तीय वर्ष के अन्त में वह गारंटी जो बकाया है उसे आगामी वर्षों में आगे लाया जाएगा क्योंकि उसे कभी भी भुनाया जा सकता है। किसी विशेष वर्ष में गारंटी भुनाए जाने की संभाव्यता के जोखिम अनुमान इसलिए और महत्वपूर्ण हो जाता है जब हम किसी विशेष वर्ष में गारंटी राशि की अधिकतम सीमा का निर्धारण करते हैं।

2013-14 में, कुल बकाया गारंटियाँ स.घ.उ. का 2.20 *प्रतिशत* तथा 2013-14 में संघ सरकार को प्रोद्भूत राजस्व प्राप्तियों का 20.49 *प्रतिशत* थीं।

2: लेखाओं पर टिप्पणियां

संघ वित्त लेखे के प्रस्तुतीकरण (परिशुद्धता, पूर्णता तथा पारदर्शिता) में महत्वपूर्ण कमियों से संबंधित टिप्पणियाँ अनुवर्ती पैरों में दी गई हैं। विनियोग लेखापरीक्षा से उद्भूत टिप्पणियों को इस प्रतिवेदन के अध्याय 3, 4 तथा 5 में सम्मिलित किया गया है। सरकारी खर्च पर नियमितता, मितव्ययता, दक्षता तथा प्रभावकारिता पर अभ्युक्तियां, अनुपालना तथा निष्पादन लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में समाविष्ट कर संसद को पृथक रूप से प्रस्तुत की जाती है।

2.1 पारदर्शिता के मुद्दे

2.1.1 संघ के वित्त लेखों में बारहवें, तेरहवें तथा चौदहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित विवरणियों/सूचनाओं का समावेश न करना

बारहवें वित्त आयोग ने, नवम्बर 2004 में सरकार को प्रस्तुत अपनी रिपोर्ट में अधिक पारदर्शिता लाने एवं विवेकपूर्ण निर्णय लेने हेतु रोकड़ से लेखांकन को प्रोद्भूत आधार पर करने से संबंधित लम्बित परिवर्तन के चलते संघ सरकार के लेखाओं में आठ अतिरिक्त विवरणियों/सूचनाओं को शामिल करने की अनुशंसा की थी। अनुशंसा को सरकार द्वारा सैद्धांतिक रूप में स्वीकार कर लिया गया था।

तेरहवें वित्त आयोग ने पाया था कि वित्त लेखे सभी परिशिष्टों को समावेशित नहीं करते तथा अनुशंसा की, कि (पैरा 7.134 में) वित्त लेखाओं के लिए परिशिष्टों की सूची का बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के अनुरूप मानकीकरण किया जाए एवं इनका अनुपालन सभी राज्यों में किया जाए।

चौदहवें वित्त आयोग ने दिसम्बर 2014 के अपने प्रतिवेदन में प्रोद्भवन आधारित लेखांकन में परिवर्तन हेतु पूर्व आयोगों के दृष्टिकोण की पुष्टि करते हुए संघ एवं राज्य सरकारों के वित्त लेखे में विभिन्न विवरणियों को शामिल करने को दोहराया (पैरा 17.14 में)।

बारहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित अतिरिक्त विवरणियाँ निम्न के संबंध में थीं :

(i) प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष दोनों प्रकार की दी गई आर्थिक सहायता; (ii) विभिन्न विभागों/इकाइयों द्वारा वेतन पर व्यय; (iii) पेंशनभोगियों की विस्तृत जानकारी एवं सरकारी पेंशन पर व्यय; (iv) भविष्य में प्रतिबद्ध देयताएं; (v)ऋण तथा अन्य देयताओं के साथ-साथ पुनर्भुगतान अनुसूची; (vi) सरकार द्वारा खर्च करने के तरीके में परिवर्तन को शामिल करते हुए सरकार के अधिकार में रखी गई वित्तीय परिसम्पत्तियों में वृद्धि या कमी; (vii) भावी रोकड़ प्रवाह के लिए बजट में प्रस्तावित, वर्ष के दौरान अथवा नई योजनाओं पर, सरकार द्वारा लिए गए मुख्य नीति निर्णयों के प्रभाव तथा (viii) वेतन तथा गैर वेतन भाग को अलग दर्शाते हुए अनुरक्षण व्यय।

वर्ष 2013-14 के वित्त लेखाओं की संवीक्षा ने उजागर किया कि बारहवें एवं तेरहवें वित्त आयोग द्वारा अनुशंसित विवरणियों को इसमें सम्मिलित नहीं किया गया था। इस बात का उल्लेख प्रासंगिक है कि (क) भविष्य में प्रतिबद्ध देयताएं तथा (ख) भावी रोकड़ प्रवाह के लिए बजट में प्रस्तावित, वर्ष के दौरान अथवा नई योजनाओं पर, सरकार द्वारा लिए गए मुख्य नीति निर्णयों के प्रभाव पर दर्शाई गई विवरणियों को छोड़कर अधिकतर राज्यों ने अपने लेखाओं में उपरोक्त सभी विवरणियों को समाविष्ट कर लिया था।

वर्ष 2007-08, 2008-09, 2009-10 तथा 2010-11, 2011-12 तथा 2012-13 के लिए संघ सरकार के लेखाओं पर भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में लगातार यह उल्लेखित किया गया था परंतु दस वर्ष बीत जाने के बाद भी विभाग द्वारा कोई कारवाई नहीं की गई थी।

जैसा कि नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के संघ सरकार के वर्ष 2010-11 हेतु लेखे पर प्रतिवेदन में इंगित किया गया, राज्य सरकारों की वित्तीय विवरणियों में बारहवें वित्त आयोग की अनुशंसाओं के कार्यान्वयन की स्थिति उत्साहजनक है। तथापि, संघ सरकार द्वारा इस संबंध में कोई अनुपालना नहीं हुई है।

लेखा महानियंत्रक (ले.म.नि.) ने उत्तर दिया (मार्च 2015) कि इनमें से अधिकांश विवरणियां पहले से ही ई-लेखा, एक दृष्टि में लेखे, वित्त लेखे तथा विभिन्न बजट दस्तावेजों में सार्वजनिक क्षेत्र में थीं। इनमें से कुछ विवरणियां उपचय लेखाकरण से संबंधित हैं जिसे नकद आधारित लेखाओं की मौजूदा संरचना में शामिल नहीं किया जा सकता था।

ले.म.नि. का उत्तर विश्वासप्रद नहीं है क्योंकि वित्त लेखाओं में सं. (V) 'ऋण एवं अन्य देयताएं के साथ-साथ पुनर्भगतान सारणी' पर केवल एक विवरणी उपलब्ध है। वित्त मंत्रालय को संघ के वित्त लेखाओं में उपर्युक्त अतिरिक्त विवरणियों को शामिल करने हेतु एक विशिष्ट समय सीमा निर्धारित करनी चाहिए।

2.1.2 सरकारी लेखों में अपारदर्शिता

संघ सरकार वित्त लेखे 2013-14 की संवीक्षा ने उजागर किया कि लेखों के 16 मुख्य शीर्षों (जो सरकार के कार्यकलापों को प्रस्तुत करते हैं) के अतंर्गत कुल ₹14,073.67 करोड़ के व्यय को लेखों में लघु शीर्ष '800-अन्य व्यय' के अतंर्गत वर्गीकृत किया गया था, जो संबंधित मुख्य शीर्षों के अन्तर्गत दर्ज किए गए कुल व्यय के 50 *प्रतिशत* से अधिक था। यह लेखे में भारी अपारदर्शिता की मात्रा को दर्शाता है। कुछ कार्याकलाप जिनमें व्यय में अपारदर्शिता विद्यमान है वे अन्य सामाजिक सेवाएँ, कृषि वित्तीय संस्थान, बाढ़ नियंत्रण एवं जल निकासी, नागरिक उड्डयन, पूर्वोतर क्षेत्र, मृदा एवं जल सरंक्षण पर पूंजीगत परिव्यय, गैर-फैरस खनन तथा धातुकर्मीय उद्योगों पर पूंजीगत परिव्ययष अन्य दूरसंचार सेवाओं पर पूंजीगत परिव्यय, तथा विदेशी व्यापार एंव निर्यात प्रोत्साहन पर पूंजीगत परिव्यय आदि हैं। 16 मुख्य शीर्षों के विवरण **अनुबंध-2.1** में दिए गए हैं।

कुछ महत्वपूर्ण पहलों पर व्यय जैसे किसानों को अल्प अवधि ऋण पर ब्याज से छूट (₹6,000 करोड़), राजीव गांधी विद्युतीकरण योजना (₹2,593.89 करोड़), असम गैस क्रेकर परिसर को आर्थिक सहायता (₹976.96 करोड़), हज चार्टर के

परिचालन हेतु सब्सिडी (₹680 करोड़), अन्य संबंधित गतिविधियाँ (₹677.60 करोड़), राष्ट्रीय थर्मल पावर निगम (₹536.30 करोड़), अवसंरचना विकास हेतु सहायता की योजना-व्यवहार्यता अंतर निधीयन (₹450 करोड़) को वित्त लेखों में विशिष्ट रूप से नहीं दर्शाया गया था बल्कि लघु शीर्ष, 'अन्य व्यय' में जोड़ा गया था।

इस पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के वर्ष 2007-08, 2008-09, 2009-10, 2010-11, 2011-12 तथा 2012-13 को समाप्त संघ सरकार के लेखाओं पर प्रतिवेदनों में लगातार इस अनुशंसा के साथ टिप्पणी की गई थी कि इस कमी का निदान करने के लिए सरकारी लेखे की सरंचना की सरकार द्वारा एक व्यापक समीक्षा की जाए जिससे वित्तीय रिपोर्ट देने में अधिक पारदर्शिता को प्राप्त किया जा सके। एक अंतरिम उपाय के रूप में, ले.म.नि. ने वित्त लेखे में लघु शीर्ष '800-अन्य व्यय' के अन्तर्गत विलीन महत्वपूर्ण पहलों के ब्यौरों को वित्त लेखे में फुट नोटों के माध्यम से दर्शाया है। सरकार के वर्तमान कार्यकलापों को दर्शाने के लिए लेखे की पुनर्संरचना की बजाए सरकार के भारी व्यय को स्पष्ट ढ़ंग से दर्ज करने के लिए कुछ नये लघु शीर्ष खोलने हेतु टुकड़ों में की गई कार्यवाही मदद नहीं कर सकती है।

ले.म.नि. ने उत्तर (मार्च 2015) दिया कि वे विभिन्न मंत्रालयों/विभागों को ब.अ./स.अ. तैयार करने के चरण पर लघु शीर्ष '800-अन्य व्यय' के अंतर्गत प्रावधान करते समय सावधानी बरतने तथा भारी व्यय के मामले में नए लघु शीर्षों को खोले जाने हेतु लगातार सलाह दे रहे थे।

2.1.3 सरकारी लेखे से बाहर पड़ी लोक निधियाँ

वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (आ.का.वि.) ने जनवरी 2005[1] में सभी मंत्रालयों तथा सरकारी विभागों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया था कि नियामक निकायों की निधियों को लोक लेखे में अनुरक्षित किया जाए।

[1] भारत सरकार, वित्त मंत्रालय, आर्थिक कार्य विभाग (बजट प्रभाग) का.ज्ञा.सं. एफ.1 (30)-बी (ए.सी.)/2004 दिनांक 07 जनवरी 2005

चौदह नियामक निकायों एवं स्वायत्त निकायों, जो अपने क्षेत्र विशेष में नियामक के रूप में कार्य करते हैं, के वार्षिक लेखों की संवीक्षा ने प्रकट किया कि जनवरी 2005 में जारी उपरोक्त अनुदेशों के विपरीत ये निकाय मार्च 2014 के अंत तक शुल्क प्रभारों, भारत सरकार से प्राप्त अव्ययित अनुदानों, सरकारी अनुदानों पर अर्जित ब्याज, लाईसेंस शुल्क की प्राप्ति, कोष निधि आदि के माध्यम से सृजित कुल ₹5,917.44 करोड़ की निधियों को, सरकारी लेखाओं से बाहर रख रहे थे। ऐसे निकायों तथा उनके द्वारा रखी गई निधियों को **अनुबंध 2.2** में दर्शाया गया है।

नियामक निकायों, नामत: भारतीय प्रतिभूति एवं विनियम बोर्ड (भा.प्र.वि.बो.) बीमा नियामक एवं विकास प्राधिकरण (बी.नि.वि.प्रा.) तथा पेंशन निधि नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पे.नि.नि.वि.प्रा.), के संबंध में इस मुद्दे पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक के वर्ष समाप्ति 2007-08, 2008-09, 2009-10, 2010-11, 2011-12 तथा 2012-13 हेतु संघ सरकार के लेखों पर प्रतिवेदनों में टिप्पणियाँ की गई थीं।

वित्त मंत्रालय ने अपनी कार्रवाई टिप्पणी में बताया (सितम्बर 2011) कि सरकारी लेखे में निधि को प्रचालित करने हेतु भारतीय लोक लेखे के ब्याज वहन न करने वाले वर्ग में मुख्य शीर्ष '8235-सामान्य तथा अन्य आरक्षित निधि' के अंतर्गत क्रमश: 'भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (भा.प्र.वि.बो.) निधि' तथा 'बीमा नियामक तथा विकास प्राधिकरण (बी.नि.वि.प्रा.) निधि' के नाम से अलग निधियाँ खोली जाएंगी। इसने आगे बताया (फरवरी 2014) कि 'बी.नि.वि.प्रा. अधिनियम की धारा 16 के अनुसार', प्राधिकरण द्वारा प्राप्त सभी सरकारी शुल्क एवं प्रभार, केन्द्रीय सरकार द्वारा तय किये ऐसे अन्य स्त्रोतों से प्राधिकरण द्वारा प्राप्त सभी राशियां बी.नि.वि.प्रा. निधि का भाग होगी। भा.प्र.वि.बो. निधि तथा बी.नि.वि.प्रा. निधि को सरकारी लेखे में लेखाबद्ध करने हेतु दो वर्षों से अधिक की अवधि बीत जाने के बाद भी, मंत्रालय द्वारा कोई कार्रवाई नहीं की गयी थी।

आर्थिक कार्य विभाग (आ.का.वि.) वित्त मंत्रालय ने बताया (दिसबंर 2014) कि लोक लेखे में भा.प्र.वि.बो. सामान्य निधि से संबंधित मामले को अंतिम राय लेने हेतु कानूनी मामले विभाग को प्रेंषित कर दिया था। आ.का.वि. का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि इसने जुलाई 2010 में पहले ही कानूनी मामले विभाग की राय ले ली है जिसमें विधि एवं न्याय मंत्रालय ने सलाह दी थी कि भा.प्र.वि.बो. द्वारा प्राप्त सभी निधियाँ लोकधन है तथा भारत सरकार की ओर से प्राप्त सभी लोकधन लोक लेखे का भाग होगा जैसा भारत के संविधान के अनुच्छेद 266(2) में परिभाषित किया गया है। भा.प्र.वि.बो. अधिनियम, 1992 की धारा 15 जे.ए. के तहत दण्डों के माध्यम से भा.प्र.वि.बो. द्वारा वसूल की गई सभी राशियां भा.स.नि. को क्रेडिट की जानी चाहिए।

भारतीय चिकित्सा परिषद् (भा.चि.प.) के संबंध में, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने उत्तर दिया (दिसंबर 2014) कि आधिक्य निधि का उपयोग स्टाफ मकानों के निर्माण हेतु भूमि की खरीद के लिए किया जाएगा तथा ₹50 करोड़ की राशि का 2014-15 में भा.चि.प. स्टाफ पेंशन निधि लेखे को अतंरण किया गया था।

इसके अतिरिक्त, भारतीय नर्सिंग परिषद (भा.न.प.) ने उत्तर दिया (मार्च 2015) कि वह अपने स्वयं की कार्यालय बिल्डिंग की खरीद हेतु आधिक्य निधि का उपयोग करेगी तथा वह ₹25 करोड़ की लागत पर एक परियोजना 'नर्सों हेतु कम्प्यूटर लाईव पंजिका' का विचार कर रहा था।

भा.चि.प. के संबंध में मंत्रालय का उत्तर तथा भा.न.प. का उत्तर तर्कसंगत नहीं है। इन निकायों द्वारा किए गए नियामक कार्यों से उत्पन्न राजस्व को सरकारी लेखाओं का भाग बनना चाहिए तथा इन निकायों द्वारा किए गए व्यय को बजटीय प्रक्रिया की सीमा के अंदर लाया जाना चाहिए जिससे संसदीय संवीक्षा के माध्यम से पारित किया जा सके। इसलिए, नियामक निकायों के पास पड़ी आधिक्य निधियों को लोक लेखे में प्रकट हो रही केन्द्रीय विद्युत नियामक आयोग निधि, भारतीय टेलीकॉम नियामक प्राधिकरण निधि

आदि की तर्ज पर उपयुक्त लेखांकन प्रक्रिया/नियमावली तैयार करके सरकारी लेखाओं में लाया जाना चाहिए।

2.1.4 सीमाशुल्क प्राप्तियों को कम बताया जाना तथा राज्यों को कम आवंटन

निर्धारत प्रक्रिया के अनुसार, उद्ग्रहित अग्रिम सीमाशुल्क प्राप्ति, जो आगामी अवधि से संबंधित हो, को लोक लेखे के अंतर्गत प्रतीक्षारत उचंत शीर्ष[2] में रखा जाता है। राशि को भारत की समेकित निधि (स.नि.) में उस वर्ष क्रेडिट किया जाता है जिस वर्ष से संग्रहित अग्रिम कर संबंधित होता है।

वित्त लेखे की संवीक्षा से प्रकट हुआ कि वित्तीय वर्ष 2013-14 में प्रारम्भिक शेष के रूप में प्रतीक्षारत उचंत शीर्ष के अंतर्गत ₹222.56 करोड़ उपलब्ध था। इसे वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान भारत की समेकित निधि में सीमा शुल्क प्राप्ति के रूप में लेखांकित किया जाना था। तथापि, यह राशि उचंत लेखे में लेखांकित हुई। इसके परिणामस्वरूप वित्तीय वर्ष 2013-14 में भारत सरकार की सीमाशुल्क प्राप्तियों को ₹222.56 करोड़ से कम बताया गया। सीमाशुल्क प्राप्तियों के रुप में संग्रहित राशि वितरणीय कर संग्रह का हिस्सा है जिसका वितरण केन्द्र तथा राज्य के बीच किया जाता है। इस राशि का भारत की समेकित निधि में क्रेडिट न होने का तात्पर्य वित्तीय वर्ष 2013-14 में वित्त आयोग द्वारा निदेशित राज्यों को आवंटन में कमी होना है।

इस मामले पर 2010-11, 2011-12 तथा 2012-13 को समाप्त वर्ष के लिए संघ सरकार के लेखे पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में भी टिप्पणी की गई थी, परंतु लोक लेखे से पूर्ण शेष का भा.स.नि. में उपयुक्त प्राप्ति शीर्ष में निपटान करने हेतु कोई सुधारत्मक कार्रवाई नहीं की गयी थी।

राजस्व विभाग के.सी.उ.शु. ने बताया (नवम्बर 2014) कि ₹143.44 करोड़ की राशि का अप्रैल 2013 में निपटान कर दिया गया था। इसने आगे बताया कि

[2] 8658-136-प्राप्ति शीर्ष में अन्तरण हेतु प्रतीक्षित सीमाशुल्क प्राप्तियाॅ

कथित शीर्ष के अंतर्गत बाकि शेष का निपटान करने के लिए ठोस कदम उठाए जा रहे हैं।

2.2 लोक लेखे के संबंध में अभ्युक्तियाँ

2.2.1 सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि

सार्वभौमिक सेवा दायित्व (सा.से.दा.) निधि[3] को अप्रैल 2002 में राष्ट्रीय टेलीकॉम नीति (रा.टे.नी.) 1999 में सार्वभौमिक सेवा उद्देश्यों के महत्व को प्राप्त करने हेतु स्थापित किया गया था। भारतीय टेलीग्राफ (संशोधन) अधिनियम 2003 ने सा.से.दा. निधि को सांविधिक महत्व दिया तथा निर्धारित किया कि निधि का उपयोग केवल आधारभूत टेलीग्राफ सेवाओं को पहुँच प्रदान करते हुए सार्वभौमिक सेवा दायित्व को पूरा करने हेतु किया जाना है, यथा, सार्वजनिक दूरसंचार एवं सूचना सेवाएं तथा ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों में घरेलू टेलीफोन का प्रावधान जैसा कि केन्द्रीय सरकार समय-समय पर निर्धारित करे। इसमें ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में मोबाइल सेवाओं का प्रावधान, चरणबद्ध रूप से गाँवों में ब्रॉडबैंड जुड़ाव का प्रावधान ग्रामीण तथा दूरस्थ क्षेत्रों में टेलीकॉम क्षेत्र में नए प्रौद्योगिकीय विकासों के प्रवर्तन को प्रोत्साहन आदि की अवसंरचनाओं के विकास पर बल देना आदि विचारित थे। सा.से.दा. निधि को पूरा करने के लिए संसाधनों को "सार्वभौमिक पहुँच उगाही" (सा.प.उ.) के माध्यम से एकत्र किया जाना था। सा.से.दा. से संबंधित क्रियाकलापों का कार्यान्वयन पात्र सेवादाताओं द्वारा किया जाना था, जिन्हें नियमों के अनुसार आर्थिक सहायता प्राप्त होनी है।

इस निधि का प्रबंधन दूरसंचार विभाग (दू.वि.) द्वारा किया जाता है। सा.से.दा. के प्रति प्राप्त उगाही को सर्वप्रथम भारत की समेकित निधि में जमा किया जाता है, तथा बाद में केन्द्र सरकार समय-समय पर कथित उद्देश्यों के प्रति

[3] 8235.118 सा.से.दा. निधि

विशिष्ट रूप से प्रयोग करने के लिए भारत के लोक लेखा में सा.से.दा. निधि की प्राप्तियां जमा करती है तथा यह एक गैर-व्यपगत निधि है।

सा.से.दा. निधि में शेषो के कम बताए जाने के मामले पर वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12 तथा 2012-13 के संघ सरकार के लेखे पर नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के प्रतिवेदन में टिप्पणी की गई थी। लोक लेखा समिति (लो.ले.स.) ने अपने चौदहवें प्रतिवेदन (पन्द्रहवीं लोक सभा 2009-10) में भी वित्त मंत्रालय द्वारा निधियाँ, जो केवल सा.से.दा. क्रियाकलापों के लिए है, से अन्य कार्यक्रमों के लिए विपथन को अस्वीकृत किया था।

पहले के वर्षों के दौरान सा.से.दा. निधि पर नि.म.ले.प. की लेखापरीक्षा अभ्युक्ति के बावजूद यह पाया गया था कि दु.वि. ने वर्ष 2013-14 के दौरान सार्वभौमिक पहुँच उगाही के प्रति ₹7896.39 करोड़ की कुल प्राप्तियों में से लोक लेखे में सा.से.दा. निधि को केवल ₹2,163.45 करोड़ का अंतरण किया था। उगाही के कम अतंरण का परिणाम वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए सा.से.दा. निधि के अंत शेष को ₹5732.94 करोड़ तक कम बताए जाने में हुआ। सा.से.दा. निधि में अतं शेष का समग्र कम कथन 31 मार्च 2014 को ₹33,682.86 करोड़ की सीमा तक था।

इसके अतिरिक्त, 2002-03 से 2013-14 के दौरान ₹ 58,579.35 करोड़ के कुल उगाही संग्रहण के प्रति इन अवधियों के दौरान निधि से केवल ₹ 24,896.49 करोड़ (ग्रामीण दायित्वों को पूरा करने हेतु 2002-03 से 2005-06 की अवधि में भा.सं.नि.लि. को कुल ₹ 6,948.64 करोड़ के लाइसेंस शुल्क एवं स्पैक्ट्रम प्रभारों की प्रतिपूर्ति को ध्यान में रखते हुए जैसा दर्शाया गया है) आर्थिक सहायता का संवितरण किया गया था ₹ 33,682.86 करोड़ की शेष उगाही का सा.से.दा. को अतंरण नहीं किया गया था तथा इसका उपयोग कथित उद्देश्यों, जिसके लिए उगाही थी, से अलग उद्देश्यो हेतु किया गया था। सा.शे.क्ष. की स्थापना से ही इसके उद्देश्यों के लिए संग्रहित उगाही तथा इसके उपयोग के ब्यौरे **चार्ट 2.1** में दर्शाए गए हैं।

चार्ट 2.1: सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि



	2002-03	2003-04	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
भा.सं.नि.लि. से लाइसेंस शुल्क एवं स्पैक्ट्रम प्रभारों की प्रतिपूर्ति	2300	2300	1756.68	582.96	0	0	0	0	0	0	0	0
संवितरण	300	200	1314.59	1766.85	1500	1290	1600	2400	3100	1687.96	625	2163.45
सा.प.उ. संग्रहण	1653.61	2143.22	3457.73	3215.13	3940.73	5405.8	5515.14	5778	6114.56	6723.57	6735.47	7896.39

लो.ले.स. ने अपने चौदहवें प्रतिवेदन (पंद्रहवी लोकसभा 2009-10) में शामिल अपनी अनुशंसाओं में पाया कि सरकार को सा.प.उ. के रूप में एकत्रित पूरी राशि को सा.से.दा. निधि में क्रेडिट करने में कोई समस्या नहीं होनी चाहिए थी जबकि मुख्य रूप से निधि का उपयोग केवल सार्वभौमिक सेवा दायित्व के लिए होना चाहिए था।

इस प्रकार, संबंधित वर्षों के वित्त लेखा में सा.से.दा. निधि के अंतर्गत 'शून्य' शेष दर्शाना लो.ले.स. की अनुशंसाओ के उल्लघंन में था जो स्पष्ट रूप से निर्धारित करती थी कि सा.प.उ. के रूप में एकत्रित पूर्ण राशि का सा.से.दा. निधि को क्रेडिट किया जाना चाहिए।

संचार एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय, दूरसंचार विभाग ने अपने उत्तर (नवम्बर 2014) में बताया कि:

i) तथ्यों एवं आकड़ो पर सहमत है परंतु सा.प.उ. के अतंर्गत पूर्ण सग्रंहण का सा.से.दा. निधि को अतंरण स्वत: नहीं होता है। इसकी बजाए, निधि को क्रेडिट वह राशि की जाएगी, जिसे भारतीय तार (संशोधन) अधिनियम,

2003 के प्रावधानों के अनुसार ससंदीय स्वीकृतियों के माध्यम से प्राप्त किया गया हो।

ii) मामले को लो.ले.स. की चिंताओ को सूचित करते हुए मई 2012 के दौरान वित्त मंत्रालय (वि.मं.) के साथ उठाया गया था। समिति के समक्ष यह प्रस्तुत किया गया था कि सा.से.दा. निधि को अतंरण विभाग की आवश्यकता तथा किसी भी वित्तीय वर्ष में विभाग की व्यय करने की क्षमता तथा सरकारी देयता को समाहित लोक लेखे में रखी अप्रयुक्त निधियों के आधार पर किया गया था। भा.ता. अधिनियम, 1885 के संशोधन को स्वीकृत करते समय मंत्रीमण्डल ने दू.वि. को सा.से.दा. निधि को अतंरित की जाने वाली राशी को अंतिम रूप देते समय वि.मं. से सलाह करने का निर्देश दिया था।

iii) बाद में, वि.मं. को फिर से इस मामले में सिफारिश की गई थी तथा वि.मं. ने सूचित किया (जनवरी 2014) कि सरकार पर राष्ट्रीय ऑपटिकल फाईबर नेटवर्क (रा.आ.फा.ने.) के कार्यान्वयन हेतु ₹20,100 करोड़ की प्रतिबद्धता थी जिसे सा.से.दा. निधि से वित्तपोषित किया जाना था। जब कभी योजना प्रारम्भ होती है तो सरकार सा.से.दा. निधि के माध्यम से इस योजना हेतु निधियां प्रदान करने के लिए बाध्य होगी। कैबिनेट सचिवालय ने निर्देश दिया (जुलाई 2003) कि दू.वि. सा.से.दा. निधि को अंतरित की जाने वाली राशि को अंतिम रूप देते समय वि.मं. से परामर्श करे। भा.ता. अधिनियम 2003 की धारा व 9ख भी निर्दिष्ट करती है 'धारा 4 के अतंर्गत सार्वभौमिक दायित्व के प्रति प्राप्त कुल धन को पहले भारत की समेकित निधि को क्रेडिट तथा केन्द्र सरकार, यदि संसद इस संबंध में विधि द्वारा किए गए विनियोग से प्रावधान करती है तो, ऐसी प्राप्तियों का केवल सार्वभौमिक सेवा दायित्वों हेतु उपयोग किए जाने के लिए समय-समय पर विधि को क्रेडिट करेगी'। वह यह नहीं कहता था कि ऐसी सभी प्राप्तियों को निधियों को क्रेडिट किया जाएगा। इसके अतिरिक्त लोक लेखे में धन को अवरोधित रखना संसाधनो को उपयोग करने का सबसे

विवेकपूर्ण तरीका नहीं होगा तथा इस दृष्टांत में, वि.मं. विधिक प्रावधानों का कोई उल्लंघन नहीं कर रहा था।

iv) यह प्रत्याशित है कि सा.से.दा.नि. को उपचयो की राशि का वर्तमान में चल रही योजनाओं के साथ-साथ सा.से.दा. निधि की नई योजनाओं जैसे कि रा.आ.फा.ने., वामपंथी उग्रवाद प्रभावित क्षेत्रों में उत्तरपूर्वी क्षेत्रों हेतु मोबाइल संचार सेवाओं की योजना के वित्तपोषण तथा कार्यान्वयन में उपयोग किया जाएगा।

मंत्रालय/विभाग का उत्तर इस तथ्य के दृष्टांत से स्वीकार्य नहीं है कि एक विशिष्ट उद्देश्य उगाही होने से, उगाही के पूर्ण संग्रहण को, प्रारम्भ में भा.स.नि. को क्रेडिट किए जाने के पश्चात, लोक लेखे में सा.से.दा. को अतिरिक्त किया जाना चाहिए। योजना के अतंर्गत कथित उद्देश्यों पर व्यय को पूरा करने के पश्चात सा.से.दा. निधि को पारदर्शी रूप से अप्रयुक्त शेषों में दर्शाया जाना चाहिए।

2.2.2 अनुसंधान तथा विकास उपकर निधि के अंतर्गत संग्रहित उपकर का कम उपयोग

1986 में अनुसंधान तथा विकास उपकर अधिनियम को विकसित प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोग को बढ़ावा देने हेतु प्रौद्योगिकी के आयात करने तथा घरेलू अनुप्रयोग को विस्तृत करने तथा उसके साथ संबंधित अथवा प्रासंगिक मामलों हेतु किए गए सभी भुगतानों पर उपकर की उगाही तथा संग्रहण के प्रावधान हेतु लागू किया गया था। अधिनियम की धारा 3 प्रौद्योगिकी के आयात के प्रति किए गए सभी भुगतानों पर उद्ग्रहित तथा संग्रहित किए जाने वाले उपकर के संग्रहण की ऐसी दरों जो 5 प्रतिशत से अधिक न हों, जैसा कि केन्द्र सरकार राजपत्र में, समय-समय पर अधिसूचना द्वारा निर्धारित करे, का प्रावधान करती है।

अधिनियम ने प्रौद्योगिकी विकास बोर्ड (प्रौ.वि.बो.) द्वारा संचालित की जाने वाली प्रौद्योगिकी विकास तथा अनुप्रयोग हेतु एक निधि के सृजन को समर्थ

किया। निधि का अनुरक्षण सरकारी लेखे से बाहर किया जाता है। निधि को अनुसंधान तथा विकास उपकर अधिनियम 1986 जैसा कि 1995 में संशोधित किया गया, के अंतर्गत औघोगिक मामलों द्वारा प्रौद्योगिकी के आयात पर सरकार द्वारा संग्रहित उपकर से, भारत सरकार द्वारा जारी अनुदानों से क्रेडिट किया जाता है। विज्ञान एवं तकनीकी विभाग द्वारा अनुसंधान एवं विकास उपकर संग्रहण का प्रबंधन किया जाता है। अधिनियम की धारा 4 उदग्रहित तथा संग्रहित उपकर की प्राप्ति को प्रारम्भ में भारत की समेकित निधि में क्रेडिट किया जाना अपेक्षित करती है तथा सरकार, संसद की स्वीकृति से विकास बैंक (इस मामले में पहले भारतीय औघोगिक विकास बैंक) को निधि के उद्देश्य हेतु उपयोग किए जाने के लिए अपेक्षित ऐसी राशि अदा करगी।

तालिका 2.1 में दिए गए आंकड़ों में यह पाया गया है कि 1996-97 से 2013-14 तक की अवधि के दौरान ₹4876.71 करोड़ की सीमा तक का उपकर संग्रहित किया गया था। इसमें से, उसी अवधि के दौरान प्रौ.वि.बो. को सहायता अनुदान के रूप में ₹542.41 करोड़ (11.12 प्रतिशत) मात्र संवितरित किए गए थे। प्रौ.वि.बो. ने, इसके बदले सरकार द्वारा उपलब्ध कराई गई निधियों में से स्वदेशी प्रौद्योगिकी के वाणिज्यिक अनुप्रयोग का प्रयास कर रहे अथवा घरेलू अनुप्रयोग को विस्तृत करने हेतु आयातित प्रौद्योगिकी को अपनाने से संबंधित औद्योगिक मामलों हेतु ₹1,217.77 करोड़ की वित्तीय सहायता तथा ऋण संवितरित किए।

तालिका 2.1: अनुसंधान एवं विकास उपकर का संग्रहण तथा इसका उपयोग

(₹ करोड़ में)

वर्ष	संग्रहित उपकर	प्रौ.वि.बो., को जारी अनुदान	प्रो.वि.बो. द्वारा उघोगो को किए गए संवितरण
1996-97	80.13	29.97	शून्य
1997-98	81.42	49.93	30.14
1998-99	81.10	27.99	36.99
1999-00	88.93	50.00	85.23
2000-01	98.91	62.79	101.73
2001-02	95.30	57.00	53.44
2002-03	99.47	56.00	107.11

वर्ष	संग्रहित उपकर	प्रौ.वि.बो., को जारी अनुदान	प्रो.वि.बो. द्वारा उद्योगो को किए गए संवितरण
2003-04	133.74	53.65	53.86
2004-05	53.98	48.10	57.91
2005-06	176.61	42.66	89.23
2006-07	186.56	4.32	74.98
2007-08	254.09	19.00	63.01
2008-09	310.33	0.00	81.60
2009-10	418.22	0.00	55.04
2010-11	592.22	5.00	64.19
2011-12	702.54	0.00	48.00
2012-13	685.62	22.50	116.21
2013-14	737.54	13.50	99.10
कुल	**4876.71**	**542.41**	**1217.77**

उपरोक्त तालिका से, यह देखा जा सकता है कि अधिनियम के अंतर्गत उपकर का संग्रहण काफी अधिक है। तथापि, प्रत्याशित उद्देश्यों हेतु उपकर प्राप्ति का उपयोग इष्टतम नहीं है। इस प्रकार उपकर प्राप्ति का वर्षों से सरकार के राजस्व घाटे का वित्तपोषण करने हेतु आंशिक रूप से उपयोग किया जा रहा है। अपेक्षित उद्देश्यों हेतु प्राप्ति के कम उपयोग तथा उपकर की उगाही की दर के मुद्दे को पिछले वर्ष भी उठाया गया था, तथापि प्रवृति वैसी ही बनी हुई है।

2.2.3 बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि में विसंगतियां तथा निरंतर प्रतिकूल शेष

लोक लेखे[4] के अतंर्गत बीड़ी श्रमिक क्ल्याण निधि को बीड़ी स्थापनाओं में लगे व्यक्तियों के कल्याण को प्रोत्साहित करने हेतु उपायों को वित्तपोषण प्रदान करने के लिए बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि अधिनियम, 1976 सृजित किया गया था। इस उद्देश्य हेतु, सरकार ने उत्पादित बीड़ियों पर उत्पाद शुल्क के रूप में एक उपकर को प्रारम्भ किया। उपकर के संग्रहण को प्रांरम्भ में भा.स.नि. से क्रेडिट किया जाता है तथा बाद में विनियोग के माध्यम से लोक लेखे में बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि को अंतरित किया जाता है।

[4] मु.शीर्ष 8229.200 - अन्य विकास तथा कल्याण निधि

निधियों में से प्राप्तियों से काफी अधिक व्यय होने के कारण वर्षों से बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि में प्रतिकूल शेष हुआ था। 2008-09 से 2013-14 की अवधि के दौरान बीड़ी श्रमिक कल्याण निधि में व्यय, प्राप्तियों तथा अंत शेष के संबंध में समग्र स्थिति को **चार्ट 2.2** में दर्शाया गया है।



उपरोक्त चार्ट दर्शाता है कि 2008-09 से 2013-14 की अवधि के दौरान निधि में निरंतर प्रतिकूल शेष था, जो कि 2008-09 में ₹(-)53.51 करोड़ से 2011-12 में ₹(-) 205.75 करोड़ तक लगातार बढ़ा है। 2012-13 में यह ₹(-)200.46 करोड़ कम हुआ तथा बाद में 2013-14 में यह ₹(-) 194.16 करोड़ तक घटा।

इस मामले पर वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 की समाप्ति पर नियंत्रक महालेखापरीक्षक द्वारा संघ सरकार के लेखे पर प्रतिवेदन में टिप्पणी भी की गयी थी।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों से सहमत हुआ (फरवरी 2015) तथा बताया कि मंत्रालय भविष्य में प्रतिकूल शेषों को कम करने के लिए उपचारी उपायों की खोज कर रहा था।

2.2.4 शिक्षा उपकर का लेखा-जोखा

(क) प्राथमिक शिक्षा उपकर

प्राथमिक शिक्षा हेतु गैर-व्यपगत निधि को प्रारम्भिक शिक्षा कोष[5] (प्रा.शि.को.) के रूप में जाना जाता है जिसे लोक लेखे में आरक्षित निधियों के गैर-कर वाले अनुभाग के अतंर्गत 2005-06 में क्रेडिट किया गया था। यह निधि सर्वशिक्षा अभियान योजना तथा दोपहर के भोजन की योजनों के अतंर्गत प्रारम्भिक शिक्षा हेतु व्यय आवश्यकता को पूरा करने के लिए है। 2004 के वित्त अधिनियम (सं.2) के माध्यम से सभी केन्द्रीय करों पर 2 प्रतिशत प्राथमिक शिक्षा उपकर को वसूली की गई थी। उपकर संग्रहण को प्रारम्भ में भा.स.नि. को क्रेडिट किया जाता है तथा बाद में ससंदीय प्राधिकरण प्राप्त करने के पश्चात इसे प्राथमिक शिक्षा पर व्यय को वित्तपोषित करने हेतु प्रा.शि.को. को अतंरित किया जाता है।

मुख्य लेखा नियंत्रक (मु.ले.नि.), मानव ससांधन विकास विभाग राजस्व विभाग में ले.म.नि. केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड तथा केन्द्रीय उप्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड के समन्वय से प्रा.शि.को. के लेखाओं के अनुरक्षण हेतु उत्तरदायी है।

2004-05 से 2013-14 की अवधि के संघ के वित्त लेखाओं की संवीक्षा ने प्रकट किया कि भा.स.नि. में प्राथमिक शिक्षा उपकर के ₹1,30,599 करोड़ के कुल सग्रंहण के प्रति प्रा.शि.को. को केवल ₹1,19,197 करोड़ का अतंरण किया गया था जिसका परिणाम ₹11,402 करोड़ के कम अतंरण में हुआ। 2004-14 की अवधि के दौरान, कुछ वर्षों में अतंरण एकत्रित उपकर से अधिक था जबकि कुछ वर्षों में यह एकत्रित उपकर से कम था जैसा **चार्ट 2.3** में दर्शाया गया है। इस प्रकार, मानव संसाधन विकास विभाग के मु.ले.नि. तथा राजस्व विभाग में ले.म.नि., केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड/केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड के बीच कोई समाधान नहीं है

[5] मुख्य शीर्ष 8229.127 प्रारम्भिक शिक्षा कोष

चार्ट 2.3: प्राथमिक शिक्षा उपकर का सग्रंहण तथा प्रा.शि.को. को इसका अतंरण



	2004-05	2005-06	2006-07	2007-08	2008-09	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
कुल उपकर संग्रहण	4177	7136	9069	11722	11741	11623	14451	16899	20946	22837
प्रा.शि.को. को अन्तरण	0	0	8935	10393	12817	12258	15805	18334	20667	19988
कम/अधिक अंतरण	4177	7136	134	1329	-1076	-635	-1354	-1435	279	2848

नकारात्मक आकड़े प्रा.शि.को. को अधिक अतंरण को दर्शाते है।

(ख) माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा उपकर

माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा उपकर (मा.उ.शि.उ.) को माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा की प्रतिबद्धता को पूरा करने के लिए वित्त अधिनियम 2007 में प्रारम्भ किया गया था।

2006-14 की अवधि के संघ के वित्त लेखाओं की संवीक्षा ने प्रकट किया कि ₹52,268.65 करोड़ के मा.उ.शि.उ. का कुल सग्रंहण किया गया था। तथापि, प्राथमिक शिक्षा उपकर में प्रा.शि.को. के सृजन को अलग करने के मुकाबले में न तो इसमें उ.मा.शि.उ. की प्राप्तियों को मॉनीटर करने हेतु एक नामित निधि नहीं है और न ही चयनित योजनाएं है जिन पर उपकर प्राप्तियों का व्यय किया जाना था। परिणामस्वरूप, माध्यमिक एवं उच्चतर शिक्षा के उद्देश्य को सहायता हेतु उपकर के उपयोग जैसा कि वित्त अधिनियम में अभिकल्पित है, संघ के लेखाओं से पारदर्शीरूप से पता लगाने योग्य नहीं था।

2.2.5 नवीकरण आरक्षित निधि के अंतरण को गलत दर्शाया जाना

अनुदान सं. 25-आयुध फैक्ट्री में, भारतीय समेकित निधि (भा.स.नि.) '2079.00.797-नवीकरण एवं प्रतिस्थापन (न.प्र.) निधि में अंतरण' से शीर्ष के

माध्यम से, लोक लेखे में शीर्ष '8226.102' में 2013-14 हेतु संघ वित्त लेखे के विवरण सं. 13 में ₹375 करोड़ की राशि अंतरित की गयी थी। इसके अतिरिक्त, नवीकरण एवं प्रतिस्थापन पर शीर्ष 2079.00.106-नवीकरण एवं प्रतिस्थापन के अंतर्गत ₹697.01 करोड़ का व्यय किया गया था तथा लोक लेखा में नवीकरण एवं प्रतिस्थापन निधि से राशि पूर्ण की गई थी।

तथापि, वि.व. 2013-14 हेतु संघ लेखे के विवरण सं.9 में ₹(-)322.01 करोड़ की राशि भा.स.नि. से लोक लेखे में शीर्ष 2079.00.797-न.प्र. निधि में अतंरण के अतंर्गत अतंरित राशि के साथ व्यय की निवल राशि द्वारा गलत प्रकार से अतंरित करना दिखाया गया था। रक्षा मंत्रालय के केन्द्रीय अतंरण विवरण (के.अं.वि.) में भी, इस अतंरण को गलत प्रकार से दर्शाया गया था। लोक लेखा में अतंरण की निवल राशि दिखाने के बजाय, के.अं.वि. और विवरणी सं. 9 में इन अतंरणो को सही दर्शाया जाना (i) ₹375 करोड़ की राशि का लोक लेखा में अंतरण कर देना, (ii) मुख्य शीर्ष 2079 के अतंर्गत उपयुक्त लघु शीर्ष को नवीकरण एवं प्रतिस्थापन पर ₹697.01 करोड़ वास्तविक व्यय को दर्ज एवं खर्च करना, और (iii) मुख्य शीर्ष 2079 के अतंर्गत कुल ₹697.01 करोड़ का उपयुक्त लघु शीर्ष 'घटायी हुई राशि को रिजर्व निधि से पूर्ण करने' का परिचालन करना होना चाहिए था।

यह लेखांकन प्रक्रिया संकेत करेगी कि 2013-14 में नवीकरण एंव प्रतिस्थापन पर ₹697.01 करोड़ का व्यय किया गया था, जिसे चिन्हित निधि में पहले से उपलब्ध शेषों में से ₹322.01 करोड़ की सीमा तक आंशिक रूप से वित्तपोषित किया गया था तथा जो वित्त लेखे की विवरणी सं.13 में नवीकरण एंव आरक्षित निधि को 2013-14 में अंतरित ₹375 करोड़ की राशि से अधिक था।

इस मामले पर टिप्पणी नि.म.ले. के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन (वर्ष 2011-12 की सं. 1 का पैरा 2.3.9; 2013 की सं. 1 का पैरा 2.2.4; 2014 की सं. 1 का पैरा 2.2.4) में लगातार प्रकाशित हो रही थी परंतु ले.म.नि. द्वारा रक्षा

मंत्रालय में र.ले.म.नि. के साथ समन्वय से कोई सुधारात्मक उपाय नहीं किए गए थे।

2.2.6 राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि

आयात किए गए कोयले तथा भारत में उत्पादन किए गए कोयले पर स्वच्छ ऊर्जा उपकर की उगाही करके स्वच्छ ऊर्जा प्रौद्योगिकी में अनुसंधान एवं परिवर्तनात्मक परियोजनाओं के निधीयन हेतु 2010-11 में राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि (रा.स्व.ऊ.नि.) की स्थापना की गई थी।

वर्ष 2010-11 से 2013-14 के दौरान स्वच्छ ऊर्जा उपकर[6] संग्रहण, कुल ₹ 9,780.92 करोड़ का संग्रहण किया गया था। इसके विपरीत, लोक लेखा में राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि[7] को केवल ₹ 4,216.46 करोड़ का ही अंतरण हुआ था। वांछित उद्देश्य को प्राप्त करने हेतु चिन्हित निधि से ₹ 5,564.46 करोड़ के उपकर का कम अंतरण हुआ, जैसा **तालिका** 2.2 में दिया गया है:

तालिका 2.2: स्वस्छ ऊर्जा उपकर

(₹करोड़ में)

वर्ष	संग्रहित स्वच्छ ऊर्जा उपकर (0038.03.112)	राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि में अंतरण (2810.797)	उपकर का कम अंतरण
2010-11	1066.46	--	1066.46
2011-12	2579.55	1066.46	1513.09
2012-13	3053.19	1500.00	1553.19
2013-14	3081.72	1650.00	1431.72
योग	**9780.92**	**4216.46**	**5564.46**

2013 तथा 2014 के म.नि.ले.प. प्रतिवेदन सं.1 में मामले को इंगित किये जाने के बावजूद, 2013-14 में ₹1,431.72 करोड़ तक कम अतंरण था।

म.ले.नि. ने उत्तर दिया (नवम्बर 2014) कि वित्त मंत्रालय से उत्तर अभी तक प्रतीक्षित था, पिछला अनुस्मारक नवम्बर 2014 में भेजा गया था तथा उचित समय में अंतिम स्थिति बता दी जाएगी।

[6] मु.शी. 0038.03.112- स्वच्छ ऊर्जा उपकर

[7] मु.शी. 8235.129- राष्ट्रीय स्वच्छ ऊर्जा निधि

2.2.7 महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत शेषों का अनियमित प्रतिधारण

ग्रामीण महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा प्रदान करने तथा उनमें बचत आदत को बढ़ावा देने के लिए महिला एंव बाल विकास विभाग द्वारा योजना का नोडल अभिकरण होने से, अक्टूबर 1993 में महिला समृद्धि योजना (म.स.यो.) को शुरू किया गया था। योजना के अतंर्गत, 18 वर्ष या उससे अधिक की आयु वाली ग्रामीण महिलाएं अपने स्वंय के क्षेत्र के ग्रामीण डाक घर में अपना बचत खाता खोल सकती है। जमा का शीर्ष 8013.101- ग्रामीण महिला समृद्धि योजना के अंतर्गत लोक लेखे में हिसाब रखा गया था।

योजना को इस शर्त के साथ जुलाई 2001 से बंद कर दिया गया था कि म.स.यो. खाते को या तो बचत बैंक खाते में परिवर्तित किया जाए या फिर आहरण की अनुमति प्रदान करके खाते को बंद किया जाए। तथापि, यह पाया गया था कि 31 मार्च 2014 को शीर्ष 8013.60.101-ग्रामीण महिला समृद्धि योजना के अतंर्गत ₹3.10 करोड़ की राशि पड़ी थी। खातो को बचत बैंक खातों में परिवर्तित करने या खातो को बदं करने हेतु कोई कार्रवाई नहीं की गई है।

इंगित किए जाने पर, डाक विभाग ने बताया कि संबंधित वे.ले.का. को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दे दिए गए हैं।

2.2.8 आयकर कल्याण निधि

वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग ने तीन वर्षों की अवधि तक 2006-07 एंव 2007-08 में ₹30 करोड़ प्रत्येक तथा 2008-09 में ₹40 करोड़ के तीन भागों में अतंरित ₹100 करोड़ के कार्पस के साथ आयकर कल्याण निधि (आ.क.नि.) का सृजन किया गया था। निधि को (i) आयकर विभाग के कर्मचारियों के कल्याण, मनोरंजन तथा अन्य बाह्य गतिविधियों के उन्नयन, (ii)चोट अथवा दुर्घटना जैसी आकस्मिकताओं के दौरान कर्माचारियों को वित्तीय सहायता प्रदान करने, (iii) मृत कर्माचारियों/अधिकारियों के परिवार को अनुग्रह भुगतान प्रदान करने, (iv) कर्माचारियों को आपातकालीन एवं गम्भीर संकट हेतु, जो कि के.स.स्वा.यो. प्रतिपूर्ति नियमावली के अंतर्गत पूर्णत: प्रतिपूर्ति योग्य नहीं

है, जोखिम बीमा सहित चिकित्सा अनुरक्षण के विभीन्न प्रकारों को प्रदान करने तथा (v) कर्माचारियों के उपयोग हेतु अवकाश गृहों का निर्माण करने/किराए पर लेने/पट्टे पर लेने/साजसज्जा/अनुरक्षण आदि उद्देश्यों की पूर्ति हेतु सृजित किया गया था। कार्पस निधि पर एकत्रित ब्याज तथा अन्य संवृद्धियो, जैसा आयकर कल्याण निधि नियमावली 2007 के पैरा 3 में निर्दिष्ट है, को उपर्युक्त उद्देश्यों पर व्यय को पूरा करने के लिए उपयोग किया जाना था।

नि.म.ले.प. निधि के सृजन इस निधि द्वारा आच्छदित की जाने वाली प्रस्तावित गतिविधियों को विभाग के वार्षिक बजट में शामिल करने तथा सामान्य बजटीय प्रक्रिया के माध्यम से वित्तपोषित करने के आधार पर सहमत नहीं थे। लोक लेखे के ब्याज वहन करने वाले वर्गों के अंतर्गत निधि का सृजन सम्पति की अग्रिम खरीद के मामलें में सरकार द्वारा अदा की गई क्षतिपूर्ति से अधिक नीलामी से प्राप्त आधिक्य राशि के 10 प्रतिशत के व्यय, जिसे अन्यथा भा.स.नि. को क्रेडिट जाता है, के अतिरिक्त राजकोष को ब्याज की आवर्ती देयता का भार डालता है। चूंकि निधि का उपयोग, संसद में प्रस्तुत किए गए अनुदानों की मांगों की तरह मानक विषय शीर्षों के माध्यम से सूचित नहीं किया जाएगा और इस प्रकार, यह प्रक्रिया पारदर्शी नहीं होगी। इसके अतिरिक्त, सामान्य वित्तीय नियमावली (सा.वि.नि.) किसी एक वर्ग के लोगों या व्यक्तियों के लाभ हेतु लोक धन से व्यय अनुमत नहीं करती जब तक कि व्यय मान्यता प्राप्त नीति या रीतियों के अनुसरण में नहीं हो। इसके अतिरिक्त, यदि उद्देश्य कर्मचारियों/अधिकारियों के परिवार के सदस्यों, जिन्होने अन्वेषण/गिरफ्तारी कार्रवाई के दौरान क्षति/मृत्यु का सामना किया हो, को आवृत करने तथा कर्मचारियों के लिए उच्च जोखिम बीमे के प्रावधान को शामिल करने हेतु भारत सरकार की निर्दिष्ट योजना के अंतर्गत प्रावधान को शामिल करने हेतु भारत सरकार की निर्दिष्ट योजना के अंतर्गत प्रावधान किया जा सकता है या ऐसे उद्देश्यों हेतु किसी भी योजना के प्रावधानों में सम्मिलित किया जा सकता है। उल्लेखित अन्य उद्देश्यों को मंत्रालय की अनुदानों हेतु

माँग में मानक विषय शीर्षों 'पुरस्कार', 'चिकित्सा उपचार', 'कार्यालय व्यय', 'सहायता अनुदान' के अंतर्गत सम्मिलित किया जा सकता है।

इस मामले पर नि.म.ले.प. के वर्ष 2008-09, 2010-11, 2011-12 एवं 2012-13 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं.-1 में टिप्पणी की गई थी। सितम्बर 2010 की अपनी कार्रवाई टिप्पणी में मंत्रालय ने बताया कि निधि का सृजन जनवरी 1998 में विस्तृत जांच के पश्चात किया गया था। इसने यह भी बताया कि निधि के सृजन की उत्पत्ति स्वैच्छिक आय घोषणा योजना-97, जिसमें सामान्य कर संग्रहण से अधिक, लगभग ₹10,700 करोड़ के अतिरिक्त कर का संग्रहण किया गया था, के सफलतापूर्वक कार्यान्वयन में निहित है। मंत्रालय ने बाद में बताया (जून 2014) कि निधि की प्रकृति को स्पष्ट रूप से संसद को प्रस्तुत तथा उसके द्वारा सहमत 1998-99 के बजट प्रस्तावों के संबंध में प्रस्तुत किया गया था; अत: इसकी पुन: स्वीकृति पंजीकृत नीति अथवा रीतियों के प्रतिकूल होगी क्योंकि कैबिनेट के निर्णय स्वयं किसी भी योजना पर सरकारी नीति को दर्शाते हैं। उसने यह भी बताया कि महा लेखा नियंत्रक के सहयोग से प्र. मुख्य लेखा नियंत्रक द्वारा अभिकल्पित लेखांकन की अत्यंत सविस्तार योजना के दृष्टिकोण से यह भी संदेह करने का कोई कारण नहीं था कि निधि के उपयोग को संसद को प्रस्तुत अनुदानों की मांगों की तरह मानक विषय शीर्षों के माध्यम से सूचित नहीं किया जाएगा। इसे केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एवं सीमा शुल्क बोर्ड द्वारा उपलब्ध तथा संचालित समान निधियों के साथ समानान्तर भी देखा जा सकता है। मंत्रालय ने यह भी तर्क दिया कि चूंकि निधि को ऐसे व्यय के उद्देश्य तथा कार्यप्रणाली के संबंध में सरकार के अंतर्गत विस्तृत जांच के पश्चात सृजित किया गया था इसलिए निधि को समाप्त किए जाने का कोई औचित्य नहीं था। मंत्रालय ने स्पष्ट किया (सितम्बर 2014) कि ₹100 करोड़ की संचित निधि से कोई व्यय नहीं किया गया था तथा प्रारम्भ से ही इस निधि में कोई ब्याज भी क्रेडिट नहीं किया गया था।

लेखापरीक्षा ने पाया कि के.प्र.क.बो. ने आ.क.नि. का सृजन करने हेतु उनकी स्वीकृति की मांग करते हुए अप्रैल 1998 में "कैबिनेट हेतु नोट" प्रस्तुत किया था। जून 1998 में सचिव (राजस्व) ने पाया कि आ.क.नि. को सृजित करने के प्रस्ताव को कैबिनेट द्वारा बजट दस्तावेज के एक भाग के रूप में स्वीकृत किया गया था। तथापि, मई 2003 में सचिव (व्यय) ने कैबिनेट की स्पष्ट स्वीकृति कि मांग हेतु प्रस्ताव को अस्वीकार कर दिया। बाद में, जनवरी 2006 में सचिव (व्यय) द्वारा इस आधार पर प्रस्ताव को स्वीकृत किया गया था कि बजट प्रस्ताव संसद में बहस और चर्चा से गुजरेंगे तथा इसे कैबिनेट की मौन स्वीकृति के रूप में माना जाना था। तथापि, के.प्र.क.बो. में यह दर्शाने के लिए कोई अभिलेख नहीं थे कि अप्रैल 1998 में प्रस्तुत प्रारम्भिक नोट के संबंध में कैबिनेट की स्वीकृति प्राप्त हो गई थी। वर्तमान मामले में, विधि का सृजन करने हेतु कैबिनेट की स्वीकृति प्राप्त करने के प्रक्रिया से समझौता किया गया था तथा कथित स्वीकृति को कैबिनेट की सुस्पष्ट स्वीकृति के रूप में नहीं माना जा सकता।

निधि को स्थापित करने के अंतर्निहित उद्देश्य, स्टाफ कल्याण, मनोरंजन एंव बाहरी गतिविधियों को बढ़ावा, आपात स्थिति हेतु विभिन्न प्रकार के चिकित्सा रखरखाव प्रदान करना, पर्यटकों की रूचि वाले स्थानों पर अवकाश गृहो का निर्माण/किराए पर लेना/पट्टे पर लेना तथा विभागीय अतिथि गृह, आवासीय परिसरों के निर्माण/किराए पर लेने के लिए विभाग के अधिकारियों/स्टाफ को अनुपुरक कर्जों की वृद्धि आदि थे। कर्मचारियों के एक वर्ग के संबंध में निधि से पूरा किए जाने वाले प्रस्तावित उपर्युक्त व्यय का औचित्य संदिग्ध रहता है क्योंकि सरकार के पास सभी केन्द्रीय सरकारी कर्माचारियों तथा उनके परिवारों के लाभ हेतु पहले से ही अलग प्रावधान अथवा योजनाएं हैं जो आयकर विभाग के अधिकारियों/स्टाफ को भी शामिल करती हैं। प्रस्तावित कल्याण उपायों पर व्यय के अनुमानों को एक नामित कल्याण निधि से इन व्ययों का वित्तपोषण का सहारा लिए बिना विभाग की अनुदानों हेतु संबधित मांगो में व्यय की प्रकृति के सुसंगत उपयुक्त विषय शीर्षों के अतंर्गत अनुमानों की

ससंदीय स्वीकृति प्राप्त करके विभाग की सामान्य बजटीय प्रक्रिया के माध्यम से वित्तपोषित किया जा सकता है जैसा वित्तीय शक्तियों का प्रत्यायोजन नियमावली 1978 के नियम 8 के तहत निर्धारित है। विभिन्न मदों हेतु अतिरिक्त वित्तीय सहायता जो या तो आमतौर पर लागू नियमावली के अंतर्गत सरकार द्वारा प्रदत से अधिक हो या फिर कुल मिलाकर नए विषयों पर हो, वित्तीय औचित्य के मानको के उल्लंघन में है। इसके अतिरिक्त, सामान्य वित्तीय नियमावली भी लोगों के एक वर्ग अथवा व्यक्तिगत के लाभ हेतु लोकधन से व्यय को अनुमत नहीं करती है। अन्य विभाग में अनुरूप प्रकृति के एक निधि की केवल उपस्थिति अन्य विभागों में निष्पादन प्रोत्साहन एवं पारिश्रमिक हेतु एक समान निधि स्थापित करने का आधार नहीं है। लेखापरीक्षा का तर्क है कि लोक लेखे में किसी आ.वि.नि. को संचालित करने की कोई आवश्यकता नहीं है तथा कल्याण गतिविधियों पर व्यय, जैसा विभाग द्वारा विचार किया गया था, को उपयुक्त विषय शीर्षों के माध्यम से पूरा किया जा सकता है तथा यदि व्यय योजना में शामिल होता है तथा वित्तीय औचित्य के मानको को पूरा करता है जैसा विभिन्न वित्तीय नियमावालियों में निर्धारित है, तो ऐसे व्यय को सीधे भारत की समेकित निधि को डेबिट किया जा सकता है। लोक लेखे में खोली गई आ.क.नि. को बंद किया जाए तथा शेष को भारत की समेकित निधि में जमा किया जाए।

प्रत्युतर में, के.प्र.क.बो. ने बताया (दिसंबर 2014) कि विभाग में, लेखापरीक्षा की पुनरीक्षण टिप्पणियो पर विचार करने के पश्चात, जून 2014 में मॉनीटरिंग कक्ष, व्यय विभाग को पिछले पैरा पर अंतिम क.रि. पहले ही प्रस्तुत कर दी थी। उसने आगे बताया कि लेखापरीक्षा द्वारा अब प्रस्तुत पैरे ने पहले की अभ्युक्तियों को दोहराया जिसे पर पहले ही विचार किया गया तथा क.रि. में उत्तर दिया गया था।

फिर भी मंत्रालय का उत्तर यह स्वीकार नहीं करता है कि लेखापरीक्षा ने किसी भी स्तर पर आ.क.नि. को जारी रखने के विभाग के कार्य को सहमति दी थी। वास्तव में, क.रि. के उत्तर में भी लेखापरीक्षा की पुनरीक्षण टिप्पणियों

ने स्पष्ट रूप से आ.क.नि. के समापन तथा कथित निधि में उपलब्ध शेष को भारत की समेकित निधि में डालने का समर्थन किया था जिसकी अनुपालना की जानी चाहिए।

2.2.9 सीमा शुल्क तथा उत्पाद शुल्क कल्याण निधि

निधियों का सृजन: सरकारी कर्माचारियों को पारिश्रमिक प्रदान करने से संबंधित नीतियों तथा प्रक्रियों के उदारीकरण के एक भाग के रूप में, विभाग ने वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग एफ.सं.13011/3/85-एड.वी. दिनाँक 30 मार्च 1985 के माध्यम से तीन निधियों नामत: (i) सीमा शुल्क कल्याण निधि, (ii) निष्पादन पुरस्कार निधि, तथा (iii) तस्करी-निरोधी उपकरण के अधिग्रहण हेतु सीमा शुल्क विशेष निधि का सृजन करने का निर्णय लिया। तीन निधियों के सृजन हेतु राष्ट्रपति की संस्वीकृति वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग, भारत सरकार के पत्र सं. 711/8/86- सी.यू.एस. (ए.एस.) दिनाँक 20 जनवरी 1987 के माध्यम से प्रदान की गई थी। रीति के अनुसार, मुख्य लेखा नियंत्रक, केन्द्रीय उत्पाद शुल्क एंव सीमा शुल्क बोर्ड (के.उ.सी.बो.) प्रत्येक वित्तीय वर्ष संबंधित मुख्य शीर्ष को डेबिट करके उस राशि के बराबर जिसे इन तीन निधियो के लिए सरकार द्वारा बजट में संस्वीकृत किया गया हो, अतंरण प्रविष्टि करने हेतु उत्तरदायी है।

निधियों के उद्देश्य: निधि के उद्देश्य स्टाफ कल्याण को बढ़ावा, मनोरंजन क्लबों/पुस्तकालयों की स्थापना; कर्मचारियों के बच्चो हेतु छात्रवृति; आर्थिक सहायता प्राप्त परिवहन सुविधा; दुर्घटना, ऑपरेशन अथवा कार्रवाई के परिणाम से हुई मृत्यु अथवा क्षतियों के मामलों में अनुग्रह-भुगतान; बाढ़, भूकम्प, सूखे जैसी प्राकृतिक आपदाओं से हुई कठनाईयों का निपटान तथा विशेष प्रवृति के तस्करी विरोधी उपकरणों का प्रापण आदि थे।

वित्तपोषण का साधन: तीन निधियों के वित्तपोषण का साधन सीमा शुल्क/उत्पादन शुल्क द्वारा जब्त माल की बिक्री प्राप्तियों तथा 1985-86 के आगे से अपील/संशोधन में वसूली तथा रखे गए जुर्मानों, दण्डो जिसे मुख्य

लेखा नियंत्रक, के.उ.सी.बो. तथा वित्त मंत्रालय के वित्तीय सलाहकार द्वारा सत्यापित तथा सुनिश्चित किया गया है, के 10 प्रतिशत का अतंरण है। तीन निधियो के बीच 10 प्रतिशत के क्रेडिट का संवितरण सीमा शुल्क कल्याण निधि के एक प्रतिशत, निष्पादन पुरस्कार निधि को चार प्रतिशत तथा तस्कर निरोधी उपकरणों के अधिग्रहण हेतु सीमा शुल्क विशेष निधि को पांच प्रतिशत था।

निधियों का विलयन: एकल आस्तित्व बनाने के लिए सीमा शुल्क कल्याण निधि तथा निष्पादन पुरस्कार निधि मंत्रालय के आदेश सं.712/1/2005-सी.यू.एस (ए.एस.), दिनाँक 12 अक्तूबर 2006 के माध्यम से विलयन कर दिया गया था, जिसे सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क कल्याण निधि कहा जाता है। इसके अतिरिक्त, 12 अक्तूबर 2006 से (i) सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क कल्याण निधि तथा (ii) तस्करी निरोधी उपकरण के अधिग्रहण हेतु विशेष निधि के बीच निधियों का आवंटन 1:1 के अनुपात में रहा है अर्थात् दो निधियों के बीच 10 प्रतिशत के क्रेडिट का संवितरण दोनों में से प्रत्येक को पांच प्रतिशत है।

निधियों की लेखांकन प्रक्रिया में निम्नलिशित शामिल है:

- मु.ले.नि. जब्त माल, वसूले गए जुर्मानों, दण्डों की राशि को सूचित करता है।
- अ.वि.मॉ. में मुख्य शीर्ष 2037 (सीमा शुल्क) से लघु शीर्ष (आरक्षित निधि एवं जमा लेखा) को 10 प्रतिशत राशि अंतरित की जाती है।
- शासी निकाय द्वारा पी.डी. लेखाओं को बजट की गई राशि के अतंरण हेतु प्राप्त मंत्रालय की संस्वीकृति।
- विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत क्षेत्र गठनों से प्राप्त प्रस्ताव जिसकी परामर्शी समिति द्वारा उचित प्रकार से सिफारिश की गई हो।
- समेकित वित्त इकाई के सहयोग के पश्चात शासी निकाय द्वारा संस्वीकृत राशि।

जब्त/कुर्क माल की बिक्री प्राप्तियों तथा 2008-09 से 2013-14 के दौरान निधियों को अंतरित राशि के ब्यौरे **तालिका 2.3** में दिए गए हैं:

तालिका 2.3: निधि का स्रोत

(₹ करोड़ में)

वर्ष	जब्त/कुर्क माल की बिक्री प्राप्ति की राशि	बिक्री प्राप्तियों की 10 प्रतिशत राशि	सीमा शुल्क एंव उत्पाद शुल्क कल्याण निधि को अंतरित 5 प्रतिशत	सीमा शुल्क विशेष उपकरण निधि को अंतरित 5 प्रतिशत
2008-09	105.25	10.52	5.26	5.26
2009-10	85.32	8.53	**4.27	**4.27
2010-11	0	0	0	0
2011-12	0	0	0	0
2012-13	70.82	*5.58	2.79	2.79
2013-14	0	0	0	0
योग	**261.39**	**24.63**	**12.32**	**12.32**

* मंत्रालय के पत्र दिनांक 06 मार्च 2013 के अनुसार

** पूर्णांकित करने के कारण ₹0.01 करोड़ के आँकड़े में अंतर

2008-09 से 2013-14 के दौरान निधियों में लेन-देनों तथा शेषों, जैसे के.उ.सी.बो. द्वारा प्रदान किया गया, के ब्यौरों को नीचे **तालिका 2.4** में दर्शाया किया गया है:

तालिका 2.4: निधियों का लेन-देन

(₹ करोड़ में)

निधि का नाम	वर्ष	अन्य शेष	प्राप्ति	संवितरण	अंत शेष
सीमा शुल्क एंव केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कल्याण निधि	2008-09	108.94	5.26	2.24	111.96
	2009-10	111.96	4.27	2.89	113.34
	2010-11	113.34	0	2.81	110.53
	2011-12	110.53	0	2.75	107.78
	2012-13	107.78	2.79	6.92	103.65
	2013-14	103.65	0	5.81	97.84
		योग	**12.32**	**23.42**	
विशेष उपकरण निधि	2008-09	53.26	5.26	1.49*	57.03
	2009-10	57.03	4.27	14.04*	47.26
	2010-11	47.26	0	7.51*	39.75
	2011-12	39.75	0	4.15*	35.6
	2012-13	35.6	2.79	6.21*	32.18
	2013-14	32.18	0	9.61*	22.57
		कुल	**12.32**	**43.01**	

**संवितरित राशि में प्रतिदाय घटाकर संस्वीकृत राशि शामिल है।*

तथापि, उपर्युक्त निधि के संबंध में के.उ.सी.बी. द्वारा प्रदत्त आँकड़े वित्त लेखे में प्रकट हो रहे आँकड़ों से मेल नहीं खाते हैं। वर्ष 2013-14 हेतु, वित्त लेखे के अनुसार अथ शेष, अंत शेष तथा लेन-देनों का ब्यौरा **तालिका 2.5** में दिया गया है जो अभिलेखों के दो सेटों के बीच काफी विभिन्नताओं का दर्शाता है।.

तालिका 2.5: वित्त लेखे तथा विभाग की बहियों में असंगति/अंतर

निधि का नाम	अथ शेष			प्राप्ति			संवितरण			अंत शेष		
	वि.ले. के अनुसार	के.उ.सी.बो. के अनुसार	अंतर	वि.ले. के अनुसार	के.उ.सी.बो. के अनुसार	अंतर	वि.ले. के अनुसार	के.उ.सी.बो. के अनुसार	अंतर	वि.ले.के अनुसार	के.उ.सी. बो. के अनुसार	अंतर
सीमा शुल्क एंव उत्पाद शुल्क कल्याण निधि	105.08	103.65	1.43	1.68	0	1.68	8.01	5.81	2.20	98.76	97.84	0.92
विशेष उपकरण निधि	33.01	32.18	0.83	0	0	0	9.49	9.61	(-)0.12	23.52	22.57	0.95

इन दो निधियों से वित्तपोषित व्यय की नमूना जांच की गई थीं तथा लेखापरीक्षा निष्कर्षों का नीचे संक्षिप्त विवरण दिया गया है:

(I) सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क कल्याण निधि

(i) पेंशन एवं पेंशनर कल्याण विभाग के का.आ.सं. 38/37/08-पें.पें.क.(ए.) दिनाँक 2 सितंबर 2008 के अनुसार-केन्द्र सरकारी असैनिक कर्मचारियों के परिवारों, जो सरकारी दायित्वों के निष्पादन, आतंकी हमले अथवा प्राकृतिक आपदा के दौरान मारे गए हैं, को कल्याण निधि में से एकमुश्त अनुग्रह क्षतिपूर्ति देय है यह पाया गया था कि कल्याण निधि में से विभाग ने 2008-09 से 2013-14 के दौरान दुर्घटना के कारण/आतंकी हिंसा को आरोपणीय या दायित्वों के निष्पादन के दौरान हुई मृत्यु के संबंध में ₹25 लाख, प्राकृतिक मृत्यु के 350 मामलों के संबंध में ₹381.50 लाख का अनुग्रह भुगतान तथा खिलाड़ियों के 7 मामलों के संबंध में ₹20.02 लाख का 3 मामलों में अनुग्रह भुगतान किया। तथापि, ₹381.50 लाख तथा ₹20.02 लाख के भुगतान कल्याण निधि से भुगतान हेतु का.प्र.वि. की अधिसूचना के

अंतर्गत शामिल नहीं थे तथा इस प्रकार इनका परिणाम अनियमित भुगतान में हुआ।

(ii) विभाग के इतिहास के संबंध में जानकारी को प्रोत्साहित करने के लिए पंजी, गोवा में एक संग्रहालय की स्थापना पर कल्याण निधि से ₹715 लाख का व्यय किया गया था, जिसे सामान्य बजट प्रक्रिया से वित्तपोषित किया जा सकता था।

(iii) 2008-09 से 2013-14 के दौरान, निजी अस्पतालों से उपचार पर चिकित्सा सहायता व्यय के 919 मामलों में कल्याण निधि से ₹472.75 लाख का व्यय किया गया था। वह कर्मचारी के.स.स्वा.यो. (एम.ए.)/के.स.स्वा.यो. नियमावली के अंतर्गत भी आवृत्त थे तथा व्यय को सामान्य बजटीय प्रक्रिया से वित्तपोषित किया जा सकता था।

(iv) विभाग के पत्र सं. 712/1/2005-सी.यू.एस.(ए.एस.), दिनांक 12.10.2006 के अनुसार, अक्टूबर 2006 में निष्पादन पुरस्कार निधि का सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कल्याण निधि के साथ विलयन कर दिया गया था। दो निधियों के विलयन के बावजूद, निष्पादन पुरस्कार निधि को 2013-14 तक वित्त लेखे में दर्शाया जाना जारी था। उपरोक्त आदेश के प्रतिकूल 2012-13 तक कल्याण निधि के अंश का सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कल्याण निधि के बजाए अनियमित रूप से निष्पादन पुरस्कार निधि को अंतरण भी किया जा रहा था।

(II) सीमा शुल्क विशेष उपकरण निधि

(i) वित्त मंत्रालय ने दिसंबर 1999 में "कम से कम समय में विशेष प्रवृत्ति के तस्करी निरोधी उपकरणों तथा तस्करी निरोधी/अपवंचन निरोधी उद्देश्य हेतु वाहनों के प्रापण" के लिए अधिसूचना जारी की। शासी निकाय, लॉजिस्टिक्स, सीमा शुल्क एवं उत्पाद शुल्क ने 2008-09 से 2013-14 के दौरान विशेष उपकरण के अनुरक्षण/उन्नयन हेतु

उपकरण के प्रापण हेतु स्थापित विशेष उपकरण निधि में से ₹15 करोड़ की संस्वीकृति जारी की। वित्तीय सलाहकार (वित्त) यह बताते हुए कि "विशेष उपकरण निधि" केवल उपकरण के प्रापण के लिए ही थी, लेन-देन से असहमत (मार्च 2013) थे। अनुरक्षण व्यय को विशेष गोपनीय निधि (वि.गो.नि.) से पूरा किया जाना चाहिए था, जिसका उस सीमा तक सवंर्धन किया जाना अपेक्षित था। विभाग ने उपकरण के अनुरक्षण/उन्नयन हेतु ₹13.49 करोड़ का व्यय किया जो अनियमित था।

(ii) विडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली को विभाग की स्वीकृति सूची के अनुसार तस्करी निरोध हेतु एक विशेष उपकरण के रूप में वर्गीकृत नहीं किया गया था। नई दिल्ली तथा चेन्नई में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्रणाली के प्रापण एवं संस्थापना हेतु विशेष उपकरण निधि में से अनियमित रूप से ₹0.32 करोड़ का व्यय किया गया था।

(iii) वित्त मंत्रालय, राजस्व विभाग के 28 अक्टूबर 2005 के अनुदेश के अनुसार बचत खाते/चालू खाते में पड़े शेषों का तुरंत निजी जमा खाते में अंतरण किया जाना था। अभिलेखों की संवीक्षा ने प्रकट किया कि राजस्व खुफिया निदेशालय को 2008-09 से 2013-14 की अवधि के दौरान विशेष उपकरण निधि में से ₹15 करोड़ का आबंटन किया गया था। यह पाया गया था कि राजस्व खुफिया निदेशालय निजी जमा खाते के बजाए अभी भी बचत खाता चला रहा था। इस प्रकार, राजस्व खुफिया निदेशालय ने अक्टूबर 2005 में जारी उपर्युक्त अनुदेशों के विपरीत कुल ₹15 करोड़ की निधियों को सरकारी लेखे से बाहर रखा।

(iv) शासी निकाय, लॉजिस्टिक्स निदेशालय, सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क ने 2008-09 से 2013-14 की अवधि के दौरान विशेष तस्करी निरोधी उपकरण के प्रापण अथवा उनके अनुरक्षण हेतु ₹43.01[8] करोड़

[8] संवितरित राशि में प्रतिदाय घटाकर संस्वीकृत राशि शामिल है।

की संस्वीकृतियां जारी की। विभाग ने केवल ₹11.00 करोड़ उपयोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत किया। ₹32.01 करोड़ की संस्वीकृतियों के संबंध में उपयोग प्रमाणपत्रों को नवम्बर-2014 तक प्रस्तुत नहीं किया गया था।

उपरोक्त नमूना जांचों ने प्रकट किया कि विभाग ने सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कल्याण निधि से ₹23.42 करोड़ में से ₹15.89 करोड़ तथा विशेष उपकरण निधियों से ₹43.01 करोड़ में से ₹13.80 करोड़ के अनियमित व्यय किए थे। इस प्रकार, ₹66.43 करोड़ के कुल व्यय में से ₹29.69 करोड़ का अनियमित व्यय उन उद्देश्यों/लक्ष्यों के प्रतिकूल था जिसके लिए संबंधित निधियों का सृजन किया गया था तथा समय-समय पर जारी वित्त मंत्रालय के अनुदेशों के भी प्रतिकूल था।

इसके अतिरिक्त, विभाग ने विशेष उपकरण निधियों के बजाए सामान्य बजट में से पेट्रोलिंग समुद्रीय जलयानों, कन्टेनर स्कैनरों आदि जैसे कुछ अन्य तस्करी निरोधी विशेष उपकरण का प्रापण किया। इस प्रकार, विभाग में प्रापण के दो स्रोत थे जिन्हें आमतौर पर सामान्य बजटीय प्रक्रिया से वित्तपोषित किया जाना था।

इसलिए, यह देखा जा सकता था कि के.उ.सी.बो. की कल्याण निधि से वित्तपोषित लगभग सभी कल्याण गतिविधियों का, अन्य विभागों के सरकारी कर्मचारियों को, उन विभागों में किसी भी कल्याण निधि का सृजन किए बिना, सामान्य बजटीय प्रक्रिया तथा वर्तमान नियमावली, जो ऐसे व्यय को नियंत्रित करती है, के माध्यम पहले से ही विस्तार किया जा रहा है। चूंकि सामान्य वित्तीय नियमावली लोगों के एक वर्ग के लाभ हेतु लोक धन से व्यय को अनुमत नहीं करती है इसलिए सीमा शुल्क एवं केन्द्रीय उत्पाद शुल्क कल्याण निधि को जारी रखना आवश्यक नहीं है। कल्याण गतिविधियों को विभाग की सामान्य बजटीय प्रक्रिया के माध्यम से वित्तपोषित किया जा सकता है।

2.2.10 लोक लेखे में केन्द्रीय सड़क निधि (के.स.नि.) को उपकर का कम अंतरण

केन्द्रीय सड़क निधि अधिनियम, 2004 के पैरा 4 के अनुसार, धारा 3 के तहत् वसूले उपकर की प्राप्तियों को पहले भारत की समेकित निधि में क्रेडिट किया जाएगा तथा अगर संसद इस संबंध में विधि द्वारा किए विनियोग के माध्यम से प्रावधान करती है तो केन्द्र सरकार, संग्रहण के व्ययों की कटौती करने के पश्चात केवल इस अधिनियम के उद्देश्यों हेतु उपयोग किए जाने के लिए समय-समय पर ऐसी प्राप्तियों का के.स.नि. को क्रेडिट कर सकती है।

वर्ष 2009-10 से 2013-14 के लिए संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं. 8[9] तथा विवरणी सं. 13[10] की जांच ने प्रकट किया कि ₹92,224.39 करोड़ के कुल संग्रहण के प्रति लोक लेखे में के.स. नि (शीर्ष 8224.00.101) को ₹88,544.45 करोड़ का अंतरण किया गया था जैसा **तालिका 2.6** में ब्यौरा दिया गया है।

तालिका 2.6: लोक लेखे में चिन्हित निधियों को उपकरों का कम अंतरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	मोटर स्पीरिट पर उत्पाद शुल्क	एच.एस.डी. तेल पर उत्पाद शुल्क	के.स.नि. को अंतरण	कम अंतरण
2009-10	3487.07	12717.00	14400.00	1804.07
2010-11	3561.67	13639.39	16600.00	601.06
2011-12	3744.22	14617.83	18677.00	-314.95
2012-13	4098.00	15881.29	19433.73	545.56
2013-14	4712.00	15765.92	19433.72	1044.20
योग	**19602.96**	**72621.43**	**88544.45**	**3679.94**

स्रोत: संघ सरकार के वित्त लेखे (शीर्ष: 0038.03.106 एवं 0038.03.107)

स्वदेशी मोटर स्पिरिट तथा उच्च गति डीजल पर अतिरिक्त उत्पाद शुल्कों की वसूली तथा संग्रहण राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय द्वारा किया जाता है।

---

9 विवरणी सं. 8: राजस्व प्राप्ति के विस्तृत लेखा एवं लघु शीर्षों द्वारा पूंजीगत प्राप्तियां

10 विवरणी सं. 13: ऋण, जमा, धन प्रेषणों तथा आकस्मिकता निधि के संबंध में लेखा शीर्षों के अंतर्गत प्राप्तियों, संवितरणों तथा शेषों की विवरणी

जैसा कि उपर्युक्त तालिका से स्पष्ट है कि इसका परिणाम ₹3,679.94 करोड़ की उपकर प्राप्तियों के कम अंतरण में हुआ है।

आर्थिक कार्य विभाग ने बताया (जनवरी 2015) कि बजट प्रभाग द्वारा बजट अनुमानों हेतु उपकर संग्रहण के आँकड़े राजस्व विभाग से प्राप्त किए गए थे। अब तक, यह प्रक्रिया योजना आयोग को, इस अनुरोध के साथ कि उपकर समर्थित आवंटनो का पूर्ण रूप से प्रावधान किया गया था, इन अनुमानों को प्रदान करने के लिए थी। योजना आयोग तथा तदनुसार मंत्रालय/विभाग निधि के अंतरण तथा इसके योजना निधियन हेतु प्रावधान करता है।

चूंकि ये विशेष उद्देश्य उपकर हैं इसलिए पूर्ण उपकर संग्रहण को लोक लेखे में नामित निधि को अंतरित किया जाना चाहिए।

2.2.11 राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि का बंद न होना

राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि (रा.आ.प्र.नि.) की स्थापना गृह मंत्रालय की अधिसूचना सं. 1995 दिनाँक 28 सितंबर 2010 के अनुसार की गई थी। इसके दिशानिर्देशों के पैरा 4.1 के अनुसार, राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि (रा.आ.आ.नि.) का राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि (रा.आ.प्र.नि.) के साथ विलयन किया जाना था। 2013-14 के संघ सरकार के वित्त लेखे की संवीक्षा पर यह पाया गया था कि शीर्ष 8235.119-राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता निधि को विवरणी सं.-13 में ₹1,484.78 करोड़ के अंत शेष के साथ अभी भी दर्शाया जा रहा है।

आगे ₹3,546.07 करोड़ की राशि को शीर्ष 0038.03.108 राष्ट्रीय आपदा आकस्मिकता शुल्क के अंतर्गत प्राप्ति के रूप में दर्शाया गया है तथा इस राशि के प्रति ₹4,649.94 करोड़ का विवरणी सं.-13 में शीर्ष 8235.125 राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया निधि को अंतरण किया गया था जिसका परिणाम वर्ष 2013-14 के दौरान कथित निधि में ₹1,103.87 करोड़ के शुल्क का अधिक अंतरण में हुआ।

म.ले.नि. ने उत्तर दिया (अक्टूबर 2014) कि मंत्रालय को संदर्भ दे दिया गया था तथा तदनुसार लेखापरीक्षा को सूचित किया जाएगा।

2.3 सत्यता एवं समाधान संबंधी मुद्दे

2.3.1 कर्मचारी पेंशन निधि के शेष में विसंगति

कर्मचारी पेंशन योजना, 1995 के अनुसार, कर्मचारी पेंशन निधि में केन्द्र सरकार के अंशदान को भारत सरकार के लोक लेखे में रखा जाना होता है। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय संघ सरकार के लेखाओं में भुगतान और लेखा कार्यालय द्वारा आवश्यक समायोजनों हेतु अंशदान (तथा उस पर ब्याज) को सरकार के अंश के संबंध में संस्वीकृतियां जारी करता है। संस्वीकृतियों की प्रतियाँ इसके वार्षिक लेखे में आवश्यक प्रविष्टियाँ करने हेतु केन्द्रीय भविष्य निधि आयुक्त, नई दिल्ली (कर्मचारी भविष्य निधि संगठन) (क.भ.नि.सं.) को भी प्रेषित की जाती हैं। इस प्रकार, कर्मचारी पेंशन निधि को पेंशन अंशदान के सरकारी अंश का शेष, जैसा कि लोक लेखे में दर्शाया जाता है तथा क.भ.नि.सं. के लेखे में अंकित अंशदान से मिलना चाहिए।

अभिलेखों की संवीक्षा ने प्रकट किया कि वर्ष 2007-08 के लिए क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखे के अनुसार, वर्ष 2007-08 के लिए संघ सरकार के वित्त लेखे में अंकित ₹36,939.04 करोड़ के प्रति पेंशन निधि को केन्द्र सरकार का अंशदान (ब्याज सहित) ₹36,809.06 करोड़ था। उस वर्ष में दोनों वित्तीय दस्तावेजों में ₹129.98 करोड़ का अंतर था।

वर्ष 2013-14 के लिए संघ सरकार वित्त लेखे में दर्शाया गया शेष ₹71,449.59 करोड़ है तथा क.भ.नि.सं. के तुलन-पत्र के अनुसार शेष ₹71,319.61 करोड़ है। अतः ₹129.98 करोड़ का वही अंतर वित्तीय वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक जारी था।

श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने उत्तर दिया (नवम्बर 2011) कि मंत्रालय की संस्वीकृति जारी करने वाले प्राधिकारी ने भारतीय रिजर्व बैंक को 1971 से हो

रहे लेखांकन का ब्यौरा देने के लिए अनुरोध किया है तथा जैसे ही भारतीय रिजर्व बैंक से ब्यौरा मिल जाएगा संघ सरकार के वित्त लेखे एवं क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखाओं में समाधान कर लिया जाएगा। तदनुसार संघ सरकार के वित्त लेखे तथा/अथवा क.भ.नि.सं. के वार्षिक लेखों में आवश्यक परिवर्तन किए जाएंगे।

मंत्रालय ने आगे बताया (दिसंबर 2014) कि शीघ्र अनुपालन हेतु क.भ.नि.सं., मंत्रालय तथा भा.रि.बैं. द्वारा समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाए जा रहे थे।

तथापि, इस विषय पर वित्त वर्ष 2008-09, 2010-11, 2011-12 तथा 2012-13 के लिए नि.म.ले.प. के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं.1 में टिप्पणी किए जाने के बावजूद इस कमी को दूर करने हेतु कोई विवेकपूर्ण प्रगति नहीं की गई है।

2.3.2 कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना के विशेष जमा के शेषों में असंगति

वित्तीय वर्ष 2013-14 के वित्त लेखे के विवरणी 14[11] लोक लेखे में कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना[12] के विशेष जमा के अंतर्गत ₹1,594.61 करोड़ क्रेडिट शेष पड़ा था। तथापि, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (क.भ.नि.सं.) द्वारा अनुरक्षित कर्मचारी बीमा सम्बद्ध बीमा योजना, 1976 (क.ज.स.बी.यो.) के तुलन पत्र में 31 मार्च 2014 तक ₹6,922.94 करोड़ का अंत शेष लोक लेखे में दर्शाया गया था। इस प्रकार, दोनों आंकड़ों में ₹5,328.33 करोड़ का अंतर था।

इस मामले को नि.म.ले.प. वर्ष 2012-13 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 1 में भी इंगित किया गया था जब इन दोनों लेखाओं में ₹4,941.81 करोड़ का अंतर था। प्रधान लेखा कार्यालय, श्रम एवं रोजगार मंत्रालय ने बताया (जनवरी

[11] विवरणी 14 विवरणी सरकार के ऋण तथा ब्याज वहनीय दायित्व

[12] मुख्य शीर्ष 8012.124-कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना के विशेष जमा

2012) कि दो लघु शीर्ष[13] इस प्रयोजन हेतु चलाये जा रहे थे। मंत्रालय के उत्तर के आधार पर, दो शीर्षों के अंतर्गत शेषों को ₹8,963.04 करोड़ तक परिकलित किया गया है। जिसमें 2013-14 की समाप्ति तक ₹2040.10 करोड़ का आधिक्य शेष है। मंत्रालय ने सरकार की किताबों तथा क.भ.नि.सं. की किताबों में दिख रहे अंतर को स्पष्ट नहीं किया था।

मंत्रालय ने बताया (दिसम्बर 2014) कि शीर्ष 8012.00.124-कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना (क.ज.स.बी.यो.) के अंतर्गत प्रधान लेखा कार्यालय में उपलब्ध वित्त लेखे की विवरणी सं. 13 के अनुसार, 2013-14 के दौरान शीर्ष 8342.00.124-कर्मचारी जमा सम्बद्ध बीमा योजना (क.ज.स.बी.यो.) तथा ₹6,922.94 करोड़ का शेष शीर्ष 8342.00.120 विविध जमा एवं ज.स.बी.यो. से संबंधित शेष था। इस प्रकार, विभिन्न शीर्षों के अंतर्गत आंकड़ों के दो अलग सेटों की तुलना की गई थी।

मंत्रालय का उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि दो शीर्षों के अंतर्गत योग, जैसा वित्त लेखे 2013-14 में प्रकट हो रहा है, ₹8963.04 करोड़ (शीर्ष 8342.00.120 ₹7,368.43 करोड़ + शीर्ष 8012.00.124 ₹1,594.61 करोड़) होता है जबकि, क.भ.नि.सं. के किताबों में ₹6,922.94 करोड़ का अंत शेष है। संघ सरकार के वित्त लेखे तथा क.भ.नि.सं. की बहियों में शेषों का समाधान करने की आवश्यकता है।

2.3.3 प्राप्त ब्याज को न दर्शाया जाना

2013-14 के दौरान राष्ट्रीय लघु बचत निधि (विवरणी सं.16 की परिशिष्ट सं.1) में '8008.01.105-अन्य प्रतिभूतियों में निवेश पर ब्याज' के अंतर्गत किसी प्रकार के ब्याज को प्राप्ति के रूप में नहीं दर्शाया गया है जबकि उसी शीर्ष के अंतर्गत 2012-13 में ₹135 करोड़ की आय को दर्शाया गया था।

---

[13] शीर्ष 8342.00.120- विवरणी सं. 13 में विविध जमाएं तथा 8012.00.124- विवरणी सं. 14 में कर्मचारी जमा लिंक्ड बीमा योजना का विशेष जमा।

म.नि.ले. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2014) कि ब्याज को दर्ज करने हेतु चेक/संस्वीकृति वित्त मंत्रालय में 31 मार्च 2014 के पश्चात प्राप्त की गई थी तथा इसलिए इसे 2013-14 हेतु लेखाओं में शामिल नहीं किया जा सका था।

उत्तर तर्कसंगत नहीं है क्योंकि आर्थिक कार्य विभाग (आ.का.वि.) को 'शून्य' ब्याज को दर्ज करने से पहले पूछताछ करनी चाहिए क्योंकि आ.का.वि. को ज्ञात था कि 2013-14 हेतु विवरणी सं.-16 में शीर्ष '8007.00.105-अन्य साधनों में निवेश' के अंतर्गत वर्ष के दौरान निवेश ₹1500 करोड़ रहा।

2.3.4 प्रतिभूति विमोचन निधि को राशि क्रेडिट न करना

संघ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2007-08 में भारतीय स्टेट बैंक (भा.स्टे.बै.) के राइट्स निर्गम में ₹9,996 करोड़ का निवेश किया था। नकद निर्गम की बजाय सरकार ने विशेष प्रतिभूतियाँ[14] जारी करते हुए लोक लेखे में देयता का सृजन कर दिया। इन प्रतिभूतियों का विमोचन एक भावी तिथि पर भारत की समेकित निधि[15] से लोक लेखे में निधियों के अन्तरण द्वारा 'प्रतिभूति विमोचन निधि' के सृजन के माध्यम से करना था।

लेखाओं की संवीक्षा से पता चला कि वर्ष 2008-09 से 2013-14 के दौरान, प्रत्येक वर्ष में ₹625 करोड़ प्रतिभूति विमोचन निधि के अंश के कारण व्यय का लेखांकन हुआ था। ₹3,750 करोड़ की राशि को लोक लेखे में प्रतिभूति विमोचन निधि के रूप में इस एकमात्र उद्देश्य से क्रेडिट करना चाहिए था, कि भविष्य में कभी भा.स्टे.बैं. को विशेष प्रतिभूतियों के ₹9,996 करोड़ निर्मुक्त किए जा सकें।

आर्थिक कार्य विभाग के अभिलेखों से प्रकट हुआ कि कथित निधि वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं.1 में मामले को इंगित किये जाने के बावजूद सृजित नहीं की गई थी परिणामस्वरूप ₹3,750 करोड़ एक उचंत शीर्ष में अभी तक पड़े थे।

[14] मु.शी. 8012.120 राष्ट्रीय बैंकों को जारी विशेष प्रतिभूतियां

[15] मु.शी. 3465.01.190.04-प्रतिभूति विमोचन निधि

मुख्य लेखा नियंत्रक, वित्त मंत्रालय ने बताया (जनवरी 2015) कि प्रतिभूति विमोचन निधि (प्र.वि.नि.) की प्रस्तावित लेखांकन प्रक्रिया का लंबित संशोधन नि.म.ले.प. की अभ्युक्तियों के आधार पर था तथा ₹3,750 करोड़ की राशि को 'उचंत लेखा सिविल' के अंतर्गत दर्ज किया गया था। अगर नि.म.ले.प. की सहमति से एक बार प्र.वि.नि. हेतु लघु शीर्ष खोला जाता है तो राशि को उसी शीर्ष को अंतरित किया जाएगा।

मंत्रालय जल्दी से जल्दी लेखांकन प्रक्रिया को स्वीकृत करवाए तथा लेखाओं में पारदर्शिता के लिए व्यय को उपयुक्त शीर्ष में दर्ज करें।

2.3.5 पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण का गलत दर्शाया जाना

पोत परिवहन विकास निधि समिति (पो.प.वि.नि.स.) को 1986 से समाप्त कर दिया गया था तथा इसकी परिसंपत्तियों एवं देयताएं पो.प.वि.नि.स. (उन्मूलन) अधिनियम, 1986 की धारा 4 के अनुसार केन्द्र सरकार को हस्तांतरित हो गयीं। वर्ष 2010-11, 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 के संघ के वित्त लेखे की विवरणी सं. 15 की संवीक्षा से प्रकट हुआ कि ₹(-) 231.71 करोड़ (डेबिट) का कुल ऋण, जैसाकि **तालिका 2.7** में ब्यौरा दिया गया है, अभी तक पो.प.वि.नि.स. के प्रति बकाये के रूप में दिखाया जा रहा था, जबकि पो.प.वि.नि.सा. की सभी परिसम्पत्तियॉ एवं देयताएं केन्द्र सरकार को पहले ही हस्तांतरित हो गयी थी।

तालिका 2.7: पो.प.वि.नि.स. को ऋणों का गलत चित्रण

शीर्ष का नाम	राशि (₹ करोड़ में)
7052-01-101-पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण	53.83 डे.
7052-60-101-पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण	8.59 डे.
7052-02-101-पोत परिवहन विकास निधि समिति को ऋण	(-)294.13 डे.
कुल	**(-)231.71 डे.**

लेखा नियंत्रक, आर्थिक कार्य विभाग (आ.का.वि.), वित्त मंत्रालय ने बताया (जनवरी 2015) कि भारत सरकार ने पहले के एस.सी.आई.सी.आई. लि. को नियुक्त किया था, जिसका बाद में पो.प.वि.नि.स. पोर्टफोल्यो को प्रबंधित

करने तथा आवश्यक कार्रवाई करने, जिसे शिपिंग/फिसिंग कम्पनियों से कर्जों की शीघ्र वसूली हेतु उपयुक्त समझा जाए, हेतु अपने नामित व्यक्ति के रूप में आई.सी.आई.सी.आई. बैंक के साथ विलयन कर दिया गया था। उसने आगे बताया कि आई.सी.आई.सी.आई. बैंक ने कर्जों का ब्यौरा दिए बिना मूलधन तथा उस पर ब्याज के रूप में धन को सरकारी खातों में वापस रख दिया। आई.सी.आई.सी.आई. बैंक से प्राप्त राशि को सरकारी कर्ज शीर्ष में जमा कर दिया गया था जिसका परिणाम अन्य शीर्षों में प्रतिकूल शेष में हुआ। इस मामले को समाधान हेतु आई.सी.आई.सी.आई. बैंक तथा वित्तीय सेवाएं विभाग के साथ पहले ही उठाया गया था।

तथापि, तथ्य है कि वर्ष 2012-13 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में इसे इंगित किए जाने के बावजूद अनिर्णित रहता है।

2.3.6 निष्क्रिय आरक्षित निधियां/जमा/अन्य निधि

आरक्षित निधियां तथा जमा, लोक लेखे का एक हिस्सा होते हैं जिसमें उस संबंध में लेन-देनों को दर्ज किया जाता है जिसमें सरकार प्राप्त धन को वापस करने की देयता तथा उसमें से पुनर्भुगतान करती है। निष्क्रिय निधियां/ जमा ऐसी निधियां अथवा जमाओं को संघटित करते हैं जो लम्बी समय अवधि से संचालन में नहीं हैं। चूंकि आरक्षित निधि के गठन में आमतौर पर लोक लेखे में भारत की समेकित निधि से अंतरण शामिल होता है इसलिए लोक लेखे में निष्क्रिय निधियों को समाप्त किया जाना चाहिए तथा उसमें अंत शेष को भारत की समेकित निधि को वापस अंतरित किया जाना चाहिए।

वित्त लेखाओं की संवीक्षा ने आरक्षित निधियों/जमाओं/अन्य निधियों के 47 मामले प्रकट किए जो पांच से 26 वर्षों के बीच की अवधि तक निष्क्रिय पड़े थे। इन मामलों को **अनुबंध 2.3** में दर्शाया गया है।

अनुबंध 2.3 से यह स्पष्ट होता है कि अधिकांश मामले छोटी राशियों वाले थे तथा इसलिए उन्हें जारी रखना किसी तार्किक उद्देश्य को पूरा करना प्रकट नहीं करता है। इन मामलों की समीक्षा की जानी चाहिए तथा इस प्रकार के शेषों के

भारत की समेकित निधि में जमा कर मामलों को बन्द किए जाने पर विचार किया जाना चाहिए।

नि.म.ले.प. के 2013 तथा 2014 की लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 1 में इस विषय में टिप्पणी की गयी थी, परंतु कोई प्रत्यक्ष कार्रवाई नहीं की गई थी।

ले.म.नि. ने उत्तर दिया (नवम्बर 2014) कि निष्क्रिय आरक्षित निधियों को विभिन्न विभागीय लेखाओं संगठनों द्वारा अनुरक्षित किया जाता है और शेषों के परिसमापन/बट्टे खाते में डालने की समीक्षा करने के लिए संबंधित लेखांकन प्राधिकारियों से पहले ही अनुरोध किया गया था।

2.3.7 बाह्य ऋण के लेखांकन को कम बताना

ऋणदाता देशों अथवा विदेशी संस्थानों से भारत सरकार द्वारा प्राप्त बाह्य ऋणों को विनिमय की ऐतिहासिक दर, जो कि लेन-देन/प्राप्ति की तिथि पर प्रचलित दर है, पर सरकारी लेखे में दर्ज किया जाता है। विनिमय दर में अनुवर्ती परिवर्तनों के कारण पुनर्भुगतान, लेखे के आधार पर परिकलित देय राशि से काफी अधिक है। इस अधिक भुगतान को प्रत्येक वर्ष नकारात्मक अंत शेष के रूप में लेखे में दर्शाया गया है। शेष ऋण, जिसे अभी तक पूरी तरह वापस नहीं किया गया है, सकारात्मक शेषों के साथ लेखे में दर्शाया गया। बाद में, जब बाह्य ऋण जोड़े जाते हैं नकारात्मक तथा सकारात्मक शेषों को निवल करने के कारण यह वास्तविक राशि से कम बताया जाता है।

इसी प्रकार, किसी विशेष देश से प्राप्त ऋण के शेष भी ऋण के सही आंकड़े नहीं दर्शाते क्योंकि एक विशेष देश कई परियोजनाओं हेतु ऋण देता है जिन्हें अलग से लेखांकित किया जाता है। इनमें से, कुछ परियोजनाओं पर ऋणों को पहले ही अदा किया जा चुका है परंतु विनिमय परिवर्तनों के कारण भुगतान अभी भी किए जा रहे हैं जिन्हें नकारात्मक शेष के रूप में दर्ज किया गया है। यह नकारात्मक शेष, जोड़े जाने पर, उस विशेष देश से बकाया ऋण के शेषों को कम दर्शाता है।

इस प्रकार, वित्त लेखे में दर्शायी गयी ₹1,84,580.75 करोड़ के बाह्य ऋण की राशि, बकाया बाह्य ऋण के वास्तविक आयाम को प्रदर्शित नहीं करती है। संघ के वित्त लेखे की विवरणी सं. 14 के नीचे दिये गये नोट के अनुसार, मार्च 2014 के अंत में वर्तमान दर पर बाह्य ऋण ₹3,74,483.34 करोड़ था। इस प्रकार, विनिमय की ऐतिहासिक दर पर लेखे में बाह्य ऋण को अंकित करना देयता का सही प्रतिबिंब नहीं है।

2013 तथा 2014 के प्रतिवेदन सं. 1 में यह इंगित किया गया था कि ले.म.नि. द्वारा बकाया बाह्य ऋण के ऐतिहासिक विनिमय दर पर वास्तविक आयाम दर्शाने हेतु एक तंत्र स्थापित करना चाहिए। तथापि इस संबंध में अभी तक कोई प्रगति नहीं दिखायी गयी है।

म.ले.नि. ने बताया (अक्तूबर 2014) कि नियंत्रक सहायता, लेखा एवं लेखापरीक्षा को संदर्भित कर दिया गया था।

2.3.8 बाह्य ऋण का वर्तमान दर पर असंगत दर्शाया जाना

लघु शीर्ष 6002-296 तथा 6002-298 के अंतर्गत ₹6.15 करोड़ एवं ₹ 0.01 करोड़ के ऋण क्रमश: अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन तथा रक्षा प्रमाणपत्र के प्रति 31 मार्च 2014 को बकाया दिखाए गए थे। तथापि, वर्तमान दरों पर परिवर्तित विदेशी ऋणों को दर्शाने वाली विवरणी इन ऋणों का वर्णन नहीं करती है। दूसरी ओर, इटली से वर्तमान दर पर कुल ₹2.31 करोड़ के विदेशी ऋण का शीर्ष 6002-बाह्य ऋण के अंतर्गत विनिमय की ऐतिहासिक दर पर उल्लेख नहीं किया गया है।

'अंतर्राष्ट्रीय चीनी संगठन' तथा 'इटली' से विदेशी ऋणों के संबंध में म.ले.नि. ने उत्तर दिया (नवम्बर 2014) कि नियंत्रक सहायता, लेखा एवं लेखापरीक्षा को संदर्भित कर दिया गया था।

विदेशी कर्ज के संबंध में-रक्षा प्रमाणपत्र, म.ले.नि. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2014) कि शेष निदेशक लेखापरीक्षा, केन्द्रीय राजस्व (नि.ले.प.के.रा.) से

संबंधित था तथा इसलिए इसे विदेशी मुद्रा में विदेशी ऋणों की विवरणी के अंतर्गत नहीं दर्शाया गया था।

2.3.9 राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी निधि में से अधिक आहरण

महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी अधिनियम 2005 (मनरेगा) उस ग्रामीण परिवार जिसके वयस्क सदस्यों को स्वैच्छिक शारीरिक कार्य करना होता है, को एक वित्तीय वर्ष में सौ दिनों के श्रम-रोजगार की गारंटी से ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने पर लक्षित है।

वर्ष 2010-11 से 2013-14 के संघ के वित्त लेखाओं की संवीक्षा ने लोक लेखे में राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गांरटी निधियों (8232.00.101) से किए गए संवितरण तथा नरेगस शीर्ष (2505.02.101) पर वास्तव में व्यय की गई तथा दर्ज राशि के बीच ₹5.29 करोड़ के अंतर को प्रकट किया। **तालिका 2.8** से यह देखा जा सकेगा कि योजना पर कुल व्यय, जो ₹1,28,320.09 करोड़ था के प्रति शीर्ष 8232.00.101 के माध्यम से लोक लेखे में निधि से कुल संवितरण ₹1,28,325.38 करोड़ था। इस प्रकार, निधि से ₹5.29 करोड़ का अधिक संवितरण ग्रामीण क्षेत्रों में अकुशल लोगों की आजीविका सुरक्षा को बढ़ाने के सरकार के अभिहित वायदे से अलग उद्देश्यों पर निधियों के संभावित उपयोग को दर्शाता है।

तालिका 2.8: राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी निधि में से अधिक आहरण

(₹करोड़ में)

वर्ष	निधि में से संवितरण (8232.00.101)	नरेगस शीर्ष के अंतर्गत दर्ज व्यय (2505.02.101)	निधि में से अधिक अंतरण
2010-11	35841.49	35840.74	0.75
2011-12	29215.05	29212.92	2.13
2012-13	30274.72	30273.60	1.12
2013-14	32994.12	32992.83	1.29
कुल	**128325.38**	**128320.09**	**5.29**

इस मामले पर म.नि.ले.प. के वर्ष 2013 तथा 2014 के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. 1 में टिप्पणी की गई थी।

ग्रामीण विकास मंत्रालय ने बताया (फरवरी 2015) कि संस्वीकृति प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को निधियों की अंतिम आवश्यकता, जिसमें अन्य अभिकरणों जैसे कि वि.द्द.प्र.वि., के.लो.नि.वि. आदि के पक्ष में प्राधिकरण भी शामिल होते हैं, का निर्धारण करने के पश्चात जारी की जाती थी। अंत: लेखा अंतरण तथा वास्तविक व्यय के बीच अंतर इस तथ्य के कारण था कि व्यय प्राधिकरण से कम था। इसके अतिरिक्त यह भी बताया गया था कि प्राधिकरणों के प्रति वास्तविक व्यय को स्टेटमेंट ऑफ सेंट्रल ट्रांजेक्शन तैयार करते समय (प्रत्येक वर्ष 31 मार्च के पश्चात) प्रधान लेखा कार्यालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय को सूचित किया था तथा मनरेगा प्रभाग के प्रत्येक वर्ष 31 मार्च को वर्ष के दौरान किए गए कुल प्राधिकरण के आधार पर संस्वीकृत जारी की थी। अंतर को समाप्त करने की संभाव्यता के संबंध में यह उत्तर दिया गया था कि प्रधान लेखा कार्यालय, ग्रामीण विकास मंत्रालय के प्रति 31 मार्च 2015 को दर्ज वास्तविक व्यय को शामिल करेंगे न कि स्वयं प्राधिकरण के आंकड़े को। यह प्रत्याशित रूप से यह सुनिश्चित करेगा कि अंत:लेखा अंतरण तथा वास्तविक व्यय के बीच कार्यान्वयन अभिकरणों के अनुपूरक लेखाओं के माध्यम से कुछ समायोजन/सुधार करने के सिवाय उस सीमा तक ऐसा कोई अंतर उजागर न हो रहा हो।

2.3.10 अन्य विसंगतियां

(क) संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं.11 में निवेश का अधूरा दर्शाया जाना

वित्त लेखे की विवरणी सं.11 स्वायत्त निगमों, सरकारी कम्पनियों, अन्य संयुक्त कम्पनियों, सहकारी बैंकों तथा समितियों आदि में संघ सरकार के निवेश का ब्यौरा प्रदान करती है। वित्तीय वर्ष 2013-14 हेतु विवरणी की संवीक्षा ने प्रकटीकरण के संबंध में कुछ विसंगतियों को प्रकट किया जिसका सार **तालिका 2.9** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, लेखाओं की मुख्य एवं लघु शीर्षों की सूची (मु.ल.शी.सू.) को सामान्य निर्देश के पैरा 4.2 के अनुसार

लघु शीर्ष 190- लोक क्षेत्र तथा अन्य उद्यमों में निवेश इक्विटी शेयर के लिए है। तथापि, कुछ मामलों में इक्विटी शेयरों में निवेश लघु शीर्ष 800-अन्य व्यय के माध्यम से किया गया है जो सामान्य निर्देश के प्रतिकूल है।

तालिका 2.9: लो.क्षे.उ. में सरकारी निवेश के प्रकटीकरण में विसंगतियां

क्र.सं.	लो.क्षे.उ. का नाम	विसंगतियां	म.ले.नि./मंत्रालय का उत्तर/ लेखापरीक्षा टिप्पणियॉ
1.	उत्तर-पूर्वी हस्तशिल्प एवं हथकरघा विकास निगम लि.	2013-14 में ₹4 करोड़ का निवेश किया गया था परंतु संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं. 11 में ब्यौरे नहीं दर्शाए गए थे।	म.ले.नि. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2014) कि उत्तर पूर्वी क्षेत्र विकास मंत्रालय को संदर्भित कर दिया गया था।
2.	बर्न स्टैंडर्ड लि. तथा ब्रैथवैट लि.	इन दोनों इकाइयों को पहले ही वित्तीय वर्ष 2010-11 में समाप्त कर दिया गया था तथा भारत भारी उद्योग लि. के साथ विलय कर दिया गया था। तथापि 2011-12 से विवरणी सं. 11 में इन दोनों इकाइयों के नवीन निवेश दर्शाए गए है। इस मामले पर 2013 के नि.म. ले.प. के प्रतिवेदन सं.1 के पैरा सं. 2.3.10 तथा 2014 की नि.म.ले.प. के प्रतिवेदन सं.1 के पैरा. 2.3.14(ख) में भी टिप्पणी की गई थी।	म.ले.नि. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2014) कि रेलवे मंत्रालय को संदर्भित कर दिया गया है। इसी प्रकार का उत्तर म.ले.नि. द्वारा 2012-13 में प्रस्तुत किया गया था, बिना किसी उपचारात्मक उपाय किए हुए।
3.	हिन्दुस्तान शिपयार्ड लिमिटेड	संघ सरकार के वित्त लेखे 2013-14 के अनुसार 31 मार्च 2014 को प्रगामी निवेश ₹304.01 करोड़ था जबकि महानियंत्रक रक्षा लेखा (म.नि.र.ले.) के अनुसार प्रगामी निवेश ₹301.99 करोड़ था।	म.ले.नि. तथा म.र.ले.नि. निवेश में अंतर का समाधान करें, जिसे पैरा 2.3.10(ङ) के माध्यम से नि.म.ले.प. के 2013 के प्रतिवेदन सं.1 में भी बताया गया था।

4.	हिन्दुस्तान एयरोनोटिक्स लि. बैंगलुरू	संघ सरकार के वित्त लेखे 2013-14 के अनुसार 31 मार्च 2014 को प्रगामी निवेश ₹120.54 करोड़ था जबकि म.र.ले.नि. के अनुसार प्रगामी निवेश ₹482 करोड़ था।	म.र.ले.नि. ने बताया (सितम्बर 2014) कि मामले को म.ले.नि. तथा संबंधित लेखा नियंत्रकों के साथ उठाया गया था। म.ले.नि. तथा म.र.ले.नि. निवेश में अंतर का समाधान करे।

उपरोक्त विसंगतियां दर्शाती है फार्म सी.ए.एम.-60 में 'निवेश पंजिका' जिसे निवेश हेतु निधियों के निर्गम के लिए उत्तरदायी प्रधान लेखा कार्यालय अथवा वेतन एवं लेखा कार्यालय द्वारा अनुरक्षित किया जाना अपेक्षित है, का उचित रूप से अनुरक्षण नहीं किया जा रहा है, जो संघ सरकार के लेखाओं में त्रुटिपूर्ण/लम्बित प्रकटीकरण का कारण बना।

(ख) संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं.-15 में विसंगतियां/ भिन्नताएं

संघ सरकार के वित्त लेखे की विवरणी सं. 15 की धारा 3 'अन्य ऋणी इकाइयों अथवा संस्थानों से बकायों में पुनर्भुगतान' को दर्शाता है। इसके अतिरिक्त विवरणी का अतिरिक्त प्रकटीकरण वर्ष के दौरान दिए गए नए ऋणों तथा अग्रिमों को दर्शाता है। कुछ मामलों में, बकाया ऋण पर बकायों पर ब्याज को न तो दर्शाया गया है और न ही संघ के वित्त लेखे 2013-14 में इसे न दर्शाए जाने हेतु कोई अभ्युक्ति द्वारा स्पष्ट किया गया है। ऐसे मामलों के ब्यौरे **तालिका 2.10** में दिए गए हैं:

तालिका 2.10: विवरणी सं. 15 में विसंगतियां/भिन्नताएं

ऋणों के एरियरों के संबंध में न दर्शाया गया ब्याज			
क्र. सं.	इकाई का नाम	31 मार्च 2014 को बकाया कुल ऋण (₹ लाख में)	अभ्युक्तियां
1.	श्री सीताराम चीनी कम्पनी; बैथालपुर, उत्तर प्रदेश	347.53	म.ले.नि. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2014) कि मामले को उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं लोक संवितरण मंत्रालय के साथ उठाया गया था तथा तदनुसार लेखापरीक्षा को सूचित
2.	देवरिया चीनी मिल्स, देवरिया उत्तर प्रदेश	362.87	

3.	राजा बुलन चीनी लि. रामपुर, उत्तर प्रदेश	105.85	किया जाएगा।
धारा-3/अतिरिक्त प्रकटीकरण में अधूरा दर्शाना			
	विसंगतियां		**म.ले.नि./मंत्रालय का उत्तर**
4.	2013-14 की विवरणी सं. 15 का 'अतिरिक्त प्रकटीकरण' वर्ष के दौरान राज्य सरकारों को दिए गए नए ऋणों तथा अग्रिमों को दर्शाता है। वित्तीय वर्ष के दौरान दिए गए ऐसे ऋणों की संख्या के संबंध में सूचना को दर्शाया नहीं गया है तथा एक फुट नोट, जो यह बताता हो कि सूचना प्रतीक्षित है, के द्वारा स्पष्ट नहीं किया गया है। वित्त वर्ष 2012-13 के लिए इसी प्रकार की पद्धति को भी अपनाया गया था, जो अतिरिक्त प्रकटीकरण के उद्देश्य को खत्म करती है।		म.ले.नि. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2014) कि मामले को वित्त मंत्रालय के साथ उठाया गया था।

(ग) प्रदान किए गए ऋणों के नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप न देना

कर्जदारों को प्रदान किए गए ऋणों के नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप नहीं दिया गया है जैसा वित्त लेखे 2013-14 की विवरणी सं. 15 में उजागर किया गया है। ब्यौरे **तालिका 2.11** में दिए गए हैं।

तालिका 2.11 : संस्थान जिनमें ऋणों के नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप नहीं दिया गया

(₹ करोड़ में)

इकाई का नाम	ऋण की राशि	पूर्व अवधि जिससे संबंधित है	अभ्युक्तियां
राजीव गांधी कैंसर संस्थान तथा अनुसंधान केन्द्र, नई दिल्ली, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	29.29	1994-95	इस मामले को पहले भी 2000 के प्रतिवेदन सं. 1 में उजागर किया गया था। ऋण देने के 19 वर्षों के अंतराल के. पश्चात भी, ऋणों के नियम एवं शर्तों को आंतिम रूप नहीं दिया गया था। म.ले.नि. ने उत्तर दिया (अक्तूबर 2014) कि स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने नियमों एवं शर्तों को अंतिम रूप देने के लिए जून 2014 में मामले को वित्त मंत्रालय के साथ उठाया था।
मालदीव सरकार	624. 40	2011-12	कर्ज को पहली बार 2013-14 के वित्त लेखे के विवरणी सं. 15 के अतिरिक्त प्रकटीकरण में दर्शाया गया था। म.ले.नि. ने बताया (अक्तूबर 2014) कि मामले को विदेश मंत्रालय के साथ उठाया गया था।

2.4 लेखाओं की परिशुद्धता को प्रभावित करने वाले मुख्य कारक

संघ सरकार के वित्त लेखे 2013-14 की परिशुद्धता पर कारकों का प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है जैसे (i) उचंत शीर्षों के अंतर्गत लेन-देनों की बड़ी संख्या का होना, जिनका अंतिम वर्गीकरण शेष है; (ii) ऋण, जमा एवं प्रेषित धन (ऋ.ज.प्रे.) लेखा शीर्षों के अंतर्गत प्रतिकूल बकायों की बढ़ती संख्या तथा मात्रा तथा (iii) उचंत शीर्ष में निपटान हेतु लंबित बकाया शेषों की निरन्तरता।

कार्यालय ले.म.नि. तथा छः प्रधान लेखा कार्यालयों (प्र.ले.का.) अर्थात केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (के.प्र.क.बो.), सड़क, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय, आपूर्ति विभाग, आर्थिक कार्य विभाग, सहायता लेखा और लेखापरीक्षा नियंत्रक (स.ले.ले.नि.) तथा विदेश मंत्रालय (वि.मं.) में पिछले

पांच वर्षों हेतु ऋण, जमा, प्रेषण तथा उचंत शीर्षों के अंतर्गत एक सामान्य समीक्षा भी की थी। इन प्र.ले.का. को शेषों की सघनता और वर्ष-दर-वर्ष इनके जमा होते जाने के आधार पर चयन किया गया था। लेखापरीक्षा निष्कर्षों पर नीचे चर्चा की गई है:

2.4.1 मुख्य उचंत लेखे के अन्तर्गत बकाया शेष

उचंत शीर्ष नामित लेखे के कुछ मध्यवर्ती/समायोजक शीर्ष उन प्राप्तियों एवं भुगतान के लेन-देन को प्रदर्शित करने के लिए सरकारी लेखाओं में खोले गए हैं जिन्हें उनकी प्रकृति की सूचना के अभाव या अन्य कारणों के कारण लेखे के अंतिम शीर्ष में दर्ज नहीं किया जा सकता है। लेखे के इन शीर्षों को ऋणात्मक डेबिट या ऋणात्मक क्रेडिट द्वारा अंतिम रूप से तब समाशोधित किया जाता है जब लेखे के अन्तिम शीर्षों से संबंधित राशि उनमें दर्ज की जाती है। यदि ये राशियाँ समाशोधित नहीं होती हैं तो उचन्त शीर्ष के अंतर्गत शेष संचित होगा तथा सरकार की प्राप्तियों एवं व्यय को यह सही रूप में प्रदर्शित नहीं करेगा।

उचंत शेषों हेतु बहीखाता भुगतान एवं लेखा कार्यालय (भु.ले.का.) द्वारा उप/विस्तृत वर्गीकृत शीर्षवार के अंतर्गत, जैसा कि आवश्यक है तथा भुगतान लेखा कार्यालय द्वारा भु.ले.का. से आवधिक रूप में प्रस्तुत आंकड़ों के आधार पर अनुरक्षित किया जाता है। संबंधित प्रधान लेखा कार्यालय के मुख्य लेखा नियंत्रक को उचंत शेषों की समीक्षा करना तथा मॉनीटरिंग के उद्देश्य हेतु महालेखा नियंत्रक (म.ले.नि.) को सूचित किया जाना अपेक्षित है।

31 मार्च 2014 को सिविल, रक्षा, डाक तथा दूरसंचार को सम्मिलित करते हुए संघ वित्त लेखे में उचंत शीर्ष के अन्तर्गत कुल निवल शेष ₹24,844.21 करोड़ (डेबिट) था। इस शेष में सिविल के संबंध में ₹3,257.64 करोड़ (डेबिट), रक्षा के लिए ₹16,496.03 करोड़ (डेबिट), रेलवे ₹1,803.68 करोड़ (डेबिट), डाक के लिए ₹2,005.12 करोड़ (डेबिट), दूरसंचार के लिए ₹148.06 करोड़ (डेबिट) तथा भारत सरकार क्षतिपूर्ति विमोचन (ईराक को निर्यात योजना)

बंधपत्र, 2001 के संबंध में ₹1,133.68 करोड़ (डेबिट) शामिल है। वित्त लेखे उचंत शीर्ष के अंतर्गत निवल शेषों को दर्शाते हैं तथा इसलिए, इन शीर्षों के अंतर्गत बकाया की वास्तविक महत्ता, संसद को प्रस्तुत किये गए सरकार के वार्षिक लेखे में सूचित नहीं हो पाती है। इन शीर्षों के अन्तर्गत सही शेष को विभिन्न उचंत शीर्षों के अन्तर्गत पृथक रूप से डेबिट और क्रेडिट को केवल संकलित करके परिकलित किया जा सकता है। डेबिट/क्रेडिट शेष को निवल करने से वित्त लेखे में उचंत शेषों की अत्यधिक न्यूनोक्ति होती है। यह न्यूनोक्ति लघु शीर्ष के साथ-साथ मुख्य शीर्ष स्तर दोनों में होती है। पिछले पांच वर्षों के लिए सिविल मंत्रालय (मुख्य शीर्ष 8658) के संबंध में मुख्य उचंत शीर्षों के अन्तर्गत उचंत शीर्षों की स्थिति **तालिका 2.12** में दी गई है:

तालिका 2.12: सिविल मंत्रालयों के संबंध में मुख्य उचंत शीर्षों के अंतर्गत उचंत शेषों की स्थिति

(₹करोड़ में)

शीर्ष का नाम	2009-10		2010-11		2011-12		2012-13		2013-14	
	डेबिट	क्रेडिट	डेबिट	क्रेडिट	डेबिट	क्रेडिट	डेबिट	क्रेडिट	डेबिट	क्रेडिट
101-वे.ले.उचंत	2880.09	1172.22	3374.13	1131.37	3213.12	740.00	3348.71	331.95	2737.37	156.44
कुल	**डे. 1707.87**		**डे. 2242.76**		**डे. 2473.12**		**डे. 3016.76**		**डे. 2580.93**	
102-उचंत लेखे (सिविल)	1942.11	1447.74	1943.09	9781.95	2050.60	3409.87	1200.82	4039.04	1194.54	4670.36
कुल	**डे. 494.37**		**क्रे. 7838.86**		**क्रे. 1359.27**		**क्रे. 2838.22**		**क्रे. 3475.83**	
107-रोकड़ निपटान उचंत लेखे	371.03	16.57	374.62	19.81	363.32	36.10	404.99	36.34	497.97	36.34
कुल	**डे. 354.46**		**डे. 354.81**		**डे. 327.22**		**डे. 368.65**		**डे. 461.63**	
108-सा.क्षे.बैं. उचंत	2435.52	1775.10	3091.85	1052.85	2881.34	1292.70	4352.63	1104.38	5969.95	2988.75
कुल	**डे. 660.42**		**डे. 2039.00**		**डे. 1588.64**		**डे. 3248.25**		**डे. 2981.20**	

109-रिजर्व बैंक उचंत (मु.)	11.37	185.26	11.67	185.14	11.37	185.80	11.37	188.73	11.37	185.41
कुल	**क्रे. 173.89**		**क्रे. 173.47**		**क्रे. 174.43**		**क्रे. 177.36**		**क्रे. 174.04**	
110-रिजर्व बैंक उचंत केन्द्रीय लेखा कार्यालय	92.02	128.83	28.52	193.74	45.50	65.52	59.07	114.38	58.39	502.62
कुल	**क्रे. 36.81**		**क्रे. 165.22**		**क्रे. 20.02**		**क्रे. 55.31**		**क्रे. 444.23**	
115-विदेश में क्रय इत्यादि हेतु उचंत लेखा	1894.85	--	940.82	--	661.19	-	504.63	52.00	1941.34	52.00
कुल	**डे. 1894.85**		**डे. 940.82**		**डे. 661.19**		**डे. 452.63**		**डे. 1889.34**	
129-सामग्री क्रय निपटान उचंत लेखे	195.25	143.11	202.22	102.16	208.56	86.30	213.35	87.01	212.08	78.32
कुल	**डे. 52.14**		**डे. 100.06**		**डे. 122.26**		**डे. 126.34**		**डे. 133.76**	
136-प्राप्ति शीर्ष में अन्तरण हेतु प्रतीक्षित सीमा शुल्क प्राप्तियां	--	145.47	--	252.28	--	249.50	-	222.56	--	223.26
कुल	**क्रे. 145.47**		**क्रे. 252.28**		**क्रे. 249.50**		**क्रे. 222.56**		**क्रे. 223.26**	
138-अन्य नामांकित बैंक (निजी क्षेत्र बैंक) युद्ध 1939 से संबंधित उचंत लेन-देन	2.88	100.70	36.28	294.80	5.82	243.39	1.38	481.96	51.98	593.43
कुल	**क्रे. 97.82**		**क्रे. 258.52**		**क्रे. 237.57**		**क्रे. 480.58**		**क्रे. 541.45**	

यह देखा जा सकता है कि रोकड़ निपटान उचंत लेखा, विदेश में खरीद आदि हेतु उचंत लेखे तथा सामग्री क्रय निपटान उचंत लेखे के अंतर्गत डेबिट शेषों में

पिछले वर्षों से 2013-14 में ₹1537.11 करोड़ तक बढ़े हैं। इसी प्रकार, उचंत लेखे सिविल, रिजर्व बैंक उचंत केन्द्रीय लेखा कार्यालय, प्राप्ति शीर्ष को अंतर्गत हेतु लंबित सीमा शुल्क प्राप्ति एवं अन्य नामित बैंकों (निजी क्षेत्र बैंक) शीर्ष के अंतर्गत क्रेडिट शेष पिछले वर्ष से 2013-14 में ₹1,088.09 करोड़ तक बढ़े हैं। ले.म.नि. द्वारा ऐसे शेषों के समाशोधन के निरोधक प्रभावी मॉनीटरिंग हेतु उचन्त लघु शीर्षों के अन्तर्गत बकाया शेषों का वर्ष-वार ब्यौरा अनुरक्षित नहीं किया था।

(क) वे.ले.का. उचंत

यह लघु शीर्ष संघ सरकार के अन्तर्गत वे.ले.का., संघ शासित क्षेत्रों के वे.ले.का. तथा महालेखाकार के खातों में हो रहे अन्त: विभागीय तथा अन्त: सरकारी लेन-देनों के समायोजन हेतु प्रचालित किया जाता है। इस लघु शीर्ष के अन्तर्गत लेन-देन एक लेखा अधिकारी के अधीन लघु शीर्ष 'वे.ले.का. उचंत' परिचालित किया जा रहा हो, की ओर से किसी अन्य लेखा अधिकारी द्वारा की गई वसूलियों का अथवा भुगतानों का प्रतिनिधित्व करते हैं। शीर्ष के अन्तर्गत क्रेडिट का समाशोधन 'ऋणात्मक क्रेडिट' द्वारा किया जाता है, जब लेखा अधिकारी जिसकी बही में आरम्भिक वसूली दर्ज की जाती है, के द्वारा चैक जारी किया जाता है 'वे.ले.का. उचंत' के अंतर्गत डेबिट का समाशोधन लेखा अधिकारी, जिसके ओर से भुगतान किया गया था, से चैक की प्राप्ति तथा वसूली होने पर 'ऋणात्मक डेबिट' द्वारा किया जाता है। इस शीर्ष के अंतर्गत बकाया डेबिट शेष का अर्थ होगा कि किसी वे.ले.का. द्वारा अन्य वे.ले.का. की ओर से भुगतान किए गए, जिनकी वसूली की जानी है। इस शीर्ष के अन्तर्गत बकाया क्रेडिट शेष का अर्थ होगा कि किसी वे.ले.का. द्वारा अन्य वे.ले.का. की ओर से भुगतान प्राप्त किए गए हैं, जिनका भुगतान अभी किया जाना है।

मार्च 2014 की समाप्ति पर, इस शीर्ष के अंतर्गत डेबिट शेष ₹2,737.37 करोड़ था तथा क्रेडिट शेष के अंतर्गत यह ₹156.44 करोड़ था। इस प्रकार कुल

₹2,893.81 करोड़ का शेष इस शीर्ष से निपटान की प्रतीक्षा में था। बकाया शेष मुख्य रूप से आपूर्ति विभाग ₹1,723.45 करोड़ (डेबिट), विदेश मंत्रालय ₹530.89 करोड़ (डेबिट), गृह मंत्रालय ₹118.56 करोड़ (डेबिट) तथा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ₹89.75 करोड़ (क्रेडिट) के संबंध में थे जो दर्शाता है कि इन विभागों/मंत्रालयों द्वारा अन्य वे.ले.का. की ओर से किए गए भुगतानों (डेबिट) या की गई प्राप्तियों (क्रेडिट) को उनके द्वारा 31 मार्च 2014 तक अभी भी वसूल/अदा किया जाना था। वे.ले.का. उचंत के अंतर्गत बड़े डेबिट तथा क्रेडिट शेष तथा उनका निरंतर संचयन महत्वपूर्ण नियंत्रण की कमियों को प्रदर्शित करता था।

प्रधान लेखा कार्यालय के लेखाओं की नमूना जांच में प्रकट हुआ कि 1986-87 से पहले की अवधि से 2013-14 की अवधि तक के.प्र.क.बो. से संबंधित ₹0.03 करोड़ (डेबिट) तथा ₹3.99 करोड़ (क्रेडिट) बकाया थे जिसमें (-) ₹358.34 करोड़ (डेबिट) तथा ₹352.50 करोड़ (क्रेडिट) शामिल थे जो पांच वर्षों से अधिक समय से निपटान हेतु लम्बित थे। वर्ष 2013-14 के अंत तक आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में (-) ₹0.46 करोड़ (डेबिट) तथा ₹1.68 करोड़ (क्रेडिट) के शेष बकाया थे। विदेश मंत्रालय में वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक ₹530.89 करोड़ (डेबिट) का शेष बकाया था। वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में ₹89.75 करोड़ (क्रेडिट) का शेष बकाया था। वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक आपूर्ति विभाग में ₹1,723.35 करोड़ (डेबिट) का शेष बकाया था।

(ख) उचंत लेखे (सिविल)

यह अस्थायी लघु शीर्ष लेन-देनों के लेखांकन हेतु संचालित किया जाता है जिसे निश्चित सूचना/दस्तावेजों अर्थात् वाऊचर चालान आदि की मांग हेतु व्यय अथवा प्राप्ति के अंतिम शीर्ष तक नहीं ले जाया जा सकता। इस लघु शीर्ष को प्राप्तियां दर्ज करने हेतु क्रेडिट तथा किए गए व्यय हेतु डेबिट किया जाता है। अपेक्षित सूचना/दस्तावेजों आदि की प्राप्ति पर पूर्व प्रतिलेखा डेबिट

या क्रेडिट द्वारा लघु शीर्ष को 'ऋणात्मक' डेबिट या 'ऋणात्मक' क्रेडिट द्वारा लेखे से संबंधित लघु/उप-लघु/मुख्य शीर्षों के प्रति समाशोधित किया जाता है। इस शीर्ष के अन्तर्गत बकाया डेबिट शेष से तात्पर्य ऐसे भुगतान से है जिसे वाऊचर आदि जैसे विवरण के अभाव में अन्तिम व्यय शीर्ष को डेबिट नहीं किया जा सका। बकाया क्रेडिट शेष से तात्पर्य प्राप्त की गई ऐसी राशि से है जिसे विवरण के अभाव में अंतिम प्राप्ति शीर्ष को क्रेडिट नहीं किया जा सका।

31 मार्च 2014 को इस लघु शीर्ष के अन्तर्गत शेष ₹4,670.36 करोड़ (क्रेडिट) तथा ₹1,194.54 करोड़ (डेबिट) था। ₹5,864.90 करोड़ के कुल शेष को समायोजन हेतु व्यक्तिगत रूप से संचालित किया जाना अपेक्षित था जिसे उनके लेखा के अंतिम शीर्षों के प्रति दर्ज नहीं किया गया था। मुख्य बकाया शेष आर्थिक कार्य विभाग ₹3,959.93 करोड़ (क्रेडिट), आपूर्ति विभाग ₹597.57 करोड़ (डेबिट), विदेश मंत्रालय ₹598.14 करोड़ (क्रेडिट) तथा उच्चायोग ₹435.76 करोड़ (डेबिट) से संबंधित हैं।

के.प्र.क.बो. के प्रधान लेखा कार्यालय में वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक ₹2.79 करोड़ (डेबिट) तथा ₹0.40 करोड़ (क्रेडिट) के शेष बकाया थे, जिसमें ₹2.39 करोड़ (डेबिट) का डेबिट शेष तथा ₹0.15 करोड़ (क्रेडिट) का क्रेडिट शेष शामिल थे जो पांच वर्षों से अधिक समय से निपटान हेतु लंबित थे।

(ग) विदेशों में क्रय आदि हेतु उचंत लेखे

लघु शीर्ष 'विदेशों में क्रय आदि हेतु उचंत लेखे' नियंत्रक सहायता, लेखा एवं लेखापरीक्षा (नि.स.ले. एवं ले.प.), वित्त मंत्रालय (आर्थिक कार्य विभाग) के लेखाओं में परिचालित होता है। सरकार दाता को विदेशों में आपूर्तिकर्ताओं को परियोजना प्राधिकारियों/आयातकों को आपूर्ति की गई सामग्री के प्रति सीधे ही भुगतान करने की तथा समकक्ष राशि को संबंधित मंत्रालय/आयातकों से भुगतान प्राप्त होने तक उचन्त शीर्ष के अन्तर्गत रखने की सलाह देती है। यद्यपि सरकार द्वारा इन आयातों के लिए भुगतान पहले ही कर दिया गया

है फिर भी इस शीर्ष के अधीन डेबिट शेष उस राशि को दर्शाता है जिसे आयातकों/परियोजना प्राधिकारियों से अभी वसूल किया जाना है।

2013-14 में, इस शीर्ष के अंतर्गत बकाया डेबिट शेष ₹1,941.34 करोड़ तथा क्रेडिट ₹52 करोड़ था। 31 मार्च 2014 को मुख्य देनदार हेलीकॉप्टर कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया लि. (₹67.24 करोड़); पवन हंस लि. (₹57.44 करोड़); पाइराइटस, फॉसफेट्स एवं रसायन लि. (₹24.95 करोड़); कोल इंडिया लि. (₹23.18 करोड़) थे। यह भी पाया गया कि 2005 से विभिन्न संगठनों से ₹207.13 करोड़ बकाया थे। 2005 से बकाया राशि का विवरण दर्शाते हुए सूची **अनुबंध 2.4** में दी गई है।

नि.स.ले. एवं ले. विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई जानकारी से यह पाया गया था कि तदन्तर भुगतान विभिन्न आयातकों/परियोजना प्राधिकारियों की ओर से किये गये थे जबकि उनसे पहले किए गए क्रय हेतु भुगतान अभी तक देय थे। नि.स.ले. एवं ले. द्वारा बकाया राशि की वसूली हेतु ठोस कदम उठाए जाने की आवश्यकता है।

(घ) सार्वजनिक क्षेत्र बैंक उचंत (सा.क्षे.बैं. उचंत)

सरकारी लेखा प्रणाली में निर्दिष्ट बैंक, भारतीय रिजर्व बैंक की ओर से सरकारी व्यवसाय संचालित करते हैं। जब एक बिल को भुगतान हेतु एक चैक जारी किया जाता है तो राशि को लेखा के अंतिम शीर्ष को डेबिट किया जाता है। जब एक सार्वजनिक क्षेत्र बैंक द्वारा चैक को भुनाया जाता है तो यह पहले अपने रोकड़ शेष से राशि का भुगतान करता है तथा इसके बाद केन्द्रीय लेखा अनुभाग (के.ले.अ.), भा.रि.बैं. नागपुर से जो प्रत्येक मंत्रालय/विभाग का लेखा अनुरक्षित करता है, प्रतिपूर्ति का दावा करता है। इसी प्रकार जब सरकारी प्राप्तियों का नामित/अधिकृत बैंक में भुगतान किया जाता है तो इन प्राप्तियों को केन्द्रीय लेखा अनुभाग, भा.रि.बैं. नागपुर को देता है। बैंक द्वारा किये जाने वाले सरकारी लेन-देन को दर्ज करने में समय अंतराल होता है इसलिए प्रतीक्षारत अस्थाई समायोजन हेतु लेखे की सरकारी बही में लघु शीर्ष

सार्वजनिक क्षेत्र बैंक उचंत परिचालित किया जाता है। (के.ले.अ.) भा.रि.बैं. नागपुर से लेखे की प्राप्ति पर सा.क्षे.बैं. उचंत के अन्तर्गत मूल दर्ज ऋणात्मक क्रेडिट/ऋणात्मक डेबिट, जैसा भी मामला हो, द्वारा समाशोधित किया जाता है। शेषों (दोनों क्रेडिट तथा डेबिट) का निपटान न्यूनतम संभावित समय में किया जाना अपेक्षित है अन्यथा भा.रि.बैं. के पास सरकारी रोकड़ शेष गलत स्थिति प्रस्तुत करेगा।

31 मार्च 2014 को समाप्त वर्ष हेतु बकाया सा.क्षे.बैं. शेष कुल ₹5,969.95 करोड़ (डेबिट) तथा ₹2,988.75 करोड़ (क्रेडिट) था। मार्च 2014 की समाप्ति तक ₹8,958.70 करोड़ के कुल शेष का निपटान किया जाना अपेक्षित था। विभाग जिनके प्रति मुख्य शेष बकाया थे, वे आपूर्ति विभाग ₹278.16 करोड़ (डेबिट); के.प्र.म.बो. (व्यय) ₹120.31 करोड़ (डेबिट), सड़क परिवहन राजमार्ग मंत्रालय ₹1,523.42 करोड़ (डेबिट), आर्थिक कार्य विभाग ₹4.36 करोड़ (डेबिट) तथा विदेश मंत्रालय ₹578.79 करोड़ (क्रेडिट) थे।

प्रधान लेखा कार्यालयों में शेषों की नमूना जॉच से उजागर हुआ कि के.प्र.क.बो. शेष में ₹(-)19,780.56 करोड़ (डेबिट) तथा ₹30,148.52 करोड़ (क्रेडिट) का शेष वर्ष 2013-14 की समाप्ति पर बकाया थे, जिसमें 7 से 25 वर्षों तक लंबित निपटान के ₹1,962.74 करोड़ का डेबिट शेष तथा ₹(-)374.27 करोड़ का क्रेडिट शेष शामिल था। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में ₹1,523.42 करोड़ (डेबिट) का शेष वर्ष 2013-14 की समाप्ति पर बकाया था। आर्थिक कार्य विभाग, वित्त मंत्रालय में ₹2.11 करोड़ (डेबिट) तथा ₹(-)2.25 करोड़ (क्रेडिट) के शेष वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक बकाया थे। आपूर्ति विभाग में ₹278.16 करोड़ (डेबिट) वर्ष 2013-14 की समाप्ति पर बकाया था।

(ङ) रिजर्व बैंक उचंत, केन्द्रीय लेखा कार्यालय (के.ले.का.)

संघ सरकार के लेखाओं में राज्य सरकारों को कर्जों का भुगतान, सहायता अनुदान, आयकर भाग, और संघ उत्पाद शुल्क के भाग के भुगतान हेतु इस लघु शीर्ष को परिचालित किया जाता है। जब भुगतान प्राधिकृत किया जाता है

तो संबंधित व्यय शीर्ष डेबिट तथा इस उचंत शीर्ष को क्रेडिट किया जाता है। संघ सरकार के लेखे को समायोजन करते हुए भा.रि.बैं. से लेखे के मासिक विवरण की प्राप्ति पर लघु शीर्ष को '8675-भा.रि.बैं. के पास जमा 101-केन्द्रीय सिविल के साथ जमा के प्रति, प्रतिलेखा क्रेडिट द्वारा ऋणात्मक क्रेडिट किया जाता है। राज्य सरकार द्वारा ऋण के पुर्नभुगतान तथा उस पर ब्याज के भुगतान के समय पर ऋण/ब्याज शीर्ष को क्रेडिट करके इस उचंत शीर्ष को डेबिट किया जाता है। केन्द्रीय लेखा अनुदान (के.ले.अ.) भा.रि.बैं., नागपुर से लेखे के मासिक विवरण प्राप्त होने पर उचंत शीर्ष को '8675-भा.रि.बैं.के पास जमा-101-केन्द्रीय सिविल' के साथ जमा के प्रति, प्रतिलेखा क्रेडिट द्वारा ऋणात्मक क्रेडिट किया जाता है। ₹561.01 करोड़ के कुल शेष जिसका निपटान किया जाना था, के साथ, 31 मार्च 2014 को इस लघु शीर्ष के अंतर्गत बकाया शेष ₹58.39 करोड़ (डेबिट) तथा ₹502.62 करोड़ (क्रेडिट) था। बकाया भा.रि.बैं. (के.ले.का.) उचंत शेष मुख्य रूप से सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ₹19.14 करोड़ (डेबिट), आपूर्ति विभाग ₹28.21 करोड़ (डेबिट), शहरी विकास मंत्रालय ₹8.16 करोड़ (क्रेडिट), पोत परिवहन मंत्रालय ₹367.99 करोड़ (क्रेडिट) तथा उत्तर पूर्वी क्षेत्र विभाग ₹73.57 करोड़ (क्रेडिट) के प्रति थे।

प्रधान लेखा कार्यालय में शेषों की नमूना जाँच ने प्रकट किया कि आपूर्ति विभाग में वर्ष 2013-14 के अंत में ₹28.21 करोड़ का निवल डेबिट शेष बकाया था। सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में ₹19.14 करोड़ (डेबिट) का शेष वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक बकाया था। विदेश मंत्रालय में ₹0.71 करोड़ (डेबिट) का शेष वर्ष 2013-14 की समाप्ति तक बकाया था।

2.4.2 ऋण, जमा एवं प्रेषण (ऋ.ज.प्रे.) शीर्षों के अंतर्गत अधिक प्रतिकूल शेष

प्रतिकूल शेष वे ऋणात्मक शेष हैं जो उन लेखा शीर्षों के अंतर्गत प्रदर्शित होते हैं जहाँ एक ऋणात्मक शेष नहीं होना चाहिए। उदाहरणस्वरूप, किसी भी कर्ज

या अग्रिम लेखा शीर्ष के प्रति, एक ऋणात्मक शेष, वास्तविक अग्रिम राशि से अधिक पुनर्भुगतान को इंगित करेगा।

वर्ष 2013-14 हेतु संघ सरकार के वित्त लेखे में, ऋण, जमा एवं प्रेषण शीर्षों के अंतर्गत प्रतिकूल शेषों के 78 मामले हैं जिन्हें **अनुबंध-2.5** में दिया गया है। इनमें से, चार मामले वर्ष 2013-14 के दौरान प्रतिकूल हो गए तथा शेष 74 मामले पहले के वर्षों से बकाया थे। इनमें 5 वर्षों से कम से कम बकाया 42 मामले, 5 वर्षों से अधिक से बकाया 18 मामले, 10 वर्षों से अधिक पुराने 10 मामले तथा 20 वर्षों से अधिक पुराने 4 मामले शामिल थे। यद्यपि, वित्त लेखे में प्रतिकूल शेष के फुटनोट उल्लेख करते थे कि ये जांचाधीन थे लेकिन म.ले.नि. तथा उसके अधीनस्थ कार्यालयों द्वारा ऐसी जांचों के निष्कर्ष और उनके समाशोधन के लिए किए गए प्रयास लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं कराए गए।

2.4.3 'चैक एवं बिल' शीर्ष के अन्तर्गत बकाया शेष

यह शीर्ष लेन-देनों, जो अन्ततः समाशोधित होते हैं, को आरम्भ में दर्ज करने के लिए यह मध्यवर्ती लेखांकन शीर्ष हैं। लेखाओं के विभागीकरण को योजना के अन्तर्गत विभिन्न मंत्रालयों/विभागों के भुगतान एवं लेखा कार्यालयों द्वारा भा.रि.बैं. या अधिकृत बैंकों की शाखाओं पर आहरित चैकों द्वारा सरकार के प्रति दावों का भुगतान किया जाता है।

जब दावे वे.ले.का./विभागीय अधिकारी को उपयुक्त बिल प्रारूप में प्रस्तुत किए जाते हैं तब प्रक्रियाओं तथा निर्धारित जांचों तथा भुगतान आदेश को दर्ज करने के उपरान्त चैक जारी कर भुगतान को प्राधिकृत किया जाता है। प्रत्येक माह के अन्त में, मुख्य शीर्ष '8670-चैक एवं बिल' में माह के दौरान वितरित चैकों की कुल राशि को क्रेडिट किया जाता है। सार्वजनिक क्षेत्र बैंक/(के.ले.अ.) भा.रि.बैं., नागपुर से जारी चैकों के प्रति उनके द्वारा किए गए भुगतानों को दर्शाते हुए तिथि-वार मासिक विवरण (ति.मा.वि.)/शेषों की मासिक विवरण की प्राप्ति होने पर जैसा भी मामला हो, 'शीर्ष 8670-चैक एवं बिल' को ऋणात्मक

क्रेडिट तथा उचंत शीर्ष '8658.108-पी.एस.बी. उचंत'/'8675-101-भा.रि.बैं. जमा-केन्द्रीय सिविल' को क्रेडिट प्रदान किया जाता है।

2013-14 के संघ के वित्त लेखे में भारी शेष 'चैक एवं बिल' के विभिन्न लघु-शीर्षों के अन्तर्गत बकाया पड़े हुए थे जैसे विवरण **तालिका 2.13** में दिए गए हैं:

तालिका 2.13: 'चैक एवं बिल' शीर्ष के अन्तर्गत बकाया शेष

(₹करोड़ में)

8670.101	पूर्व लेखापरीक्षा चैक	क्रेडिट	0.43
8670.102	वेतन एवं लेखा कार्यालय चैक	क्रेडिट	9018.07
8670.103	विभागीय चैक	क्रेडिट	845.19
8670.104	खजाना चैक	क्रेडिट	4.62
8670.105	इरला चैक	क्रेडिट	0.59
8670.106	दूर संचार लेखा चैक	क्रेडिट	1221.97
8670.107	डाक चैक	क्रेडिट	11652.85
8670.108	रेलवे चैक	क्रेडिट	3044.14
8670.109	रक्षा चैक	क्रेडिट	1080.53
8670.110	इलेक्ट्रॉनिक सलाह	डेबिट	4.44
8670.111	वेतन एवं लेखा कार्यालय इलेक्ट्रॉनिक सलाह	डेबिट	637.96
8670.112	प्र.संचार लेखे नियंत्रण कार्यालय इलेक्ट्रॉनिक सलाहें	क्रेडिट	0.44

केन्द्रीय सरकार लेखा (प्राप्ति एवं भुगतान) नियमावली, 1983 के नियम 45 में विनिर्दिष्ट है कि चैक जारी करने की तिथि से तीन माह के भीतर किसी भी समय देय होगा। इसके अतिरिक्त नियम 47(2) में विनिर्दिष्ट है कि जारी करने के माह से छः माह की अवधि तक अदत्त शेष चैकों का भुगतान तथा नवीनीकरण हेतु अभ्यर्पित नहीं किए गए चैकों के मामलों में, उन्हें '8670-चैक एवं बिल' में ऋणात्मक क्रेडिट करके वापसी या रद्द किया जाना होता है, तथा क्रियाशील मुख्य/लघु शीर्ष व्यय जिसमें से वास्तविक रूप से डेबिट किया गया

था, को ऋणात्मक डेबिट किया जाता है तथा लेखे में राशि को पुन: लिखा जाना होता है।

विभिन्न लघु शीर्षों के अन्तर्गत ऐसी भारी बकाया राशियां दर्शाती हैं कि लेखांकन प्राधिकारी आवश्यक कार्रवाई जैसा कि नियमावली के अन्तर्गत की जानी अपेक्षित थी नहीं कर रहे थे। 'चैक एवं बिल' के अन्तर्गत बकाया राशि की सीमा तक सरकारी रोकड़ शेष अधिक बताए गए तथा गलत स्थिति को दर्शाते हैं।

प्र.ले.का. में नमूना जांच ने प्रकट किया कि वि.मं. में ₹378.49 करोड़ की राशि के 3,751 चैक, आपूर्ति विभाग में ₹7.13 करोड़ की राशि के 854 चैक, परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय में ₹37,348.59 करोड़ की राशि के 888 चैक, तथा के.प्र.क.बो. में ₹16.31 करोड़ की राशि के 11,622 चैक छ: माह से अधिक समय तक बिना भुगतान किए रहे परंतु इन्हें प्रधान लेखा कार्यालय द्वारा 31 मार्च 2014 तक निरस्त नहीं किया गया था

2.4.4 प्रधान लेखा कार्यालयों द्वारा शेषों की समीक्षा न करना

विभिन्न लेखा नियमावली के अनुसार, वित्तीय वर्ष के अंत में, वे.ले.का. विभिन्न ऋण, जमा एवं प्रेषण (ऋ.ज.प्रे.) शीर्षें के अन्तर्गत शेषों का सत्यापन करेगा और जहॉ कहीं भी आवश्यक है यह सुनिश्चित करने हेतु कि शेषों की यथातथ्यता उन व्यक्तियों/पार्टियों द्वारा स्वीकार्य है जिनके द्वारा शेष रखे जाते हैं या जिसे देय हैं और गैर-समाधान विभिन्नताओं को दर्शाने वाले ब्यौरे एवं मामले जहां शेषों की स्वीकृति प्रतीक्षित है, को दर्शाने वाला विवरण प्रत्येक वर्ष 15 सितम्बर तक वार्षिक रूप से प्रधान लेखा कार्यालय को प्रस्तुत करना अपेक्षित है। प्रधान लेखा अधिकारी द्वारा पूरे मंत्रालय/विभाग की समेकित रिपोर्ट को समस्त रूप से प्रत्येक वर्ष 15 अक्तूबर तक महालेखा नियंत्रक को भेजा जाना अपेक्षित है। इस समीक्षा को करने का उद्देश्य लेखे के विभिन्न लेखा पुस्तिकाओं के अनुरक्षण की गुणवत्ता को सुनिश्चित करना तथा ऋण, जमा एवं प्रेषण के आंकड़ों का समाधान करना है।

सिविल विभागों के संबंध में, वर्ष 2009-10, 2010-11, 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 के शेषों की समीक्षा कुल 72 प्र.ले.का. में से क्रमश: केवल 25, 21, 20, 20 एवं 11 विभागों में पूर्ण की गई थीं।

कुछ वर्षों से वित्त लेखे में प्रतिकूल शेषों की बड़ी संख्या समय पर समीक्षा करने तथा अनुपालना कार्यों में प्र.ले.का. की विफलता का सूचक है।

ले.म.नि. ने उत्तर दिया (मार्च 2015) कि उचंत शीर्षों के अंतर्गत शेषों तथा प्रतिकूल शेषों का निपटान एक चालू प्रक्रिया थी तथा मंत्रालयों को उचंत तथा प्रतिकूल शेषों को निबटाने/निपटान करने हेतु शोधक कार्रवाई करने को कहा गया था।

2.4.5 विभागीय प्रबंधित सरकारी उपक्रम प्रोफार्मा लेखाओं की स्थिति

सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 का नियम 84 यह प्रावधान करता है कि विभागीय प्रबंधित वाणिज्यिक अथवा अर्ध-वाणिज्यिक प्रकृति के सरकारी उपक्रम नि.म.ले.प. की सलाह से सरकार द्वारा निर्धारित अनुषंगी लेखे तथा प्रोफार्मा लेखे अनुरक्षित करेंगे।

मार्च 2014 तक वाणिज्यिक या अर्ध-वाणिज्यिक प्रकृति के 38 विभागीय रूप से प्रबंधित सरकारी उपक्रम थे। इन उपक्रमों के वित्तीय परिणामों को प्रोफॉर्मा लेखे, जिसमें सामान्यत: व्यापार लेखा, लाभ एवं हानि लेखा तथा तुलन-पत्र सम्मिलित होते हैं, तैयार करके वार्षिक रूप से सुनिश्चित किया जाता है। जबकि भारत सरकार की प्रेस व्यापार लेखा, लाभ एवं हानि लेखा तथा तुलन-पत्र के बिना प्रोफॉर्मा लेखे तैयार करती है, प्रकाशन विभाग केवल भण्डारण लेखा तैयार करता है। विभागीय रूप से प्रबंधित केवल तीन सरकारी उपक्रमों ने वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए प्रोफार्मा लेखे तैयार किए थे। विभागीय रूप से प्रबंधित उपक्रमों द्वारा तैयार नवीनतम वार्षिक लेखाओं की उपलब्धता स्थिति को **अनुबंध-2.6** में दिया गया है।

तालिका 2.14: अवधि जिसके लिए प्रोफॉर्मा लेखे बकाया पड़े थे

प्रोफार्मा लेखे की तैयारी में विलम्ब	लेखा का वित्तीय वर्ष	उपक्रमों की संख्या
कोई विलम्ब नहीं	2013-14	3
एक वर्ष	2012-13	4
2-5 वर्ष	2007-08 से 2011-12	27
6 वर्ष एवं अधिक	2006-07 एवं पहले	4
	कुल	38

तालिका 2.14 दर्शाती है कि 5 उपक्रमों के प्रोफार्मा लेखे एक वर्ष तक विलंब में थे, जबकि 27 उपक्रमों ने वित्तीय वर्ष 2007-08 से 2011-12 के लेखे तैयार नहीं किए थे, में 2 वर्ष से 5 वर्ष तक विलंब था। प्रकाशन विभाग के मामले में, शहरी विकास मंत्रालय में, वित्तीय वर्ष 2000-01 से आगे के प्रोफार्मा लेखे तैयार नहीं किए गए थे।

अद्यतित प्रोफॉर्मा लेखे के अभाव में, इन संगठनों, जिन्हें वाणिज्यिक आधार पर प्रबंधित किया जाना नियत है, द्वारा प्रदत्त सेवाओं की लागत का पता नहीं लगाया जा सकता। उनकी गतिविधियों हेतु निवेश पर वापसी, लाभकारिता आदि जैसे निष्पादन संकेतकों को निर्धारित करना भी संभव नहीं था।

2.4.6 हानियॉं तथा गैर-वसूलनीय प्राप्यों को बट्टे खाते में डालना/स्थगित करना

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 का नियम 33 विचार करता है कि हानि के कारण तथा पहचान के ढंग का ध्यान किए बिना लोक धन, विभागीय राजस्व अथवा प्राप्तियां, रसीदी टिकटें, अफ़ीम, भण्डार अथवा सरकार द्वारा अथवा ओर से नियंत्रित अन्य सम्पत्ति की किसी भी हानि अथवा कमी को संबंधित अधीनस्थ प्राधिकारी द्वारा अगले उच्च अधिकारी के साथ-साथ सांविधिक लेखापरीक्षा अधिकारी तथा संबंधित प्रधान लेखा अधिकारी को तुरंत सूचित किया जाएगा चाहे ऐसी हानि की उत्तरदायी पक्ष द्वारा पूर्ति कर दी

गई है। ₹2,000 से कम मूल्य वाली छोटी हानियों को सूचित किए जाने की आवश्यकता नहीं है।

मंत्रालय/विभागों द्‌वारा प्रदान की गई वर्ष 2013-14 के दौरान बट्टे खाते में डाली गई/स्थगित की गई हानियों तथा गैर-वसूलनीय प्राप्यों को **अनुबंध-2.7** में दिया गया है। अनुबंध से यह देखा जा सकता है कि 2013-14 के दौरान, 120 मामलों में, ₹160.46 लाख बट्टे खाते में डाले गए थे। वर्ष के दौरान, 14,108 मामलों में छोड़ी गई वसूलियां तथा किए गए अनुग्रह भुगतान कुल ₹331.86 लाख तक थे।

3: विनियोग लेखे: 2013-14

3.1 संवैधानिक प्रावधान

लोक सभा द्वारा भारत के संविधान के अनुच्छेद 113 के अंतर्गत अनुदान हेतु मांगों के पारित होने के तुरंत बाद, सरकार अनुच्छेद 114 के अधीन भारत की समेकित निधि (भा.स.नि.) में से विनियोग के लिए एक विनियोग बिल प्रस्तुत करती है। संसद द्वारा पारित विनियोग अधिनियम, सरकार को विशिष्ट सेवाओं के लिए भा.स.नि. से उपयुक्त विशिष्ट राशियों के विनियोग का प्राधिकार देता है। संसद, संविधान के अनुच्छेद 115 के अंतर्गत अनुवर्ती विनियोग अधिनियमों द्वारा अनुपूरक अथवा अतिरिक्त अनुदान भी संस्वीकृत करती है। विनियोग अधिनियमों में अनुच्छेद 114 तथा 115 के नियमानुसार विभिन्न अनुदानों के अंतर्गत संसद द्वारा दत्तमत की गई सेवाओं पर संवितरण तथा अनुच्छेद 112(3) के साथ-साथ अनुच्छेद 273, 275(1) तथा 293(2) के अनुसार भा.स.नि. को प्रभारित किए गए संवितरण को प्राधिकृत किया गया है। सरकार प्रत्येक वर्ष विभिन्न सेवाओं पर उसके द्वारा वास्तव में व्यय की गई सकल राशि तथा विनियोग अधिनियमों द्वारा प्राधिकृत किए गए व्यय के विवरणों को दर्शाते हुए विनियोग लेखे तैयार करती है।

लेखा महानियंत्रक (ले.म.नि.) सिविल मंत्रालयों के 99 अनुदानों एवं विनियोजनों के संबंध में विनियोग लेखे तैयार करता है। रक्षा मंत्रालय, रेल तथा डाक विभाग अपने स्वयं के अनुदानों के विनियोग लेखे तैयार करते हैं। भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक प्रत्येक वर्ष संविधान के अनुच्छेद 151 के अंतर्गत अपने प्रतिवेदन सहित सरकार के कार्यकलापों के विभिन्न क्षेत्रों जैसे सिविल, रक्षा, डाक तथा रेलवे के संबंध में चार विनियोग लेखे राष्ट्रपति को प्रस्तुत करता है, जो उसे संसद के दोनों सदनों के समक्ष प्रस्तुत करवाते हैं। 2013-14 के दौरान विभिन्न मंत्रालयों के अनुदानों तथा विनियोगों के लिए मांगों का विवरण निम्नानुसार था:

मंत्रालय	अनुदानों/विनियोगों के लिए मांगों की संख्या
सिविल	99
रक्षा सेवाएं	6
डाक सेवाएं	1
रेलवे	16
योग	**122**

इस प्रतिवेदन में विनियोग लेखाओं (सिविल, डाक तथा रक्षा सेवाएं), पर लेखापरीक्षा टिप्पणियाँ निहित होती हैं जिनमें आवंटन से अधिक व्यय, जिसके लिए संसद द्वारा विनियमन आवश्यक हो, अव्ययित प्रावधान जिसके लिए स्पष्टीकरण की आवश्यकता हो, अनियमित तथा अविवेकपूर्ण पुनर्विनियोजन, कुछ मंत्रालयों द्वारा आवश्यकता के बिना किए गए अनुपूरक प्रावधान, अव्यवहारिक बजट तथा दो चयनित मंत्रालयों में सहायता अनुदान पर किए गए व्यय के संबंध में विस्तृत अभ्युक्तियों के विश्लेषण शामिल होते हैं। क्षेत्रीय विशिष्टताओं की बेहतर विवेचना की सुविधा हेतु सिविल मंत्रालयों/विभागों, डाक तथा रक्षा सम्बन्धी अनुदानों/विनियोगों पर व्यापक रूप से विचार किया गया है। विनियोग प्रक्रिया को पूर्ण रूप से समझने के उद्देश्य से आवश्यकतानुसार रेलवे विनियोगों के हवाले दिए गए हैं। तथापि, रेलवे विनियोग पर लेखापरीक्षा निष्कर्ष, 2013-14 को समाप्त वर्ष से सम्बन्धित लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में पृथक रूप से उपलब्ध है।

3.2 2013-14 के दौरान कुल प्रावधानों, वास्तविक संवितरणों तथा बचतों का सारांश

नीचे दिया गया **चार्ट 3.1** वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान सिविल मंत्रालयों/विभागों, डाक, रेलवे तथा रक्षा के मध्य व्यय के वितरण को दर्शाता है। जैसा कि चार्ट से देखा जा सकता है कि 91.21 *प्रतिशत* तक का अधिकतम व्यय सिविल मंत्रालयों द्वारा, रेलवे द्वारा 4.64 *प्रतिशत*, रक्षा द्वारा 3.84 *प्रतिशत* किया गया था जबकि कुल सकल व्यय का 0.31 *प्रतिशत* डाक द्वारा किया गया।

चार्ट 3.1: वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान सिविल मंत्रालयों/विभागों, रेलवे, डाक तथा रक्षा सेवाओं के मध्य व्यय का ब्यौरा



तालिका 3.1 वर्ष 2013-14 के दौरान सिविल मंत्रालयों/विभागों, रेलवे, डाक तथा रक्षा के मध्य व्यय का ब्यौरा दर्शाती है।

तालिका 3.1- वर्ष 2013-14 के दौरान प्रभारित एवं दत्तमत के अन्तर्गत व्यय

(₹ करोड़ में)

सिविल		रेलवे		डाक		रक्षा		कुल	
49,90,058		2,53,939		17,066		2,09,788		54,70,851	
दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत	प्रभारित	दत्तमत	प्रभारित
1014393	3975665	253580	359	17065	1	209575	213	**1494613**	**3976238**
20.33%	79.67%	99.86%	0.14%	99.99%	0.01%	99.90%	0.10%	**27.32%**	**72.68%**

नीचे **तालिका 3.2** वर्ष 2013-14 के दौरान सरकार के कुल प्रावधान (प्रभारित तथा दत्तमत दोनों) तथा संवितरण दर्शाती है। **अनुबंध 3.1** में सिविल मंत्रालयों, डाक, रेलवे तथा रक्षा सेवाओं के विनियोग लेखाओं के सारांश के ब्यौरे प्रस्तुत हैं।

तालिका 3.2: 2013-14 के दौरान प्रावधान तथा संवितरण

(₹ करोड़ में)

विभाग	कुल प्रावधान	संवितरण	बचत(-) आधिक्य(+)	कुल प्रावधान की तुलना में बचत/आधिक्य की प्रतिशतता
सिविल	5715817.89	4990057.83	(-) 725760.06	12.70
डाक	17310.37	17065.68	(-) 244.69	1.41
रक्षा सेवाएं	217648.54	209788.52	(-) 7860.02	3.61
रेलवे	264394.88	253938.75	(-) 10456.13	3.95
कुल योग	**6215171.68**	**5470850.78**	**(-) 744320.90**	**11.98**

सिविल मंत्रालयों/विभागों के अंतर्गत, ₹7,25,760 करोड़ की निवल बचत सिविल मंत्रालयों/विभागों से संबंधित 99 विनियोगों/अनुदानों में ₹7,25,800 करोड़ की बचत तथा तीन विनियोगों/अनुदानों के अंतर्गत ₹39.59 करोड़ के अधिक व्यय के कारण थी।

₹7,25,800 करोड़ के समग्र बचत में से सिविल मंत्रालयों/विभागों में अनुदान संख्या 38 विनियोग-ऋणों के पुनर्भुगतान के अंतर्गत पूँजीगत (प्रभारित) खण्ड में (₹5,02,957 करोड़), अनुदान संख्या 33-आर्थिक कार्य विभाग के अंतर्गत पूंजीगत (दत्तमत) में (₹63,463 करोड़), अनुदान संख्या 36-राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र सरकारों को अन्तरण के अंतर्गत राजस्व (दत्तमत/प्रभारित) खण्डों में (₹25,928 करोड़), अनुदान संख्या 83- ग्रामीण विकास विभाग के अंतर्गत राजस्व (दत्तमत) खण्ड में (₹15,817 करोड़), अनुदान संख्या 34- वित्तीय सेवा विभाग के अंतर्गत पूँजीगत (दत्तमत) खंड (₹14,017 करोड़) में, अनुदान संख्या 59 - स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग के अंतर्गत राजस्व (दत्तमत) खण्ड (₹10,153 करोड़) में तथा अनुदान संख्या 42- राजस्व विभाग के अंतर्गत राजस्व (दत्तमत) खण्ड (₹7,537 करोड़) में भारी बचतें हुई थीं।

₹39.59 करोड़ के समग्र अधिक व्यय में से, अनुदान संख्या 20- रक्षा मंत्रालय (राजस्व दत्तमत) में ₹35.89 करोड़, अनुदान संख्या-21 रक्षा पेंशन (राजस्व

प्रभारित) में ₹0.75 करोड़ तथा अनुदान संख्या 32- विदेश मंत्रालय (पूँजीगत दत्तमत) में ₹2.95 करोड़ का अधिक व्यय दर्ज हुआ।

सिविल मंत्रालयों/विभागों से संबंधित अनुदानों/विनियोगों के अंतर्गत 99 अनुदानों के 201 खण्डों में बचतें और तीन अनुदानों के तीन खण्डों में आधिक्य; डाक विभाग के तीन खण्डों में बचतें; रेलवे[1] के 14 खण्डों में बचतें और 19 खण्डों में आधिक्य तथा रक्षा सेवाओं के आठ खण्डों में बचतें तथा चार खण्डों में आधिक्य थे। **अनुबंध 3.2** बचतों और आधिक्य के सार को दर्शाता है।

3.3 प्रभारित तथा दत्तमत संवितरण

संविधान के अनुच्छेद 112(2) के अनुसार, प्रभारित एवं दत्तमत व्यय के बीच एक अन्तर बनाया गया है। प्रभारित व्यय वह व्यय हैं जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 112(3), 273, 275(1) तथा 293(2) में परिभाषित किया गया है। प्रभारित व्यय के अनुमानों को संसद के मत के अधीन नहीं लाया जा सकता जैसा कि संविधान के अनुच्छेद 113(1) में निर्धारित है, परंतु संसद के किसी भी सदन में उस पर चर्चा की जा सकती है। **अनुबंध 3.3** में 2000-2014 के वर्षों के लिए सिविल मंत्रालयों/विभागों की प्राधिकृत मांगों (अनुदान तथा विनियोग) के प्रति किए गए वास्तविक संवितरणों का विवरण दिखाया गया है। इन वर्षों के दौरान, सिविल मंत्रालयों/विभागों के कुल संवितरणों के 70 *प्रतिशत* से 81 *प्रतिशत* तक भारत की समेकित निधि को प्रभारित थे।

2013-14 के दौरान, सिविल मंत्रालयों/विभागों के अन्तर्गत ₹49,90,058 करोड़ के कुल संवितरण 2012-13 के दौरान किए गए ₹47,93,466 करोड़ के कुल संवितरण की तुलना में ₹1,96,592 करोड़ अधिक थे। यह 2000-01 के ₹5,66,042 करोड़ से 782 *प्रतिशत* अधिक था। प्रभारित संवितरण 2000-01 के ₹4,05,289 करोड़ से 881 *प्रतिशत* बढ़ कर 2013-14 में ₹39,75,665 करोड़ हो गए तथा उसी अवधि में दत्तमत संवितरण ₹1,60,753 करोड़ से

[1] रेलवे के अनुदान सं. 16- के चार राजस्व तथा चार प्रभारित खण्ड हैं।

531 *प्रतिशत* बढ़ कर ₹10,14,393 करोड़ तक हो गए थे। 2013-14 के दौरान सिविल मंत्रालयों/विभागों के प्रभारित संवितरण कुल संवितरणों के 80 *प्रतिशत* थे।

मुख्य प्रभारित संवितरणों में, ₹35,11,291 करोड़ के विनियोग ऋण पुनर्भुगतान, ₹3,95,200 करोड़ के विनियोग ब्याज भुगतान तथा राज्य तथा संघ शासित सरकारों को ₹64,904 करोड़ के अंतरण सम्मिलित थे। चूंकि प्रभारित संवितरण के अनुमान संसद के मतदान के अधीन नहीं हैं, इसलिए संसद द्वारा प्रभावी वित्तीय नियंत्रण की गुंजाइश संघ सरकार सिविल मंत्रालयों/विभागों के कुल संवितरण के 20 *प्रतिशत* तक ही सीमित होती है। **चार्ट 3.2**, 2009-10 से 2013-14 के दौरान पिछले पांच वर्षों में संघ सरकार में दत्तमत व्यय से प्रभारित व्यय की अधिकता को प्रकट करता है। तथापि सिविल, डाक, रक्षा सेवाएं और रेलवे को शामिल करते हुए, वित्तीय वर्ष 2013-14 के दौरान भा.स.नि. से ₹54,70,851 करोड़ के कुल संवितरणों की पृष्ठभूमि के प्रति प्रभारित संवितरण की प्रतिशतता 73 *प्रतिशत* (₹39,76,238 करोड़) थी।

चार्ट 3.2: वर्ष 2009-10 से 2013-14 के दौरान प्रभारित एवं दत्तमत खण्डों के अन्तर्गत व्यय



विनियोग लेखे 2013-14: एक विश्लेषण

3.4 अधिक संवितरण वाले अनुदान/विनियोग

संविधान के अनुच्छेद 114(3) के अनुसार विधि द्वारा पारित किए गए विनियोगों के अतिरिक्त, कोई भी धन भारत की समेकित निधि से आहरित नहीं किया जा सकता। इसके अतिरिक्त, सामान्य वित्तीय नियमावली 2005, के नियम 52(3) में अनुबंध है कि अनुपूरक अनुदान प्राप्त करने या आकस्मिक निधि से अग्रिम को छोड़कर, कोई ऐसा संवितरण नहीं किया जाना चाहिए जिसके कारण किसी वित्तीय वर्ष के दौरान संसद द्वारा प्राधिकृत कुल अनुदान अथवा विनियोग से आधिक्य हो जाए। **तालिका 3.3** में 2013-14 के दौरान भा.स.नि. में से प्राधिकृत संवितरण से ₹3493,06,46,212 (₹3493.06 करोड़) के आधिक्य का सारांश दिखाया गया है। सिविल मंत्रालयों/विभागों में तीन अनुदानों/विनियोगों के तीन खण्डों में ₹39,59,09,662 (₹39.59 करोड़), रेलवे के 12 अनुदानों/विनियोगों के 19 खण्डों में ₹2719,75,41,729 (₹2,719.75 करोड़) तथा रक्षा सेवाओं के तीन अनुदानों के चार खण्डों में ₹733,71,94,821 (₹733.72 करोड़) का अधिक संवितरण था।

तालिका 3.3: अनुदानों/विनियोगों से अधिक संवितरणों का सार

(राशि ₹ में)

		सिविल	रक्षा	रेलवे
दत्तमत	राजस्व	35,88,89,749	732,85,99,990	1854,69,72,730
	पूंजीगत	2,95,32,970	--	829,68,15,639
प्रभारित	राजस्व	74,86,943	85,94,831	22,39,52,699
	पूंजीगत	--	--	12,98,00,661
अनुदान/विनियोगों की संख्या		3	3	12
खंड		3	4	19
कुल आधिक्य		**39,59,09,662**	**733,71,94,821**	**2719,75,41,729**
कुल योग			**3493,06,46,212**	

अधिक व्यय, जिन्हें संविधान के अनुच्छेद 115(1)(ख) के अंतर्गत नियमित करना आवश्यक था, के विस्तृत ब्यौरे **तालिका 3.4** में दिए गए हैं।

तालिका 3.4: अनुदानों/विनियोगों से अधिक संवितरण के विवरण

क्र. सं.	अनुदान/विनियोग	आँकड़े ₹ में		मंत्रालयों/विभागों द्वारा बताए गए आधिक्य के कारण
सिविल राजस्व (दत्तमत)				
1.	20-रक्षा मंत्रालय	अनुदान व्यय आधिक्य	15696,62,00,000 15732,50,89,749 35,88,89,749	कारण प्रतीक्षित हैं। (मार्च 2015).
राजस्व **(प्रभारित)**				
2.	21-रक्षा पेंशन	विनियोग व्यय आधिक्य	4,23,00,000 4,97,86,943 74,86,943	मुख्यत: माननीय न्यायालय (सशस्त्र बल न्यायाधिकरण) की डिक्री के अनुपालन जो एक बाध्य व्यय है, के कारण।
पूंजीगत **(दत्तमत)**				
3.	32-विदेश मंत्रालय	अनुदान व्यय आधिक्य	1893,50,00,000 1896,45,32,970 2,95,32,970	आधिक्य विनिमय दर परिवर्तन के कारण था।
रेलवे राजस्व (दत्तमत)				
1.	05-मोटिव पावर की मरम्मत और अनुरक्षण	अनुदान व्यय आधिक्य	4397,04,93,000 4464,46,66,342 67,41,73,342	स्टॉक से भंडार का अधिक आहरण, मजदूरी तथा सामग्रियों पर अधिक व्यय, अधिक आवधिक मरम्मत (आ.म.) क्रियाकलापों के कारण अधिक वर्कशॉप डेबिटों का समायोजन तथा वर्ष के दौरान अनुमान से अधिक संविदात्मक भुगतान करना।
2.	06-सवारी डिब्बों एवं मालडिब्बों की मरम्मत तथा अनुरक्षण	अनुदान व्यय आधिक्य	10233,23,60,000 10330,64,11,236 97,40,51,236	वर्ष के दौरान आ.म. को मजदूरी तथा सामग्री पर अधिक व्यय होना, वर्कशॉप डेबिटों का अधिक समायोजन, अनुमानों से अधिक संविदात्मक भुगतान करना।
3.	08- प्रचालन खर्चे- रॉलिंग स्टॉक तथा उपकरण	अनुदान व्यय आधिक्य	8692,35,17,000 8797,44,55,905 105,09,38,905	स्टाफ लागत, अधिक प्रत्यक्ष खरीद के प्रति अधिक व्यय करना तथा अनुमान से अधिक संविदात्मक दायित्वों का भुगतान करना।
4.	10-प्रचालन खर्चे- ईंधन	अनुदान व्यय आधिक्य	28530,66,41,000 29214,21,50,268 683,55,09,268	वर्ष के दौरान अनुमान से अधिक हाई स्पीड डीजल (एच एस डी) तेल की मूल लागत में वृद्धि, डीजल इंजनों के अधिक क्रियाकलापों हेतु एच एस डी तेल का अधिक उपभोग तथा बिक्री कर/उत्पाद शुल्क तथा अन्य करों एवं उदग्रहणों के प्रति अधिक व्यय होना।

क्र. सं.	अनुदान/विनियोग	आँकड़े ₹ में		मंत्रालयों/विभागों द्वारा बताए गए आधिक्य के कारण
5.	13-भविष्य निधि, पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ	अनुदान व्यय आधिक्य	24797,13,12,000 25529,56,50,190 732,43,38,190	महंगाई भत्ते में वृद्धि होने के कारण पेंशन वितरण प्राधिकारियों से अधिक डेबिटों की प्राप्ति, मृत्यु एवं सेवानिवृत्ति उपदान- मामलों को अधिक संख्या में अंतिम रूप देना, पेंशन का चयन करने वालों को छुट्टी नकदीकरण तथा नव निर्दिष्ट अंशदान पेंशन योजना हेतु अनुमान से अधिक सरकार के योगदान के प्रति किया गया अधिक व्यय ।
6.	15-सामान्य राजस्वों को लाभांश, सामान्य राजस्व से लिए गए कर्जों का पुनर्भुगतान तथा पूंजीकरण से ऋण चुकाना .	अनुदान व्यय आधिक्य	7839,87,00,000 8008,66,61,789 168,79,61,789	रेलवे सम्मेलन समिति (2009) द्वारा वर्ष 2013-14 के लिए अनुशंसित लाभांश की दर में 4 प्रतिशत से 5 प्रतिशत तक वृद्धि के कारण सामान्य राजस्वों को लाभांश का अधिक भुगतान।
राजस्व (प्रभारित)				
7.	*03*-सामान्य अधीक्षण एवं सेवाएं	विनियोग व्यय आधिक्य	*50,31,000* *88,78,888* *38,47,888*	अनुमान से अधिक आज्ञप्ति भुगतान किया जाना
8.	*04*-स्थाई मार्गों तथा निर्माण कार्यों की मरम्मत तथा अनुरक्षण	विनियोग व्यय आधिक्य	*1,60,95,000* *2,34,41,216* *73,46,216*	
9.	*05*-चालन शक्ति की मरम्मत और अनुरक्षण	विनियोग व्यय आधिक्य	*0* *4,76,961* *4,76,961*	
10.	*06*-सवारी डिब्बों एवं माल डिब्बों की मरम्मत तथा अनुरक्षण	विनियोग व्यय आधिक्य	*2,00,000* *8,71,243* *6,71,243*	
11.	*07*-संयंत्र तथा उपकरण की मरम्मत तथा अनुरक्षण	विनियोग व्यय आधिक्य	*61,000* *61,385* *385*	
12.	*08*-परिचालन खर्चे - रोलिंग स्टॉक तथा उपकरण	विनियोग व्यय आधिक्य	*11,56,000* *51,52,570* *39,96,570*	

क्र. सं.	अनुदान/विनियोग	आँकड़े ₹ में		मंत्रालयों/विभागों द्वारा बताए गए आधिक्य के कारण
13.	*09*-परिचालन खर्चे-ट्रैफिक	विनियोग व्यय आधिक्य	*3,75,000* *3,07,94,596* *3,04,19,596*	
14.	*10*- परिचालन खर्चे - ईंधन	विनियोग व्यय आधिक्य	*61,38,40,000* *78,92,23,182* *17,53,83,182*	
15.	*11*-स्टाफ कल्याण तथा सुविधाएं	विनियोग व्यय आधिक्य	*2,25,000* *3,97,553* *1,72,553*	
16.	*13*-भविष्य निधि, पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ	विनियोग व्यय आधिक्य	*58,07,000* *74,45,105* *16,38,105*	
पूंजीगत (दत्तमत)				
17.	16-परिसम्पत्ति अधिग्रहण, निर्माण तथा प्रतिस्थापन-पूंजीगत	अनुदान व्यय आधिक्य	69618,75,85,000 70448,44,00,639 829,68,15,639	वर्ष के दौरान अनुमान से अधिक भण्डार बिलों, अवशिष्ट निर्माणकार्यों तथा निर्माणकार्य की प्रगति को अनुरूप करने के लिए अन्य विविध खर्चे करने, नई रेल, प्री स्ट्रेस्ड कंक्रीट स्लीपरों पर अधिक व्यय दर्ज करने, अधिक डेबिटों का समायोजन, भारतीय रेल वित्त निगम के पास पट्टा परिसंपत्तियों के पूंजीगत घटक का भुगतान, मशीनरी एवं संयंत्र मदों का अधिक अधिप्रापण, कच्चे माल की कीमत में परिवर्तन, ईंधन की खपत में वृद्धि तथा एच एस डी तेल के प्रति अधिक व्यय, सामान्य उद्देश्यों हेतु भण्डार का अधिक अधिप्रापण/प्राप्तियाँ तथा विभिन्न क्षेत्रीय रेलवे से भण्डारों के डेबिटों का समायोजन होना।
पूंजीगत (प्रभारित)				
18.	*16*-परिसम्पत्ति अधिग्रहण, निर्माण तथा प्रतिस्थापन पूंजीगत	विनियोग व्यय आधिक्य	*150,00,00,000* *162,15,62,239* *12,15,62,239*	अनुमान से अधिक आज्ञप्ति भुगतान किया जाना
19.	*16*-रेलवे निधि (मूल्यह्रास आरक्षित	विनियोग व्यय आधिक्य	*3,50,50,000* *4,32,88,422*	अनुमान से अधिक आज्ञप्ति भुगतान किया जाना

क्र. सं.	अनुदान/विनियोग	आँकड़े ₹ में		मंत्रालयों/विभागों द्वारा बताए गए आधिक्य के कारण
	निधि, विकास निधि, पूंजीगत निधि)		*82,38,422*	
रक्षा सेवाएं राजस्व (दत्तमत)				
1.	23 - रक्षा सेवाएं - नौसेना	अनुदान व्यय आधिक्य	13331,12,00,000 13451,52,30,532 120,40,30,532	वेतन एवं भत्तों, पेट्रोल, तेल तथा लुब्रिकैंट्स, अनुरक्षण पर व्यय बढ़ने तथा यू.एस. में फाइटर पायलट प्रशिक्षण तथा अल्पकालिक तदर्थ पाठयक्रमों की आवश्यकताओं को पूर्ण करने के लिए।
2.	24 - रक्षा सेवाएं-वायुसेना	अनुदान व्यय आधिक्य	19929,17,00,000 20115,89,28,987 186,72,28,987	वेतन एवं भत्तों, विमान तथा अन्य परिसंपत्तियों के अनुरक्षण हेतु अतिरिक्त आवश्यकता, वायुवाहित तथा भूमि आधारित हथियारों की पुन:पूर्ति, कपड़ों तथा राशन मदों के अधिप्रापण, एविएशन टरबाइन फ्यूल का अधिप्रापण, बिजली तथा पानी के किराए पर बढ़ता हुआ व्यय, भवनों का अनुरक्षण, मरम्मत तथा रखरखाव, किराए, दर और करों के भुगतान के कारण।
3.	25 - रक्षा आयुध फैक्ट्रियॉ	अनुदान व्यय आधिक्य	3072,84,00,000 3498,57,40,471 425,73,40,471	छावनी प्रभारों हेतु आवश्यकता का बढ़ना
राजस्व (प्रभारित)				
4.	*25 - रक्षा आयुध फैक्ट्रियॉ*	विनियोग व्यय आधिक्य	*8,40,00,000* *9,25,94,831* *85,94,831*	न्यायालय मामलों का अनुमान से अधिक संख्या में निपटान होना।

अनुदान/विनियोग आंकड़ों में अनुपूरक अनुदान/विनियोग, यदि कोई हो तो, शामिल हैं।

रेलवे अनुदानों से संबंधित विस्तृत टिप्पणियाँ, भारत के नियंत्रक-महालेखापरीक्षक के वर्ष 2013-14 के पृथक लेखापरीक्षा प्रतिवेदन में शामिल की गई हैं।

3.5 अनुदानों में निरंतर आधिक्य

संवीक्षा में 2009-10 से 2013-14 तक की पाँच वर्षों की अवधि हेतु लगातार आधिक्य के पंजीबद्ध अनुदानों को लिया गया था। संवीक्षा से पता चला कि विश्लेषण के चार वर्षों की अवधि में से कम से कम दो वर्षों में तथा वर्ष 2013-14 में नौ अनुदानों/विनियोगों के अंतर्गत 11 खंडों में निरंतर आधिक्य हुए थे। आवंटनों की तुलना में निरंतर आधिक्यों का अनुदानवार तथा वर्णवार विवरण नीचे **तालिका 3.5** में दिया गया है।

तालिका 3.5: अनुदानों/विनियोगों में निरंतर आधिक्य

(राशि ₹ में)

क्र. सं.	अनुदान/विनियोग का विवरण	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
सिविल पूंजीगत (दत्तमत)						
1.	32 - विदेश मंत्रालय-					
	आधिक्य	--	**26,97,65,506**	**7,23,26,294**	--	**2,95,32,970**
	व्यय		898,97,65,506	1398,23,26,294		1896,45,32,970
	अनुदान		872,00,00,000	1391,00,00,000		1893,50,00,000
सिविल राजस्व (प्रभारित)						
2.	21- रक्षा पेंशन-					
	आधिक्य	--	**10,74,960**	**28,54,467**	**3,99,60,400**	**74,86,943**
	व्यय		35,74,960	82,54,467	4,81,60,400	4,97,86,943
	विनियोग		25,00,000	54,00,000	82,00,000	4,23,00,000
रक्षा सेवाएं राजस्व (दत्तमत)						
3.	23-रक्षा सेवाएं-नौसेना					
	आधिक्य	**150,51,03,457**	**138,84,60,256**	--	--	**120,40,30,532**
	व्यय	9586,21,03,457	10141,36,60,256			13451,52,30,532
	अनुदान	9435,70,00,000	10002,52,00,000			13331,12,00,000

क्र. सं.	अनुदान/विनियोग का विवरण	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
रेलवे						
राजस्व (दत्तमत)						
4.	05- चालन शक्ति की मरम्मत तथा अनुरक्षण					
	आधिक्य	**90,87,30,288**	**75,06,60,832**			**67,41,73,342**
	व्यय	3479,19,71,288	3423,60,13,832			4464,46,66,342
	अनुदान	3388,32,41,000	3348,53,53,000	--	--	4397,04,93,000
5.	06- सवारी डिब्बों एवं माल डिब्बों की मरम्मत और अनुरक्षण-					
	आधिक्य	**164,57,39,230**	**221,08,77,978**			**97,40,51,236**
	व्यय	7857,06,14,230	7799,58,75,978			10330,64,11,236
	अनुदान	7692,48,75,000	7578,49,98,000	--	--	10233,23,60,000
6.	08- परिचालन खर्चे-रोलिंग स्टॉक एवं उपकरण-					
	आधिक्य	**36,30,60,599**	**189,88,89,127**		**28,17,03,579**	**105,09,38,905**
	व्यय	5983,59,00,599	6156,81,96,127		7888,94,97,579	8797,44,55,905
	अनुदान	5947,28,40,000	5966,93,07,000	--	7860,77,94,000	8692,35,17,000
7.	10 - परिचालन खर्चे- ईंधन -					
	आधिक्य	--	**398,08,55,127**	--	**658,82,43,046**	**683,55,09,268**
	व्यय		16771,04,34,127		22388,16,45,046	29214,21,50,268
	अनुदान		16372,95,79,000		21729,34,02,000	28530,66,41,000
8.	13- भविष्य निधि पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ-					
	आधिक्य	**1512,38,96,979**	**1403,97,51,918**	**769,61,68,663**	**981,95,20,896**	**732,43,38,190**
	व्यय	16911,20,69,979	16352,71,21,918	18326,96,73,663	21558,67,20,896	25529,56,50,190
	अनुदान	15398,81,73,000	14948,73,70,000	17557,35,05,000	20576,72,00,000	24797,13,12,000

क्र. सं.	अनुदान/विनियोग का विवरण	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
रेलवे						
राजस्व (प्रभारित)						
9.	*03*- सामान्य अधीक्षण और सेवाएं -					
	आधिक्य	***24,21,286***	***20,97,842***	***27,29,201***	***41,82,995***	***38,47,888***
	व्यय	*34,79,286*	*36,49,842*	*30,34,201*	*42,73,995*	*88,78,888*
	विनियोग	*10,58,000*	*15,52,000*	*3,05,000*	*91,000*	*50,31,000*
10.	*08*- परिचालन खर्चे-रोलिंग स्टॉक एवं उपकरण-					
	आधिक्य		***51,277***		***4,96,123***	***39,96,570***
	व्यय		*8,72,277*		*4,96,123*	*51,52,570*
	विनियोग	--	*8,21,000*	--	*0*	*11,56,000*
11.	*13* - भविष्य निधि, पेंशन एवं अन्य सेवानिवृत्ति लाभ-					
	आधिक्य			***4,09,113***	***15,63,329***	***16,38,105***
	व्यय			*62,67,113*	*73,83,329*	*74,45,105*
	विनियोग	--	--	*58,58,000*	*58,20,000*	*58,07,000*

कई अनुदानों में वर्ष-दर-वर्ष आधिक्य होना चिंता का विषय है। लोक लेखा समिति द्वारा आधिक्य के मामलों में कमी लाने की सिफारिश के बावजूद उक्त अनुदानों में निरंतर आधिक्य देखे गए हैं। मंत्रालयों/विभागों ने ठोस प्रयास नहीं किए तथा अधिक व्यय से बचने के लिए वित्तीय अनुशासन का पालन करने हेतु प्रभावी तंत्र विकसित नहीं किए थे।

3.6 लघु/उपशीर्ष-वार आधिक्य व्यय

सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 के नियम 58(1) के अनुसार व्यय वहन करने वाले अधीनस्थ प्राधिकारी यह सुनिश्चित करने के लिए उत्तरदायी होगा कि उसके अधीन रखे गए आवंटन में आधिक्य न हो। यदि कहीं आवंटन से

अधिक व्यय की शंका हो तो अधीनस्थ प्राधिकारी को अधिक व्यय करने से पूर्व अतिरिक्त आवंटन प्राप्त कर लेना चाहिए।

तथापि वर्ष 2013-14 के शीर्षवार विनियोग लेखाओं में पाया गया कि 24 अनुदानों के 68 लघु/उपशीर्षों में, उपलब्ध प्रावधानों से ₹5 करोड़ तथा इससे अधिक का व्यय था। यद्यपि इन लघु/उप शीर्षों के अंतर्गत उपलब्ध प्रावधानों से ₹5,048.92 करोड़ का अधिक व्यय किया गया था लेकिन संबंधित अनुदान/विनियोग प्रबंधन अधिकारी ने उपलब्ध प्रावधान से किए गए अधिक व्यय को समायोजित करने के लिए कोई पुनर्विनियोग आदेश जारी नहीं किए थे जो बजटीय नियंत्रण में ढील को दर्शाता है। लघु/उप शीर्षों, जिसमें अधिक व्यय किए गए थे, की सूची **अनुबंध 3.4** में दी गई है।

3.7 अनुदानों/विनियोगों में ₹100 करोड़ अथवा अधिक की बचत

लोक लेखा समिति (10वीं लोक सभा, 1990-91) ने अपनी 60वीं रिपोर्ट (पैरा 1.22 तथा 1.24) में पाया था कि ₹100 करोड़ या इससे अधिक की बचतें होना त्रुटिपूर्ण बजट बनाने तथा एक अनुदान या विनियोग में निष्पादन की कमी को दर्शाता है। अत: समिति ने इच्छा व्यक्त की कि प्रत्येक वर्ष अनुदान के एक खंड में ₹100 करोड़ या इससे अधिक की बचतों के संबंध में संबंधित मंत्रालय/विभाग द्वारा एक विस्तृत टिप्पणी भेजी जानी अपेक्षित थी।

वर्ष 2013-14 के वित्तीय वर्ष के दौरान 78 अनुदानों (सिविल, डाक, रेलवे, रक्षा सेवाओं सहित) के 102 मामलों में ₹100 करोड़ से अधिक की बचत हुई थी जिसके लिए लोक लेखा समिति (लो.ले.स.) को एक विस्तृत व्याख्यात्मक टिप्पणी भेजनी आवश्यक थी। भारी बचतें इन अनुदानों: विनियोग ऋण के पुनर्भुगतान (₹5,02,957 करोड़), आर्थिक कार्य विभाग (₹63,651 करोड़), राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों में अंतरण (₹26,928 करोड़), ग्रामीण विकास विभाग (₹15,817 करोड़), वित्तीय सेवाएं विभाग (₹14,764 करोड़), विद्यालय शिक्षा एवं साक्षरता विभाग (₹10,153 करोड़), रक्षा सेवाओं पर पूंजीगत

परिव्यय (₹7,592 करोड़), राजस्व विभाग (₹7,537 करोड़), निधियों-मूल्यह्रास आरक्षित निधि, विकास निधि, पेंशन निधि तथा पूंजीगत निधि (रेलवे) को पुनर्विनियोग (₹6,156 करोड़), योजना मंत्रालय (₹6,348 करोड़), स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग (₹7,060 करोड़), विनियोग ब्याज भुगतान (₹5,301 करोड़), विद्युत मंत्रालय (₹5,450 करोड़), पंचायती राज मंत्रालय (₹3,739 करोड़), पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय (₹3,325 करोड़), कृषि अनुसंधान एवं सहकारिता विभाग (₹3,317 करोड़), भूमि संसाधन विभाग (₹3,277 करोड़), सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय (₹3,484 करोड़), पुलिस (₹4,360 करोड़), महिला एवं शिशु विकास मंत्रालय (₹2,601 करोड़), उच्च शिक्षा विभाग (₹2,417 करोड़), दूरसंचार विभाग (₹4,304 करोड़), आदि में देखी गई थी। विभिन्न अनुदानों/विनियोग के अंतर्गत ₹100 करोड़ अथवा इससे अधिक की बचतें **अनुबंध 3.5** में दी गई हैं।

पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु सहायता अनुदान		57326	132587	115710	129839
सहायता अनुदान सामान्य	291443	295318	232613	231951	256773

स्रोत: ई-लेखा डाटा डम्प। डाटा में सभी सिविल, डाक तथा रक्षा अनुदानों हेतु व्यय शामिल है परंतु 'रेलवे'. शामिल नहीं है (पूंजीगत लेखा में गलती से वर्गीकृत सहायता अनुदान को छोड़कर)

5.2.1 प्रभारित तथा दत्तमत सहायता अनुदान

वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए सहायता अनुदान व्यय में से प्रभारित व्यय लगभग 14 *प्रतिशत* था। ये अनुदान, जो प्रकृति में गैर-योजनागत है, संविधान के अनुच्छेद 275 (1) के अनुसार बनाए गए हैं।

नीचे चार्ट पांच वर्षों की अवधि के प्रभारित दत्तमत सहायता अनुदानों का विवरण दर्शाता है।

चार्ट 5.3: प्रभारित तथा दत्तमत सहायता अनुदान



स्रोतः ई-लेखा डाटा डम्प। डाटा में सभी सिविल, डाक तथा रक्षा अनुदानों हेतु व्यय शामिल है परंतु 'रेलवे'. शामिल नहीं है (पूंजीगत लेखा में गलती से वर्गीकृत सहायता अनुदान को छोड़कर)

वर्ष 2013-14 के लिए प्रभारित सहायता अनुदान को मख्य रूप से दो मांगों अर्थात राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र सरकारों को अंतरण तथा जनजाति कार्य मंत्रालय को जारी किया गया था। ₹57,388 करोड़ के प्रभारित अनुदानों में से राज्य सरकारों को प्रदान किए गए ₹53,905 करोड़ के अनुदान मांग सं. 36 के लिए थे। संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत अनुदान, मुख्य रूप से, राज्यों के गैर-योजनागत राजस्व घाटे, प्रारम्भिक शिक्षा, पर्यावरण, परिणामों को सुधारने, सड़कों एवं पुलों के अनुरक्षण, स्थानीय निकायों, आपदा राहत इत्यादि के लिए है। इसी प्रकार, जनजातीय कार्य मंत्रालय संविधान के अनुच्छेद 275(1) के अंतर्गत जनजातीय क्षेत्रों में महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं को सृजित करने तथा अनुसूचित जनजातियों के कल्याण हेतु योजनाओं के लिए योजना अनुदान प्रदान करता है।

5.2.2 योजनागत तथा गैर-योजनागत अनुदान

संघ सरकार द्वारा दोनों, नियोजित योजनाओं के निष्पादन हेतु तथा अन्य उद्देश्यों हेतु सहायता अनुदान प्रदान किए जाते हैं। **चार्ट 5.4** योजनागत तथा गैर-योजनागत वर्ग के अधीन सहायता अनुदानों के विवरण दर्शाता है। सहायता अनुदानों का एक बड़ा हिस्सा नियोजित योजनाओं के निष्पादन हेतु प्रदान किया गया सहायता अनुदान है। 2009-10 से 2013-14 के दौरान योजनागत सहायता अनुदान का अंश कुल सहायता अनुदान के 78 से 80 *प्रतिशत* के बीच था।

चार्ट 5.4: योजनागत बनाम गैर-योजनागत सहायता अनुदान



	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
योजनागत	227490	278095	293481	293995	318211
गैर-योजनागत	63953	74549	73768	72202	88931

स्रोत : ई-लेखा डाटा डम्प (नवम्बर 2014) । पूंजीगत लेखा में गलती से वर्गीकृत सहायता अनुदान को छोड़कर डाटा में सभी सिविल, डाक तथा रक्षा अनुदानों हेतु व्यय शामिल है परंतु 'रेलवे' शामिल नहीं है

2009-10 से 2013-14 तक पांच वर्षों की अवधि के दौरान योजनागत अनुदानों ने 40 *प्रतिशत* की वृद्धि सूचित की जबकि गैर-योजनागत अनुदान 39 *प्रतशित* तक बढ़े हैं।

5.3 योजनागत सहायता अनुदान व्यय की बदलती प्रकृति

नब्बे के मध्य से संघ सरकार कई केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु अपेक्षित धन को, कार्यान्वयन अभिकरणों, जो कि समितियां, स्वायत्त निकाय, गैर-सरकारी संगठन आदि हैं, के खातों में सीधे अंतरित करने की प्रक्रिया का अनुपालन कर रही है। अंतरण की इस पद्धति को प्रायः 'समिति पद्धति' के रूप में संदर्भित किया जाता है। ऐसी संस्थाऐं राज्य तथा जिला स्तर दोनों पर हैं

तथा उनकी निधियां राज्य की समेकित निधि से बाहर हैं। संघ सरकार की अन्य पद्धति राज्य सरकार द्वारा अनुदानों का अंतरण करना है तथा यह "राजकोषीय पद्धति" के रूप में संदर्भित है, जो इस प्रकार अंतरण की गई राशि को भारत के संविधान के अनुच्छेद 266 के अनुरूप राज्यों की समेकित निधि में क्रेडिट करने पर जोर देता है। क्रेडिट की गई राशि को फिर वैधानिक प्राधिकरण के माध्यम से समेकित निधि से विनियोजित किया जाता है। अंतरण की यह पद्धति एक संतुलित लेखांकन प्रणाली द्वारा समर्थित है जो लेखांकन में व्यय के अंतिम शीर्ष तक का पता लगाती है, जिसमें प्रत्येक लेन-देन के वाउचर राजकोष तथा राज्य महालेखाकार के पास उपलब्ध होते हैं। यह सुविकसित लेखांकन ढांचा उचित वित्तीय प्रबंधन को सुनिश्चित करता है तथा व्यय की गुणवत्ता पर पर्यवेक्षण प्रदान करता है।

समिति पद्धति के माध्यम से अनुदानों के अंतरण की प्रमात्रा तेजी से बढ़ी है। प्रथम वर्ष अर्थात वित्तीय वर्ष 2006-07 से जिसके लिए तुलनीय डाटा उपलब्ध है, संघ सरकार के लेखों में दर्ज व्यय ₹43,816[1] करोड़ का है। वर्ष 2013-14 के दौरान, यह आंकड़ा ₹1,12,708[1] करोड़ तक बढ़ा है जो लगभग ढाई गुना बढ़ा है। नीचे चार्ट राजकोषीय पद्धति के माध्यम से राज्यों/केन्द्र शासित क्षेत्रों को, समिति पद्धति से सीधे कार्यान्वयन अभिकरणों को एवं मंत्रालय के क्रियात्मक शीर्षों से अन्य निकाय/प्राधिकरणों को जारी किए गए सहायता अनुदानों के ब्यौरों को दर्शाता है।

[1] वर्ष 2006-07 एवं 2013-14 में राजस्व खंड के अंतर्गत कार्यान्वयन अभिकरणों को प्रत्यक्ष जारी राशि क्रमशः ₹43,372 करोड़ एवं ₹1,12,050 करोड़ थी।

चार्ट 5.5: राज्य सरकारों तथा अन्य अभिकरणों को योजनागत सहायता अनुदान



	2009-10	2010-11	2011-12	2012-13	2013-14
राज्य/सं.शा.क्षे. $	101466	116629	134635	139106	143184
कार्यान्वयन अभिकरण#	89936	118051	108480	104311	112050
अन्य^	36088	43415	50366	50578	62977

$-डाटा स्रोत: ई-लेखा डाटा डम्प (नवम्बर 2014)। इसमें जर्नल प्रविष्टियाँ शामिल नहीं है। डाटा में सभी सिविल, डाक तथा रक्षा अनुदानों हेतु व्यय शामिल हैं परन्तु 'रेलवे' शामिल नहीं है।

डाटा स्रोत: व्यय बजट की विवरणी सं.18 का खण्ड-।

^ संतुलन आंकड़ा

केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं के कार्यान्वयन हेतु निधियों के अंतरण के लिए राज्यों की समेकित निधि के बाहर राज्य तथा जिला स्तरीय अभिकरणों को स्थापित करने की एक मुख्य अभिप्रेरणा, ऐसे अंतरणों को राज्यों द्वारा अपने अर्थोपाय उद्देश्यों हेतु उपयोग किये जाने से बचाना था। राशियों का अर्थोपाय उद्देश्यों हेतु उपयोग किया जा रहा है, के आधार पर समिति पद्धति के माध्यम से निर्गमों का औचित्य तर्कसंगत नहीं है हाल के वर्षों में बड़ी संख्या में राज्य सरकारों के पास एक बड़ा रोकड़ आधिक्य रहा है।

इसके अतिरिक्त, इस प्रणाली को कार्यक्रम उद्देश्यों को प्राप्त करने हेतु लोक निधियों का व्यय करने में कार्यान्वयन अभिकरणों को अधिक प्रत्यायोजित तथा लचीला बनाने के लिए कार्यान्वित किया गया था। तथापि, जवाबदेही ढांचे का अनुकूल सुदृढ़ीकरण नहीं किया गया है। विकेन्द्रित समिति/कार्यान्वित अभिकरण पद्धति में प्राधिकार के फालतू तथा दुरूपयोग के नियंत्रण की जिम्मेदारी नाकाम हो गई हैं।

यह पाया गया था कि विभिन्न विकासात्मक एवं सामाजिक सहायता को तर्कसंगत करने के वृहतर प्रयास के भाग के रूप में मौजूदा केन्द्रीय

प्रायोजित/अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता योजनाएँ, योजना आयोग के जुलाई 2013 के कार्यालय ज्ञापन के अनुसार 66 योजनाओं में पुनर्गठित की गयी है। कार्यालय ज्ञापन प्रकट करता है कि वित्तीय वर्ष 2014-15 के निधियों से सभी केन्द्र द्वारा प्रायोजित योजनाओं के साथ इन 66 योजनाओं के संबद्ध अतिरिक्त केन्द्रीय सहायता संबंधित राज्यों की समेकित निधि के द्वारा चरणबद्ध तरीके से अंतरित की जाएगी

5.3.1 कार्यान्वयन अभिकरणों (का.अ.) के लेखों में अनिर्धारणीय अव्ययित शेष

वर्ष 2013-14 में, संघ सरकार ने केन्द्रीय प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य/जिला स्तरीय स्वायत्त निकायों तथा प्राधिकरणों, समितियों, गैर-सरकारी संगठनों आदि को सीधे ₹1,12,708[2] करोड़ जारी किए। चूंकि कार्यान्वयन अभिकरणों (का.अ.) द्वारा निधियों का व्यय उसी वित्तीय वर्ष में नहीं किया गया था, उनके खातों में अव्ययित निधि की बड़ी राशि पड़ी थी। सरकारी खाते से बाहर का.अ. के खाते में रखी गयी, अव्ययित शेषों की कुल राशि तुरंत सुनिश्चित करने की स्थिति में नहीं है। इसलिए सरकारी व्यय, जैसा कि लेखों में दर्शाया गया है, को उस सीमा तक अधिक बताया गया है। सरकारी लेखे प्रत्यक्ष निर्गमों की यथार्थ राशि भी प्रकट नहीं करते।

लोक व्यय (समिति) के दक्ष प्रबंधन पर रंगराजन समिति ने समिति पद्धति के कार्यान्वयन में कई कमियां पाई। कमियों में का.अ. हेतु लेखांकन कार्यढांचा का एक समान न होना, इस प्रकार सृजित परिसम्पत्तियों के आश्वासन तथा लेखांकन की कमी, का.अ. द्वारा किए गए व्यय पर केन्द्रित डाटा की अनुपस्थिति, क्या उपयोग प्रमाणपत्र प्राधिकृत है पर आश्वासन की अनुपस्थिति, बड़े अव्ययित शेषों का प्रणाली के बाहर प्रवाह के रूप में रहना तथा नि.म.ले.प. के लेखापरीक्षा क्षेत्र का सभी उप-अनुदान ग्राहियों पर व्यापक न होना शामिल है।

समिति ने यह भी पाया कि राजकोष पद्धति के माध्यम से निर्गत निधियों के लाभों पर अधिक बल नहीं दिया जा सका था। उसने यह भी बताया कि यह पद्धति सभी विपत्तियों का निपटान न कर पाए फिर भी यह बहु-अभिकरणों तथा

[2] व्यय बजट 2015-16 (खण्ड-I) विवरणी-18 के अनुसार

संस्थान जिन पर राज्य का कम नियंत्रण था, वाली प्रणाली से अच्छी थी। तेरहवें वित्त आयोग ने भी बताया था कि इष्टतम समाधान निधियों का निर्गम राज्य बजटों के माध्यम से करें जिससे कि राजकोष प्रणाली निधियों के उपयोग को सूचित कर सके तथा राज्य सरकार योजनाओं के कार्यान्वयन को मॉनीटर कर सके।

समिति ने आगे सिफारिश की कि बारहवीं पंचवर्षीय योजना से सभी नई योजनाओं के साथ यथासंभव निधियों के अंतरण को पूर्णत: राजकोष पद्धतियों में सीधे अंतरण करना प्रारंभ किया जाए। विद्यमान योजनाओं के लिए आवश्यक समायोजन हेतु लघु परवर्ती अवधि अपेक्षित थी। तथापि, जबकि राजकोष पद्धतियों में पूर्ण अंतरण कर दिया गया था फिर भी समिति पद्धति के अंतर्गत योजनाओं के लेखांकन, बकाया उपयोग प्रमाणपत्र को प्रस्तुतीकरण तथा लेखापरीक्षण को तर्कसंगत किया जाना था।

वर्ष 2007-08 के लिए शुरू हो रहे नि.म.ले.प. के लेखापरीक्षा प्रतिवेदन सं. सी.ए.-13 में भी इस विषय पर उत्तरोत्तर रूप से टिप्पणी की गई है।

व्यय विभाग ने लोक लेखा समिति को अपने उत्तर (जनवरी 2014) में स्वीकार किया कि विकास अथवा सामाजिक सहायता हेतु आवश्यक निधियों का बेकार पड़े रहना, न केवल एक अपर्याप्त वित्तीय स्थिति में ऋण लेने के उच्च कीमत के कारण अस्वीकार्य है अपितु इसलिए भी कि इन निधियों से आयोजित की जाने वाली गतिविधियां भी प्रतिकूल रूप से प्रभावित होंगी। विभाग ने इसके अतिरिक्त बताया कि संशोधित अनुमानों की बैठकों के दौरान, कार्यान्वयन अभिकरणों के पास पड़े अव्ययित शेषों की सावधानी से जांच की गयी एवं मंत्रालय को ऐसे शेषों की मात्रा को कम करने की सलाह दी गयी है। इसके अतिरिक्त, स्वायत्त निकायों/गै.स.सं./संस्थान एवं केन्द्रीय/राज्य/स्थानीय निकाय स्तर के संगठन (राज्य सरकार को छोडकर) को किसी प्रकार का अनुदान जारी न करने के निर्देश भी जारी (नवम्बर 2012) किये जा चुके हैं, यदि उस निकाय ने केन्द्र सरकार द्वारा जारी अनुदानों से संबंधित सभी उपयोग प्रमाण-पत्र प्रस्तुत नहीं किया हो। विभाग ने यह भी बताया कि 66 पुनर्गठित योजनाओं हेतु केन्द्रीय निधि राज्यों की समेकित निधि के माध्यम से 2014-15 से एक चरणबद्ध तरीके से अंतरित की जाएगी। संघीय बजट 2014-15 के अनुरूप राज्य/जिला स्तरीय स्वायत्त

निकायों/कार्यान्वयन अभिकरणों को केन्द्रीय योजना सहायता की कोई निधि प्रत्यक्ष अंतरित नहीं की गई थी।

5.3.2 सहायता अनुदान व्यय के मामले में नि.म.ले.प. के लेखापरीक्षा प्रबंधन

सार्वजनिक सेवा वितरण मुख्यत: सामाजिक क्षेत्र में, सरकारी अभिरकणों, सरकार के विभिन्न स्तरों तथा गैर-सरकारी संगठनों सहित निजी क्षेत्र के बीच बढ़ते हुए जटिल अंत: संबंध द्वारा वर्णित किया गया है। हाल के वर्षों में, प्रमुख कार्यक्रमों तथा अन्य केन्द्रीय प्रायोजित योजनाओं, जो योजनागत व्यय का सार्थक अनुपात संघटित करती है, के कार्यान्वयन हेतु केन्द्रीय सरकारी नीति में उदाहरणीय परिवर्तन है।

संघ सरकार, योजनागत योजनाओं के अंतर्गत विभिन्न अभिकरणों सिविल मंत्रालयों/विभागों के लिए विदेश मंत्रालय, परमाणु ऊर्जा विभाग एवं अंतरिक्ष विभाग को छोडकर जारी सभी सहायता अनुदानों का एक डाटा बेस का अनुरक्षण करती हैं। डाटाबेस को लोक वित्तीय प्रबंधन प्रणाली (लो.वि.प्र.प्र.) (पूर्व में केन्द्रीय नियोजित योजना मॉनीटरिंग प्रणाली के.नि.यो.मॉ.प्र) कहा जाता है। लेखापरीक्षा को उपलब्ध कराए लो.वि.प्र.प्र. के डाटा के आधार पर सहायता अनुदान व्यय का व्यापक विश्लेषण किया गया था। प्राप्तकर्ताओं की सैद्धांतिक श्रेणियों के अनुसार विद्यमान सार्वजनिक लेखापरीक्षा प्रबंधों सहित जारी अनुदानों के विवरण जैसा कि लो.वि.प्र.प्र. में सम्मिलित है **तालिका 5.1** में दिया गया है:-

तालिका 5.1: 2013-14 के दौरान श्रेणी वार योजना गत जारी अनुदान तथा लेखापरीक्षा अधिदेश

श्रेणी	जारी राशि (₹करोड़ में)	नि.म.ले.प. (कर्त्तव्य,शक्ति एवं सेवा शर्तें) अधिनियम1971 के संदर्भ में नि.म.ले.प.का लेखापपरीक्षा अधिदेश
केन्द्रीय सरकारी संस्थान*	1229.87	धारा 14, 15 एवं 20
राज्य सरकार/संघ शासित क्षेत्र उपक्रम	142103.13	धारा 13
केन्द्रीय सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	6512.93	धारा 19(1)
राज्य सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	2934.74	धारा 19(1)
सांविधिक निकाय	6589.42	धारा 19(2) एवं (3)

स्थानीय निकाय	3996.32	धारा 14, 15 एवं 20 तथा तकनीकी मार्गदर्शन तथा सहायता (प्र.भा.स.) के अंतर्गत
पंजीकृत समितियां (सरकारी स्वायत्त निकाय)	144316.56	धारा 14, 15 एवं 20
पंजीकृत समितियां (गैर सरकारी संस्थान)	1836.46	धारा 14, 15 एवं 20
निजी क्षेत्र कम्पनियां	1604.03	धारा 14, 15 एवं 20
राज्य सरकारी संस्थान	2629.08	धारा 13, 14, 19 एवं 20
अंतराष्ट्रीय संगठन	45.37	--
व्यक्तिगत	22.92	--
ट्रस्ट	626.64	--
राज्य सरकार आहरण एवं वितरण अधिकारी	35.47	--
कुल	**314482.94**	

स्रोत: ले.म.नि. द्वारा प्रस्तुत डाटा लो.वि.प्र.प्र. के अनुसार

* डाटाबेस में दर्शाए गए श्रेणी के नाम (अभिकरण का प्रकार) लो.वि.प्र.प्र. के अनुसार केवल केन्द्र सरकार हैं। अभिकरण के प्रकारों में अन्य श्रेणी ब्यौरे को लो.वि.प्र.प्र. डाटा बेस में दर्शाए गए के अनुसार माना गया है।

- उपरोक्त तालिका में प्रथम पांच श्रेणियों सरकारी व सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थानों को प्रदर्शित करती है। ऐसे मामलों में भा.नि.म.ले.प. की लेखापरीक्षा छूट सुस्पष्ट है। इन मामलों में अंतरण की पद्धति एक उच्च लेखांकन प्रणाली से समर्थित है तथा विशेषकर राज्य एवं सं.शा.क्षे. सरकारों से संबंधित व्यय का पता अंत में लगाया जा सकता है। जहां प्रत्येक लेन-देन से संबंधित वाउचर राज्य महालेखाकार के पास उपलब्ध है।

- योजनागत निधियों की पर्याप्त राशि पंजीकृत समितियों/गैर-सरकारी संगठनों/ट्रस्टों को भी जारी की गई है। इनमें से अधिकांश संस्थान नि.म.ले.प. के प्रत्यक्ष लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं है। नि.म.ले.प. (कर्तव्य, शक्तियाँ एवं सेवा शर्तें) अधिनियम 1971 निर्धारित करता है कि नि.म.ले.प. द्वारा सरकार द्वारा पर्याप्त रूप से निधिबद्ध निकायों अथवा प्राधिकरणों की लेखापरीक्षा तब की जा सकेगी जब उस संस्थान के कुल व्यय का 75 प्रतिशत सरकार द्वारा निधिबद्ध किया गया हो, तथा अनुदान या ऋण के रूप में सहायता ₹25 लाख से अधिक हो

नि.म.ले.प. भारत के राष्ट्रपति की पूर्व स्वीकृति से वैकल्पिक रूप से उन संस्थानों की लेखापरीक्षा कर सकेगा, अगर उन संस्थानों को दी गई सहायता ₹1 करोड़ से अधिक हो। इस प्रकार, नि.म.ले.प. द्वारा इन संस्थाओं की, जो कि पर्याप्त रूप से सरकार द्वारा निधिबद्ध है, लेखापरीक्षा करने हेतु अनुदानग्राही संस्थान के कुल व्यय के विवरण की आवश्यकता इस संतुष्टि के लिए होगी कि सरकार द्वारा प्रदान की गई अनुदान/सहायता का कुल व्यय 75 प्रतिशत से अधिक है। यह ऐसे इकाईयों के वार्षिक लेखों को नि.म.ले.प. को लेखापरीक्षा हेतु उपलब्ध कराना अपेक्षित करता है। नवम्बर 2007 में लेखापरीक्षा एवं लेखा पर अधिसूचित विनियम में एक प्रावधान है कि सरकारों एवं विभागाध्यक्षों, जो निकायों अथवा प्राधिकरणों के अनुदान एवं ऋण संस्वीकृत करती है, को लेखापरीक्षा कार्यालय में प्रत्येक वर्ष जुलाई के अंत में ऐसे निकायों एवं प्राधिकरणों की विविरणी प्रस्तुत करें जिन्हें कुल ₹10 लाख एवं अथवा अधिक का ऋण विगत वर्ष के दौरान प्रदान किया गया था, इसमें (क) सहायता की राशि (ख) जिस प्रयोजन हेतु सहायता संस्वीकृत की गयी, (ग) निकाय या प्राधिकरण का कुल व्यय दर्शाया गया हो। तथापि, वर्तमान में सरकार के पास स्वयं के द्वारा पर्याप्त रूप से निधिबद्ध निकायों के वार्षिक लेखों को प्राप्त करने तथा इन लेखों को नि.म.ले.प. को प्रेषित करने हेतु कोई क्रियाविधि नहीं है। यह ऐसे संस्थानों की समय से लेखापरीक्षा करने तथा नि.म.ले.प. द्वारा संसद को लेखापरीक्षा निष्कर्षों को समय पर सूचित करने को भी सीमित करता है।

- कुछ प्रमुख कार्यक्रम तथा योजना दिशानिर्देश वास्तविक व्यय तथा कार्यक्रम सुपुर्दगी हेतु उप-अनुदानग्राहियों को एक भाग अथवा पूर्ण राशि सौपने वाले प्रधान दानभोगी निकाय अथवा प्राधिकरण के माध्यम से सरकारी सहायता करने का विचार करते हैं। सरकारी निधीयन प्राप्त कर रहे विभिन्न अभिकरण तथा समितियों की लेखापरीक्षा नि.म.ले.प. (क.श.से.श.) अधिनियम 1971 की धारा 14,15, 19 तथा 20 के अंतर्गत की जाती है। तथापि, विद्यमान प्रावधानों में उप-अनुदानग्राहियों,

कार्यान्वयन अभिकरणों समितियों आदि जो समेकित निधि से या तो प्रत्यक्ष रूप से या फिर अप्रत्यक्ष रूप से अनुदान प्राप्त कर रहे हैं, की लेखापरीक्षा हेतु कोई विनिर्दिष्ट प्रावधान नहीं है।

- इसके अतिरक्त, एक पर्याप्त संख्या में समितियां पंजीकृत समितियों/ गैरसरकारी संगठन/ट्रस्ट केवल प्रथम स्तरीय अनुदानग्राही है। यह प्रत्यक्ष रूप से नियोजित योजनाओं के कार्यान्वयन में शामिल नहीं है। वे बदले में, कार्यान्वयन अभिकरणों को अनुदान प्रदान करते है। ऐसे उप-अनुदानग्राही सीधे नि.म.ले.प. के लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत नहीं आते है।
- स्थानीय निकायों जैसे पंचाययती राज संस्थान तथा शहरी निकायों जैसे निगम एवं नगर पालिकाओं के मामलों में, अधिकांश राज्यों में, नि.म.ले.प. प्राथमिक लेखापरीक्षा नहीं है परन्तु प्राथमिक लेखापरीक्षकों को तकनीकी निर्देशन तथा पर्यवेक्षण/सहायता प्रदान कर रहा है।

अत: सहायता अनुदान से संबंधित व्यय की पर्याप्त राशि के लिए नि.म.ले.प. की शक्तियां बंधित एवं प्रतिबंधित है। इससे सार्वजनिक व्यय के प्रति उत्तरदायित्व के बड़े मुद्दे पर प्रभाव पड़ता है।

5.4 उपयोग प्रमाणपत्र (उ.प)

केन्द्र सरकार द्वारा जारी सहायता अनुदानों की प्रभावकारिता तथा उपयोग को, उपयोग प्रमाणपत्रों की क्रियाविधि के माध्यम से मॉनीटर किया जाता है। वित्तीय नियमावली 2005 का नियम का 209 किसी भी अनुदानग्राही को सहायता अनुदान प्रदान करने हेतु सिद्धान्तों तथा प्रक्रियाओं को निर्धारित करता है तथा संस्वीकृत देने वाले प्राधिकरण को सा.वि.नि. 39 के प्रारूप में अनुदानों की पंजिका का अनुरक्षण करना आपेक्षित है। सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 के नियम 212 सा.वि.नि. 19क में निर्धारित उपयोग प्रमाणपत्र की क्रियाविधि के माध्यम से जारी किए गए अनुदानों के उपयोग की मॉनीटरिंग को शामिल करता है। अनुदानग्राही को वित्तीय वर्ष समाप्ति से बाहर माह के अन्दर उपयोग प्रमाणपत्र जमा कराना अपेक्षित है। सा.वि.नि. का नियम 212(3) अनुदानग्राही निकायों

द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय/विभाग को उपलब्धि-सह-निष्पादन रिपोर्ट के प्रस्तुतीकरण हेतु प्रावधान करता है।

31 मार्च 2014 तक बकाया उ.प्र. से संबंधित ब्यौरे सभी सिविल मंत्रालयों/विभागों से मंगाये गये थे। विवरण जैसा संबंधित मंत्रालयों/विभागों द्वारा उपलब्ध कराए गये, निम्न तालिका में दर्शाए गये हैं:-

तालिका 5.2: बकाया उपयोगिता प्रमाणपत्र के विवरण

क्र;सं.	मंत्रालय का नाम	बकाया उ.प्र. की सं.	उ.प्र. की राशि (₹करोड़ में)
1.	कृषि मंत्रालय	3089	12380.20
2.	परमाणु ऊर्जा विभाग	616	40.38
3.	रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय	38	64.84
4.	संस्कृत मंत्रालय	3248	245.09
5.	स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय	6724	16192.46
6.	खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय	2704	483.59
7.	युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय	7100	1439.31
8.	भारी उद्योग विभाग	21	526.42
9.	मानव संसाधन विकास मंत्रालय	3889	9954.21
10.	कार्मिक एवं पेंशन विभाग	27	0.71*
11.	अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय	332	136.12
12.	सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय	10046	653.26
13.	सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय	242	75.90
14.	शहरी विकास मंत्रालय	150	280.90
15.	आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय	343	591.08
16.	जनजाति कार्य मंत्रालय	164	365.93
17.	खनन मंत्रालय	4	1.59
18.	अंतरिक्ष विभाग	281	17.30
19.	उपभोक्ता मामले खाद्य एवं लोक वितरण मंत्रालय	90	19.26
20.	श्रम एवं रोजगार मंत्रालय	596	90.73
21.	महिला एवं बाल विकास मंत्रालय	4611	312.72
	योग	**44315**	**43872.00**

* आंकड़े केवल 2008-09 से 2012-13 तक की अवधि से संबंधित है।

31 मार्च 2014 को 21 मंत्रालयों/विभागों में ₹43,872 करोड़ के 44315 उ.प्र. जो जनवरी 2015 को देय थे, बकाया थे। मंत्रालयों को यह सुनिश्चित करने के लिए कि धन का उपयोग उस उद्देश्य के लिए किया गया है जिसके लिए यह प्रदान

किया गया था, उ.प्र. एकमात्र साधन है। बकाया उ.प्र. की बड़ी संख्या संबंधित मंत्रालयों/विभागों में खराब मॉनीटरिंग तथा अनुपालन क्रियाविधि को दर्शाता है।

5.5 सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में सहायता अनुदानों पर व्यय की विस्तृत जांच

दो मंत्रालयों अर्थात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय में सहायता अनुदानों के अंतर्गत किये गये व्यय की लेखापरीक्षा में, अनुदानों के संस्वीकृति एवं माफनीटरिंग के तंत्र तथा किये गये व्यय की गुणवत्ता एवं प्रभावकारिता आदि के संबंध में आश्वासन प्राप्त करने के लिए समीक्षा की गयी थी। ऐसी जांच से उजागर परिणामों पर अनुवर्ती लेखापरीक्षा पैराग्राफों में चर्चा की गई है।

5.5.1 लेखापरीक्षा दृष्टिकोण

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा सुक्ष्म, लघु एवं उद्यम मंत्रालय के कुल व्यय का काफी हिस्सा सहायता-अनुदान पर किया जाता है। सहायता-अनुदान पर दोनों मंत्रालयों के व्यय की समीक्षा, किये गये व्यय की गुणवत्ता के संबंध में आश्वासन प्राप्त करने के लिए की गयी है। इस प्रक्रिया में, मंत्रालयों द्वारा उपलब्ध कराये गये अभिलेखों एवं प्रस्तुत किये गये उत्तर डाटा के अलावा ई-लेखा एवं लो.वि.प्र.प्र. डम्प की सूचना/डाटा का भी उपयोग किया गया है। समीक्षा का आयोजन निम्नलिखत मूल्यांकन के उद्देश्य से किया गया है:-

- अनुदान प्रदान करने के लिए मंत्रालयों से सुस्पष्ट सिद्धान्तों एवं प्रक्रियाओं की मौजूदगी;
- विभाग के विशेष नियमों तथा विनियमों की मौजदूगी जिसे सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 में वर्गीकृत किया गया है;
- निर्धारित नियमों, विनियमों सिद्धान्तों एवं प्रक्रियाओं की अनुपालना करते हुए सहायता अनुदान की संस्वीकृति;
- मंत्रालय बजट परिपत्रों एवं वित्त-द्वारा जारी सहायता अनुदान के निर्गम को अधिशासित करने वाले सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 में निहित निर्देशों का अनुपालन;
- वर्ष के दौरान सहायता का समान प्रवाह अनुदान पर व्यय:

- मंत्रालयों में सहायता अनुदान के समयबद्ध उपयोग, निर्गमित अनुदानों से किये गये व्यय की गुणवत्ता को सुनिश्चित करने के लिए उपयोग प्रमाणपत्रों की जांच के संबंध में प्रभावी मूल्यांकन एवं मॉनीटरिंग तंत्र की मौजूदगी।

अनुदान सं.89- सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय

5.5.2 प्रस्तावना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के दो विभाग हैं, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा नि:शक्तता कार्य विभाग।

(क) सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय का अधिदेश है अनुसूचित जाति (.व.प.अ) पिछड़ा वर्गोंअन्य ,से नागरिकों के वंचित समूहों (.जा.अ), वरिष्ठ नागरिकों, मादक द्रव्यों के सेवन के शिकार (शराब और नशीली दवा), ट्रांसजेंडर व्यक्तियों एवं भिखारियों के सुधार एवं सशकतिकरण के लिए विशेष रूप से सुसज्जित योजनाओं को लागू करना है।

विभाग उपर्युक्त अधिदेश को निम्नलिखित के द्वारा प्राप्त करने का प्रयास करता है:

- शैक्षणिक, आर्थिक एवं सामाजिक विकास एवं अका .व.वि.एवं अ .जा. करण तथासशक्ति;
- वरिष्ठ नागरिकों एवं मादक द्रव्यों के शिकार के लिए आवश्यक सहायता एवं सेवाओं का प्रावधान।

निम्नलिखित स्वायत्त निकायोंय एवं अधिकारिता विभाग ऐं सामाजिक न्यासंस्था/ के प्रशासनिक नियंत्रण में है:

(क)राष्ट्रीय आयोग

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग (निकाय संवैधानिक)
- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग (सांविधिक निकाय)
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी आयोग (सांविधिक निकाय-गैर)

(ख) प्रतिष्ठान

- डॉ. अम्बेडकर प्रतिष्ठान
- बाबू जगजीवन राम राष्ट्रीय प्रतिष्ठान

(ग) निगम

- राष्ट्रीय अनुसूचित जाति वित्त एवं विकास निगम, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी वित्त एवं विकास निगम, नई दिल्ली
- राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, नई दिल्ली

(ख) नि:शक्तता कार्य विभाग

मंत्रालय में नि:शक्तता कार्य विभाग नि:शक्त जनों के पुनर्वास एवं सशक्तिकरण के लिए सुविधाएं प्रदान करता है। इसमें दृष्टिबाधित, बधिर, वाणी विक्लांग, गति विक्लांग एवं मानसिक विक्लांग व्यक्ति शामिल हैं।

विभाग अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने के लिए निम्नलिखित उपायों को संचालित करता है:

- भौतिक पुनर्वास, जिसमें जल्दी पता लगाना और हस्तक्षेप, परामर्श और चिकित्सा पुनर्वास एवं नि:शक्तता के प्रभावों को कम करने के लिए उचित सहायता एवं उपकरणों की खरीद में सहयता शामिल है।;
- शैक्षणिक पुनर्वास व्यावसायिक शिक्षा को शामिल करते हुए;
- आर्थिक पुनर्वास;
- सामाजिक सशक्तिकरण;
- आंतरिक दक्षता/जवाबदेही/पेशेवरों और कर्मियों के मध्य सेवा वितरण शामिल हैं; तथा
- सामाज के विभिन्न वर्गों के मध्य जागरूकता पैदा करके नि:शक्त जनों के सशक्तिकरण की वकालत करना;

निम्नलिखित सांविधिक निकाय, निगम एवं राष्ट्रीय संस्थान नि:शक्तता कार्य विभाग के प्रशासनिक नियंत्रण है:

सांविधिक निकाय

(i) भारतीय पुनर्वास परिषद

(ii) नि:शक्त जनों के लिए मुख्य आयुक्त

(iii) स्वलीनता, मस्तिष्क पक्षाघात, मानसिक मंदता एवं बहु विक्लांगता व्यक्तियों के कल्याण के लिए राष्ट्रीय न्यास।

निगम

(i) राष्ट्रीय विक्लांग एवं विकास निगम

(ii) कृत्रिम अंग विनिर्माण निगम, कानपुर

राष्ट्रीय संस्थान

(i) पं. दीन दयाल उपाध्याय राष्ट्रीय शारीरिक विक्लांग संस्थान, नई दिल्ली

(ii) राष्ट्रीय अस्थि विक्लांग संस्थान, कोलकाता

(iii) राष्ट्रीय दृष्टि विक्लांग संस्थान, देहरादून

(iv) राष्ट्रीय मानसिक विक्लांग संस्थान, सिंकदराबाद

(v) अली यावर जंग राष्ट्रीय बधिर संस्थान, मुम्बई

(vi) स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान, कटक

(vii) बहु विक्लांग व्यक्तियों के सशक्तिकरण के लिए राष्ट्रीय संस्थान, चेन्नई

(viii) भारतीय सांकेतिक भाषा अनुसंधान एवं प्रशिक्षण केन्द्र, नई दिल्ली

5.5.3 बजट एवं व्यय

मंत्रालय का कुल राजस्व व्यय 2011-12 में ₹4,849.08 करोड़ से बढ़कर 2013-14 में ₹5,217.35 करोड़ हो गया। वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान सभी वर्षों में मंत्रालय के योजनागत और गैर-योजनागत व्यय का प्रतिशत क्रमश: 98 *प्रतिशत* एवं 2 *प्रतिशत* था।

सहायता अनुदान पर व्यय मंत्रालय के राजस्व व्यय का एक प्रमुख घटक है। 2011-12 से 2013-14 के दौरान 99 प्रतिशत से अधिक योजनागत राजस्व व्यय

सहायता अनुदान पर था जबकि गैर-योजनागत व्यय में यह 53.16 *प्रतिशत* से 55.13 *प्रतिशत* के बीच रहा जिसका विवरण निम्न तालिका में है:

तालिका 5.3: राजस्व लेखे पर प्रावधान एवं व्यय लेखा

(₹ करोड़ में)

वर्ष	प्रावधान		व्यय		सहायता अनुदान पर व्यय		वास्तविक व्यय की तुलना में सहायता अनुदान का प्रतिशत	
	योजनागत	गैर-योजनागत	योजनागत	गैर-योजनागत	योजनागत	गैर-योजनागत	योजनागत	गैर-योजनागत
2011-12	5105.02	78.03	4764.71	84.37	4733.89	46.51	99.35	55.13
2012-13	5615.02	93.31	4677.75	91.10	4640.54	48.43	99.20	53.16
2013-14	6320.03	100.34	5119.56	97.79	5061.52	52.97	98.87	54.17

स्रोत: मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत सूचना

2011-12 से 2013-14 के लिए वस्तु शीर्ष '31-सहायता अनुदान-सामान्य'; '35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदाने'; तथा '36 सहायता अनुदान-वेतन ' के अनुसार अनुदानों पर व्यय का वितरण निम्नानसुार है:

तालिका 5.4: विषय शीर्ष-वार व्यय

(₹ करोड़ में)

विवरण	2011-12	2012-13	2013-14	कुल
31-सहायता अनुदान-सामान्य	4665.84 (97.60 %)	4580.51 (97.69 %)	4975.25 (97.28 %)	14221.60
35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	106.98	61.57	87.67	256.22
36-सहायता अनुदान वेतन	7.58	46.89	51.57	106.04
कुल	**4780.40**	**4688.97**	**5114.49**	**14583.86**

स्रोत: मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत डी.डी.जी./व्यय आंकड़े

97 प्रतिशत से अधिक अनुदानें सहायता-अनुदान-सामान्य शीर्ष के अधीन दी गयी थीं।

5.5.4 सहायता अनुदान पर व्यय का माह-वार प्रवाह

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 के नियम 212(1) के अनुसार, मंत्रालय अथवा विभाग को पूरे वर्ष में व्यय को एक समान प्रवाह सुनिश्चित करना चाहिए।

वर्ष के दौरान मंत्रालय के पूंजीगत व्यय के प्रवाह की पड़ताल ई-लेखा डाटाबेस की मदद से की गयी। यह पाया गया कि मंत्रालय ने वर्ष 2011-12 से 2013-14 के

वर्षों के दौरान उपरोक्त प्रावधान का पालन नहीं किया था। **चार्ट 5.6** योजनागत व्यय के मासिक प्रवाह को दर्शाता है :-

चार्ट 5.6: **योजनागत व्यय का प्रवाह**



	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अगस्त	सित.	अक्तू.	नव.	दिस.	जनवरी	फरवरी	मार्च
2011-12	0	18.95	7.42	2.82	2.97	20.68	1.20	3.13	18.47	1.74	8.29	14.33
2012-13	0	0	19.59	0.65	1.43	15.34	3.14	3.76	30.89	0.34	3.27	21.59
2013-14	0	1.85	7.72	0.48	1.22	7.24	19.98	13.05	7.96	7.91	17.61	14.98

स्रोत: ई-लेखा डाटा-डम्प

उपरोक्त चार्ट से यह स्पष्ट है कि वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान वर्ष भर मासिक व्यय एक समान नहीं था। योजनागत व्यय का बड़ा भाग 2011-12 के सितम्बर माह में (20.68 प्रतिशत), दिसम्बर 2012-13 में (30.89 प्रतिशत) एवं अक्तूबर 2013-14 में (19.98 प्रतिशत) किया गया जबकि इन तीन वर्षों की अवधि में अप्रैल, जुलाई, अगस्त तथा जनवरी के महीनों में व्यय नगण्य था।

चार्ट 5.7 में दिये गये लो.वि.प्र.प्र. डाटा के विश्लेषण से पता चला कि अधिकांश संस्वीकृतियां 2011-12 से 2013-14 के दौरान मार्च के महीने में जारी की गयी थीं जबकि इसे एक पूरे वर्ष के दौरान की जाने वाली प्रक्रिया होना चाहिये था।

चार्ट 5.7: जनित संस्वीकृतियों का प्रवाह (लो.वि.प्र.प्र. डाटा से)



	अप्रै.	मई	जून	जुला.	अग.	सित.	अक्तू.	नव.	दिस.	जन.	फर.	मार्च
2011-12	8	97	161	141	181	335	211	262	513	304	547	1469
2012-13	5	98	150	240	177	263	188	212	154	320	370	1164
2013-14	45	312	317	351	290	323	270	229	439	441	642	1056

स्रोत: लो.वि.प्र.प्र. डाटा

5.5.5 सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, स्वायत्त निकाय तथा पंजीकृत समितियां आदि संस्थाओं के संबंध में संस्वीकृत एवं जारी किये गये अनुदान

महालेखा नियंत्रक योजनागत स्कीमों के अंतर्गत विभिन्न संस्थाओं को जारी सहायता अनुदानों का डाटाबेस रखता है। लो.वि.प्र.प्र. से प्राप्त वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान जारी सहायता अनुदानों के ब्यौरे जिन्हें प्राप्तकर्ताओं की प्रमुख श्रेणियों के अनुसार विश्लेषित किया गया है, नीचे तालिका में दिए गए हैं:

तालिका 5.5: प्राप्तकर्ताओं के अनुसार व्यय का ब्यौरा

(₹ करोड़ में)

अभिकरण का नाम	2011-12		2012-13		2013-14	
	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान
केन्द्र सरकार संस्थान	2.75	1.75	9.36	7.22	32.32	16.05
केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	78.59	43.59	129.96	77.21	112.28	106.72
पंजीकृत समितियां (सरकारी स्वायत्त निकाय)	303.96	200.74	133.10	76.38	195.09	164.37
पंजीकृत समितियां (गैर-सरकारी संगठन)	219.72	184.21	143.45	112.44	195.93	159.48
राज्य सरकार/के.शा.प्र.	4866.96	4259.52	4968.95	4324.64	5534.04	4581.65

अभिकरण का नाम	2011-12		2012-13		2013-14	
	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान
राज्य सरकार संस्थान	0.60	0.54	36.52	4.16	7.94	6.52
राज्य सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	0.81	0.71	0.75	0.74	7.08	7.08
सांविधिक निकाय	95.76	42.07	45.44	26.61	31.04	27.63
ट्रस्ट	0.72	0.68	0.91	0.45	1.81	1.76
स्थानीय निकाय	0.39	0.27	0.16	0.06	0.14	0.14
व्यक्ति	0.03	0.03	0.03	0	0.02	0.01
निजी क्षेत्र कंपनियां	0	0	0	0	0.82	0.71
कुल:	*5570.29*	*4734.11*	*5468.63*	*4629.91*	*6118.51*	*5072.12*

स्रोतः लो.वि.प्र.प्र. के अनुसार मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत आंकड़े

वित्त मंत्रालय द्वारा जारी बजट परिपत्र के अुनसार, मंत्रालय द्वारा अनुदान हेतु विस्तृत मांग (अ.वि.मा.) में गैर-सरकारी निकायों को सहायता-अनुदान के भुगतान हेतु बजट अनुमानों में शामिल प्रावधानों को दर्शाने वाली एक अनुसूची संलग्न करना अपेक्षित है। वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 के लिए ₹5 लाख से अधिक अनुदान प्राप्त करने वाले निजी एवं स्वैच्छिक संगठनों की अ.वि.मा. (2013-14 तथा 2014-15) में सलंग्न सूचियाँ लो.वि.प्र.प्र. डाटा में दर्शायी गई संस्थाओं से बहुत अधिक भिन्न थीं। ब्यौरे **तालिका 5.6** में दर्शाए गए हैं:

तालिका 5.6: ₹5 लाख से अधिक अनुदान प्राप्त करने वाले निजी/स्वैच्छिक संगठनों की संख्या

वर्ष	अ.वि.प्र.प्र. के अनुसार	लो.वि.प्र.प्र. के अनुसार
2011-12	1032	934
2012-13	766	724

5.5.6 सरकारी अनुदान में से अनुदानग्राहियों द्वारा सजित पूंजीगत परिसम्पत्तियों के डाटा का गैर-अनुरक्षण

वित्त वर्ष 2009-10 से एक नया वस्तु शीर्ष 'पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' शुरू किया गया जिसमें पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान भोगी निकायों को जारी अनुदानों को सुस्पष्ट रूप से दर्ज किया जाना था। वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान मंत्रालय पूंजीगत परिसम्पत्तियों के

सृजन हेतु ₹256.22 करोड़ के अनुदान जारी किए जैसा कि निम्न चार्ट में दर्शाया गया है:

चार्ट 5.8: पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान



वर्ष 2011-12 से 2013-14 के लो.वि.प्र.प्र. के आंकड़ों के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि मंत्रालय ने इस उद्देश्य के लिए बजट में चिन्हित प्रावधानों में से स्वायत्त निकायों एवं विश्वविद्यालयों को पूंजीगत परिसम्पत्तियों (विषय शीर्ष-35) के सृजन के लिए अनुदान जारी किये।

वर्ष 2013-14 के दौरान ₹87.67 करोड़ की कुल अनुदानों में से, ₹24.63 करोड़ एवं ₹19.80 करोड़ क्रमशः स्वायत्त निकायों/राष्ट्रीय संस्थानों एवं विश्वविद्यालयों को जारी किये गये। मंत्रालय अपने संस्वीकृति आदेशों में लगातार एक शर्त शामिल किए जा रहा था कि सृजित परिसम्पत्तियों का मंत्रालय की अनुमति के बिना निपटारा नहीं किया जाएगा। तथापि, इसी प्रकार के किसी केन्द्रीकृत अभिलेख/डाटाबेस जैसे अनुदानभोगी का नाम, सृजित परिसम्पत्तियों के ब्यौरे, पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु वास्तव में उपयोग में लाये गये अनुदान की राशि, पूंजीगत हेतु वास्तव में उपयोग में लाये गये अनुदान की राशि, पूंजीगत परिसम्पत्तियों के स्वामत्वि, इस प्रकार सृजित पूंजीगत परिसम्पत्तियों की भौगोलिक स्थिति आदि के अस्तित्व से संबंधित कोई भी सूचना लेखापरीक्षा को उपलब्ध नहीं करायी जा सकी।

ऐसे विवरण के अभाव में, यह आवश्वासन नहीं लिया जा सकता कि इस शीर्ष के अंतर्गत दर्ज किये गये व्यय से वास्तव में वह पूंजीगत परिसम्पत्तियां सृजित की

गई, जिसके लिए अनुदान संस्वीकृत की गयी थी। इसके अतिरिक्त यह स्पष्ट नहीं है कि मंत्रालय, इन अनुदानों से सृजित परिसम्पत्तियों की किसी सूची के अभाव में, किस प्रकार सुनिश्चित कर रहा था कि अनुदानभोगी निकाय मंत्रालय की अनुमति के बिना उनका निपटान नहीं कर रहे थे।

5.5.7 सहायता अनुदान रजिस्टर का गैर-अनुरक्षण

सा.वि.नि. **212(4)(क)** तथा सिविल लेखा नियम पुस्तिका के पैरा 4.27.2 के अनुसार, दोहरे भुगतान की संभावना से बचने के लिए मंजूरीदाता प्राधिकारी द्वारा फार्म सा.वि.नि.-39 तथा सि.ले.नि.-28 में दिए गए प्रपत्र में अनुदानों के एक रजिस्टर का अनुरक्षण किया जाएगा। किसी भी बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए जाएंगे जब तक कि उसे अनुभाग के अनुदान रजिस्टर में संबंधित संस्वीकृति के प्रति दर्ज न किया गया हो। यह एक मुश्त संस्वीकृति के मामले में किश्तों, यदि कोई हो, में भुगतानों पर निगरानी करने हेतु भी सुविधा प्रदान करता है।

तथापि, यह पाया गया है कि मंत्रालय ने वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान विभिन्न स्वायत्त निकायों/अभिकरणों को जारी सहायता अनुदानों के रजिस्टर का निर्धारित प्रपत्र में अनुरक्षण नहीं किया है। निर्धारित रजिस्टर के अनुरक्षण के अभाव में उचित निगरानी तथा संस्वीकृति के प्रति समय पर अनुदान के भुगतान को सुनिश्चित नहीं किया जा सकता एवं अनुदान के दोहरे भुगतान मामलों की संभावना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। फिर भी, विभिन्न प्रभागों द्वारा रजिस्टर का अनुरक्षण किया गया।

5.5.8 अनुमोदन प्रक्रिया में कमियां

क) अनुदानों के प्राधिकृत तथा निर्गम के बीच विलम्ब

सिविल लेखा नियमपुस्तिका के पैरा 2.3.1 के अनुसार भुगतान हेतु बिलों के उनकी प्राप्ति के अधिकतम सात कार्य दिवसों के भीतर पारित करके चैक जारी किया जाना चाहिए। कम अवधि के अंदर बिलों को पारित करने तथा भुगतान करने के प्रयास किए जाने चाहिए तथा प्र.मु.ले.नि./मु.ले.नि./ले.नि. को इस संबंध में मानक निर्धारित करने के साथ-साथ उनके अनुपालन को व्यक्तिगत रूप से मॉनीटर करना चाहिए। इसके अतिरिक्त, आहरण एवं वितरण अधिकारी द्वारा

निर्दिष्ट 'तत्काल' बिलों पर तुरंत कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि उसी दिन या अगले दिन चैक जारी किया जा सके।

लो.वि.प्र.प्र. डाटा के विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि वर्ष 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान अनुदानग्राही संस्थानों को चैक जारी किये जाने में आठ दिन से 120 दिन से अधिक तक का विलम्ब था जिसका विवरण निम्न तालिका में दिया गया है:

तालिका 5.7: सहायता अनुदान जारी करने में विलम्ब

(₹ करोड़ में)

दिनों में विलम्ब	2011-12		2012-13		2013-14	
	संस्वीकृत आदेशों की संख्या	राशि	संस्वीकृत आदेशों की संख्या	राशि	संस्वीकृत आदेशों की संख्या	राशि
08-30	168	13.59	409	118.92	1044	89.02
31-60	16	1.01	22	2.33	213	9.93
61-90	2	0.14	5	1.70	47	5.37
91-120	0	0	2	0.07	4	0.13
120 दिनों से अधिक	0	0	1	0.05	5	0.25
कुल	**186**	**14.74**	**439**	**123.07**	**1313**	**104.70**

डाटा स्रोत – लो.वि.प्र.प्र. का ऑनलाइन डाटा बेस

ख) मंत्रालय की वेबसाईट पर अनुदानग्राही निकायों से संबंधित सूचना प्रदर्शित न करना

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005, के नियम 209 के अनुसार, वह संस्थान या संगठन जो सहायता अनुदान चाहते हैं उन्हें यह प्रमाणित करना होगा कि उन्होंने भारत सरकार या राज्य सरकार के किसी विभाग या मंत्रालय से उसी उद्देश्य अथवा गतिविधि के लिए न तो अनुदान प्राप्त किया है, न ही आवदेन किया है। इसके अतिरिक्त, उपरोक्त नियम के नीचे दी गई टिप्पणी के अनुसार अनुदानों की पुनरावृति से बचने के लिए प्रत्येक विभाग या मंत्रालय को ऐसे संस्थानों या संगठनों की एक सूची राशियों के विवरण तथा अनुदान के उद्देश्य के साथ बनाकर उसे वेबसाइट पर डालनी चाहिए।

कोई ऐसी सूची जिसमें संस्थाओं या संगठनों उनके राशि, विवरण, संगठन को जारी की गयी राशि एवं अनुदान के उद्देश्य आदि का ब्यौरा हो, को नहीं बनाया

गया था और न ही मंत्रालय के वेबसाइट पर अपलोड किया गया था। यद्यपि मंत्रालय की वेबसाइट पर 'गै.स.सं. को अनुदान' नामक लिंक उपलब्ध था लेकिन वह क्रियाशील नहीं था।

ऐसे ब्यौरों के अभाव में किसी संगठन को एक जैसे उद्देश्यों के लिए सहायता अनुदान के संवितरण की पुनरावृति से इंकार नहीं किया जा सकता है।

ग) संगठनों के साथ समझौता ज्ञापन न किया जाना

सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 के नियम 208 (vii) के अनुसार प्रति वर्ष ₹5 करोड़ से अधिक की सहायता अनुदान प्राप्त कर रहे सभी संगठनों द्वारा प्रशासनिक मंत्रालय अथवा विभाग के साथ एक समझौता ज्ञापन (स.ज्ञा.) किया जाना चाहिए जिसमें स्पष्ट शब्दों में नियत कार्ययोजना के अनुरूप परिणाम लक्ष्यों, परिणामों में गुणात्मक सुधार एवं सम्मेय निवेश आवश्यकताओं को स्पष्ट रूप से बताया गया हो। निष्पादन की मापे जाने योग्य इकाईयों में दिए गए उत्पादन लक्ष्य ही इन संगठनों को दी जाने वाली बजटीय सहायता का आधार होने चाहिए।

नमूना जांच ने प्रकट किया कि वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान मंत्रालय द्वारा निम्नलिखित संस्थानों/संगठनों को ₹5 करोड़ से अधिक के अनुदान जारी किए गए थे परंतु मंत्रालय ने इन संगठनों के साथ कोई समझौता ज्ञापन नहीं किया गया था। इसके अतिरिक्त संस्वीकृति आदेशों में भी स.ज्ञा. की आवश्यकता का उल्लेख नहीं किया था।

तालिका 5.8: बिना स.ज्ञा. के जारी किए गए अनुदान

(₹ करोड़ में)

संगठन का नाम	2011-12	2012-13	2013-14	कुल
पं. दीनदयाल उपाध्याय शारीरिक विकलांगता संस्थान (शा.वि.सं.)	15.40	11.87	16.48	43.75
राष्ट्रीय दृष्टि बाधित संस्थान (रा.दृ.सं.)	17.11	24.50	29.93	71.54
अली यावर जंग राष्ट्रीय बधिर संस्थान (रा.ब.सं.)	14.17	17.96	21.47	53.60
राष्ट्रीय बहुविक्लांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (रा.ब.व्य.अ.सं.)	8.54	7.69	9.26	25.49

राष्ट्रीय अस्थि विक्लांग संस्थान (रा.अ.वि.सं.)	14.05	10.70	17.26	42.01
राष्ट्रीय मानसिक विक्लांग संस्थान (रा.मा.वि.सं.)	11.85	8.43	17.42	37.70
स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास, प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (रा.पु.प्र.अ.सं.)	14.92	18.34	22.60	55.86
राष्ट्रीय सामाजिक प्रतिरक्षा संस्थान	6.25	6.09	10.00	22.34
योग	102.29	105.58	144.42	352.29

मंत्रालय ने बताया (सितम्बर 2014) कि किसी भी राष्ट्रीय संस्थान के साथ कोई स.ज्ञा. नहीं किया गया था।

घ) उपयोगिता प्रमाण-पत्रों में आवश्यक सूचनाओं को न दर्शाया जाना

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 के नियम 212(1) के नीचे टिप्पणी 2 के अनुसार केन्द्रीय स्वायत्त संगठनों द्वारा प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण-पत्र में किए गए वास्तविक व्यय तथा भण्डार एवं परिसम्पत्तियों हेतु आपूर्तिकर्ताओं को, निर्माण एजेंसियों को, स्टाफ को (गृह भवन एवं वाहन खरीद आदि हेतु) दिए गए ऋण एवं अग्रिमों को पृथक रूप से प्रकट किया जाएगा। इन ऋण एवं आग्रिमों को अप्रयुक्त अनुदानों के रूप में माना जायेगा परन्तु इन्हें आगे ले जाना अनुमन्य होगा। अनुवर्ती वर्ष हेतु अनुदान को विनियमित करते समय आगे लाई गई राशि को ध्यान में रखा जाएगा।

स्वायत्त निकाय/संस्थानों द्वारा मंत्रालय को प्रस्तुत उपयोगिता प्रमाण-पत्रों की नमूना जांच से ज्ञात हुआ कि वर्ष 2011-12 एवं 2012-13 के दौरान आपूर्तिकर्ताओं, निर्माण एजेंसियों, स्टाफ सदस्यों आदि को ₹26.54 करोड़ के ऋण एवं अग्रिम, संस्थान द्वारा प्रदान किए गए जिसका **अनुबंध 5.1** में ब्यौरा दिया गया है। परन्तु वास्तव में किये गये तथा व्यय न माने जाने सकने वाले ऋण एवं अग्रिमों का पृथक प्रस्तुतीकरण नहीं किया गया। अतः, अपेक्षित सूचना के अभाव में मंत्रालय ने पूरी की पूरी अनुदानों को उपयोग किया गया माना।

5.5.9 सहायता अनुदानों पर योजनागत व्यय से संबंधित डाटा के स्रोतों में विसंगतियां

भारत सरकार लेखांकन मानक-2 में सरकार के वित्तीय विवरणों में सहायता अनुदान के वर्गीकरण एवं लेखांकन हेतु मानक निर्धारित किए गए हैं जिनका उद्देश्य सरकार के वित्तीय विवरणों में समुचित प्रकटीकरण द्वारा लेखांकन एवं वर्गीकरण के उपयुक्त सिद्धांतों की अनुपालना में आने वाली कठिनाईयों को हटाना है। सहायता अनुदानों पर व्यय से संबंधित सूचना ई-लेखा, पी.एफ.एम.एस. तथा अनुदानों हेतु विस्तृत मांग में उपलब्ध है।

तालिका 5.9 में मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सूचना तथा डाटा के तीन स्रोतों में निहित वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान राज्यों/ सं.शा.क्षे. सरकार/ निकायों/ प्राधिकरणों को जारी सहायता अनुदान (योजनागत) तथा योजना शीर्ष पर कुल व्यय की तुलना दर्शायी गई।

तालिका 5.9: योजना के अंतर्गत जारी सहायता अनुदान एवं कुल व्यय के विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	डी.डी.जी. के अनुसार		ई-लेखा के अुनसार		पी.एफ.एम.एस. के अनुसार		मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सूचना के अनुसार	
		जारी की गयी योजनागत सहायता अनुदान	कुल योजनागत व्यय	जारी की गयी योजनागत सहायता अनुदान	कुल योजनागत व्यय	जारी की गयी योजनागत सहायता अनुदान	कुल योजनागत व्यय	जारी की गयी योजनागत सहायता अनुदान
2011-12	5009.71	4734.36	4944.95	4734.36	4983.73	4734.11	4764.71	4733.89
2012-13	4880.40	4640.53	4848.61	4640.54	4851.87	4629.91	4677.75	4640.54
2013-14	5417.69#	5072.38#	5417.69	5072.38	5398.47	5072.12	5119.56	5061.52

#प्र.ले.का./मंत्रालय द्वारा प्रदत्त वर्ष 2013-14 हेतु अनुदान लेनदेन की विवरणी से लिए गए आंकड़े

यह तथ्य कि मंत्रालय द्वारा प्रदत्त सूचना तथा आँकड़ों के तीन स्रोत प्रमुख आँकड़ों पर असम्मत थे, सूचना के संकलन एवं ले.म.नि., वित्त मंत्रालय द्वारा उसके प्रकटीकरण में गंभीर कमियों की ओर इशारा करता है। इन विसंगतियों के चलते योजनागत सहायता अनुदान व्यय की प्रमाणिकता संदिग्ध कही जा सकती है।

5.5.10 जारी किए गए अनुदानों की निगरानी

क) स्वायत्त संगठनों की समकक्ष समीक्षा

सामान्य वित्तीय नियमावली का नियम 208 (V) स्वायत्त संगठनों के कार्य के आकार तथा प्रवृत्ति के अनुसार प्रत्येक तीन अथवा पांच वर्षों पर बाह्य अथवा समकक्ष समीक्षा का एक तंत्र प्रदान करता है। ऐसी समीक्षा में अन्य बातों के साथ-साथ यह ध्यान देना चाहिए कि क्या उद्देश्य, जिसके लिए संगठन स्थापित किया गया था, प्राप्त कर लिए गए हैं अथवा किए जा रहे हैं। संगठन की गतिविधियों को जारी रखी जाये कि नहीं क्योंकि या तो वे अब प्रासंगिक नहीं थी अथवा पूर्ण हो चुकी थी या अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में काफी हद तक असफल रही थी; क्या सेवा प्रदान करने के लिए उपयोग शुल्क उचित दरों से लगाए गए थे; आंतरिक संसाधन बढ़ाये जाने की गुंजाईश की समीक्षा ताकि सरकारी बजटीय सहायता पर निर्भरता आदि को कम किया जाए, आदि विषयों पर भी इस समीक्षा में बल दिया जाना चाहिए।

यह देखा गया है कि 22 से अधिक स्वायत्त संगठन/संस्थान/आयोग/निगम सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण में कार्य कर रहे हैं। ये निकाय नियमित तौर पर योजना और गैर-योजना सहायता अनुदान प्राप्त कर रहे हैं। निम्नलिखित निकायों ने 2011-12 से 2013-14 के दौरान मंत्रालय से कुल `378.37 करोड़ के अनुदान प्राप्त किये लेकिन इन निकायों की बाह्य अथवा समकक्ष समीक्षा से संबंधित सूचना मंत्रालय द्वारा प्रदान नहीं की गयी।

तालिका 5.10: कुछ ऐसे निकायों जिनकी समकक्ष समीक्षा नहीं की गई, का ब्यौरा

(₹ करोड़ में)

संगठन का नाम	2011-12	2012-13	2013-14	कुल
पंडित दीनदयाल उपाध्याय शारीरिक विकलांगता संस्थान (पं.दी.उ.शा.वि.सं.)	15.40	11.87	16.48	43.75
राष्ट्रीय दृष्टि बाधितार्थ संस्थान (रा. दृ.बा.सं.)	17.11	24.50	29.93	71.54
अली यावर जंग राष्ट्रीय श्रवण विकलांग संस्थान (रा.श्र.वि.सं.)	14.17	17.96	21.47	53.60
राष्ट्रीय बहुविकलांग व्यक्ति अधिकारिता संस्थान (रा.ब.व्य.अ.सं.)	8.54	7.69	9.26	25.49
राष्ट्रीय अस्थि विकलांग संस्थान (रा.अ.वि.सं.)	14.05	10.70	17.26	42.01
राष्ट्रीय मानसिक विकलांग संस्थान (रा.मा.वि.सं.)	11.85	8.43	17.42	37.70
स्वामी विवेकानन्द राष्ट्रीय पुनर्वास प्रशिक्षण एवं अनुसंधान संस्थान (रा.पु.प्र.अ.सं.)	14.92	18.34	22.60	55.86
राष्ट्रीय सामाजिक प्रतिरक्षा संस्थान	6.25	6.09	10.00	22.34
राष्ट्रीय पिछड़ा वर्ग आयोग	2.44	4.52	4.85	11.81
भारतीय पुनर्वास परिषद	3.64	4.06	3.57	11.27
डा. अंबेडकर प्रतिष्ठान	1.00	1.00	1.00	3.00
कुल	**109.37**	**115.16**	**153.84**	**378.37**

मंत्रालय ने कहा (सितंबर 2014) कि राष्ट्रीय संस्थानों के प्रदर्शन की कार्यप्रणाली/ मूल्यांकन को मंत्रालय (सा. न्या. एवं अ.) तथा सचिव (डी.ए) की अध्यक्षता के अंतर्गत आवधिक रूप से की गई समीक्षा बैठकों में पुनरीक्षित किया जाता है। राष्ट्रीय संस्थानों की कार्यप्रणाली को सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता पर संसदीय स्थायी समिति द्वारा भी समय समय पर पुनरीक्षित किया जाता है।

तथापि मंत्रालय द्वारा ऐसी समीक्षा की कोई रिपोर्ट उपलब्ध नहीं कराई गई। इसके अतिरिक्त मंत्रालय द्वारा अन्य स्वायत्त निकायों/निगमों से संबंधित कोई सूचना प्रस्तुत नहीं की गई।

ख) निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत नहीं की गई

सामान्य वित्तीय नियम 212(3)(i) के अनुसार अनुदानग्राही संस्थानों अथवा संगठनों द्वारा वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरंत पश्चात निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत करनी अपेक्षित होनी चाहिए। इस संबंध में संबंधित प्राधिकारी द्वारा एक समय सीमा निर्धारित की जानी चाहीए और यह आवश्यकता सहायता अनुदान संस्वीकृति आदेश में शामिल की जानी चाहिए।

सभी स्वायत्त निकायों/अभिकरणों/संस्थानों इत्यादि जिन्हें मंत्रालय द्वारा सहायता अनुदान संस्वीकृत किए गए हैं कि संस्वीकृति आदेशों के द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्टों को प्रस्तुत करना आवश्यक था। परंतु मंत्रालय में, वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरंत पश्चात निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्टों की प्राप्ति की निगरानी हेतु कोई तंत्र विद्यमान नहीं है क्योंकि ऐसी कोई रिपोर्ट अभिलेखों में नहीं पायी गयी। ऐसी रिपोर्टों के अभाव में यह स्पष्ट किया जा सकता कि मंत्रालय द्वारा किस प्रकार अनुदानग्राही संगठनों के निष्पादन को मॉनीटर/आकलित किया जा रहा था।

ग) त्रुटिपूर्ण आंतरिक पर्यवेक्षण

संघ सरकार के लेखों के विभागीकरण की योजना में, लेखों में शुद्धता तथा लेखांकन ढांचे के संचालन में दक्षता को सुनिश्चित करने हेतु एक आंतरिक लेखापरीक्षा संगठन की स्थापना का प्रावधान है।

आंतरिक लेखा परीक्षा विंग, लेखापरीक्षा नियंत्रणों द्वारा यह सुनिश्चित करता है कि विभिन्न क्षेत्रीय इकाईयाँ, सामान्य: भारत सरकार एवं विशेष रूप से मंत्रालय द्वारा निर्धारित नियमों, नीतियों एवं प्रक्रियाओं की अनुपालना कर रही हैं। विभिन्न क्षेत्रीय कार्यालयों द्वारा अनुरक्षित वित्तीय एवं लेखा अभिलेखों, नियमों की परिशुद्धता व आदेशों का अनुपालन, नियत्रंण में खामियाँ इत्यादि जाँचने के अतिरिक्त तथा साथ ही आंतरिक लेखा परीक्षा द्वारा निष्पादन के पहलुओं पर भी गौर किय जाना होता है। तथा साथ ही जारी निधियों के वास्तविक उपयोग तथा जो योजनाओं का मूल्यांकन यह पता लगाने के लिए लगाने के लिए करना होता है कि अभिष्ट लक्ष्य प्राप्त कर लिये गये हैं अथवा नहीं।

सा.वि.नि. 212(1) यह भी बताता है कि मंत्रालय एवं विभाग के आंतरिक लेखा परीक्षा दल द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों भारतीय लेखा परीक्षा एवं लेखा विभाग से प्राप्त निरीक्षण रिपोर्टों तथा उस वर्ष के लिये कोई निष्पादन रिपोर्ट, यदि कोई हो, को भी आगामी अनुदान स्वीकृत करते समय ध्यान मे रखना चाहिए।

मंत्रालय का आतरिक लेखापरीक्षा स्कंध सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय के लेखा नियंत्रक के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत कार्य करता है तथा वह मंत्रालय के अंतर्गत स्वायत निकायों/संस्थानों आदि सहित इकाईयों की आंतरिक लेखापरीक्षा करने हेतु उत्तरदायी है। वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान लेखापरीक्षा आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध द्वारा की गई लेखापरीक्षा/निरीक्षण का ब्यौरा निम्न तालिका में दिया गया है:

तालिका 5.11: आंतरिक लेखापरीक्षा के ब्यौरे

वर्ष	लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत कुल इकाईयों की संख्या	लेखापरीक्षा किए जाने हेतु नियोजित इकाईयों की संख्या	लेखापरीक्षित इकाईयों की वास्तविक संख्या
2011-12	43*	3	1
2012-13	43*	4	-
2013-14	43*	6	6

*24 डी.डी.ओ. तथा 19 स्वायत्त निकाय/संस्थान

यह स्पष्ट है कि 43 इकाईयों में से वर्ष 2011-12, 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान क्रमश: केवल 3, 4 तथा 6 इकाईयों की लेखापरीक्षा हेतु योजना की गई थी फिर भी इनमें से वर्ष 2011-12 तथा 2013-14 के दौरान क्रमश: केवल एक तथा छ: इकाईयों की लेखापरीक्षा की गई तथा वर्ष 2012-13 के दौरान कोई लेखापरीक्षा मंत्रालय द्वारा लगभग संपूर्ण व्यय सहायता अनुदान पर लगाये जाने के बावजूद भी, आंतरिक पर्यवेक्षण प्रणाली मंत्रालय के व्यय तथा क्रियाकलापों के आकार के अनुरूप नहीं है। एक ठोस एवं प्रभावी आंतरिक पर्येवक्षण के अभाव में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सकता कि मंत्रालय किस प्रकार नियमों, आदेशों एवं प्रचलित निर्देशों की अनुदानग्राही निकायों द्वारा अपनी सामान्य गतिविधियों एवं कार्यक्रमों के प्रतिपादन में अनुपालन सुनिश्चित करता है।

मंत्रालय ने बताया (सितंबर 2014) कि संसाधनों के अभाव के कारण सभी स्वीकृत इकाईयों को लेखापरीक्षा हेतु शामिल नहीं किया जा सका।

घ) वार्षिक प्रतिवेदनों के द्वारा संसद को ब्यौरों की सूचना न देना

सामान्य वित्तीय नियमावली 2005 के नियम 212(2)(i) तथा (ii) के अनुसार ₹25 लाख या उससे अधिक का आवर्ती सहायता अनुदान प्राप्त कर रहे तथा ₹50 लाख या उससे अधिक का अनावर्ती सहायता अनुदान प्राप्त कर रहे निजी एवं स्वैच्छिक संगठकों के वार्षिक प्रतिवेदनों एवं लेखों को अनुदानग्राही संगठनों के आगामी वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के नौ महीनों के अंदर संसद पटल पर रखा जाना चाहिए।

नमूना जाँच से पता चला कि वर्ष 2011-12 तथा 2012-13 के दौरान मंत्रालय द्वारा कई निजी एवं स्वैच्छिक संगठनों को आवर्ती अनुदान तथा अनावर्ती अनुदान जारी किए गए थे जिनका ब्यौरा निम्नलिखित है:

तालिका 5.12: आवर्ती सहायता अनुदान के भुगतानों का विवरण

(₹ करोड़ में)

वर्ष	आवर्ती सहायता अनुदान (₹25 लाख या उससे अधिक)		अनावर्ती सहायता अनुदान (₹50 लाख या उससे अधिक)	
	निजी/स्वैच्छिक संगठनों की संख्या	राशि	निजी/स्वैच्छिक संगठनों की संख्या	राशि
2011-12	163	169.79	5	11.59
2012-13	58	22.62	10	10.08

स्रोत: पी.एफ.एम.एम. ऑनलाइन डाटाबेस

मंत्रालय द्वारा निजी/ स्वैच्छिक संगठनों के वार्षिक प्रतिवेदन तथा वार्षिक लेखों के प्रस्तुतिकरण से संबंधित सूचना संसद को उपलब्ध नहीं कराई गई। इस के अभाव में लेखापरीक्षा में यह सुनिश्चित नहीं किया जा सका कि मंत्रालय द्वारा उपरोक्त प्रावधान का अनुपालन किया जा रहा था।

ङ) बकाया उपयोगिता प्रमाण-पत्र (उ.प्र.)

सा.वि.नि., 2005 का नियम 212(1) निर्धारित करता है कि किसी संस्थान या संगठन को संस्वीकृत किये जा रहे अनावर्ती अनुदान के आदेश में, सा.वि.नि. के प्रपत्र 19-ए में जिस उद्देश्य के लिए अनुदान संस्वीकृत किया गया है, उस पर

अनुदानों के वास्तविक उपयोग का प्रमाण पत्र माँगा जाना चाहिए। आवर्ती अनुदानों के संबंध में, उ.प्र. में इस बात का खुलासा किया जाना चाहिए कि निर्दिष्ट, मापे गये एवं गुणात्मक लक्ष्य जिन्हें प्रयुक्त धनराशि के प्रति प्राप्त किया जाना था, वास्तव में प्राप्त किए गए हैं, और यदि नहीं, तो इसका कारण बताया जाना चाहिए। उ.प्र. में परिणाम आधारित निष्पादन मूल्यांकन दिखाया जाना चाहिए बजाय कि निवेश आधारित मूल्यांकन के। आवर्ती अनुदानों के संबंध में, संबंधित मंत्रालय या विभाग को पूर्ववर्ती वित्तीय वर्ष का उ.प्र. प्राप्त होने के पश्चात ही आगामी वित्तीय वर्ष हेतु संस्वीकृत अनुदान जारी करना चाहिए।

संबंधित संस्था या संगठन द्वारा वित्तीय वर्ष के समापन के बारह माह के भीतर उ.प्र. प्रस्तुत किए जाने चाहिए। संबंधित मंत्रालय या विभाग को ऐसे उ.प्र. की प्राप्ति की संवीक्षा करनी होगी। जहाँ अनुदानग्राही संस्थाओं से निर्धारित समय के भीतर ऐसे प्रमाण पत्र प्राप्त नहीं होते हैं, मंत्रालय या विभाग को ऐसी संस्था या संगठन को भविष्य में अनुदान, आर्थिक सहायता या अन्य प्रकार की सरकारी वित्तीय सहायता न प्रदान करने हेतु काली सूची में डालने की स्वतन्त्रता होगी। सा.वि.नि. के नियम 209(1) के अंतर्गत दी गयी टिप्पणी के अनुसार इस तथ्य को वेबसाईट पर भी डाला जाना चाहिए।

इसके अतिरिक्त वित्त मंत्रालय के व्यय विभाग द्वारा व्यय प्रबंधन के मामले पर जारी कार्यालय ज्ञापन[3] में स्पष्ट है कि किसी इकाईं (राज्य सरकार सहित) जिसने केन्द्रीय सरकार द्वारा जारी सहायता अनुदानों के लिए उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने मे चूक की थी, को वित्त मंत्रालय के पूर्व अनुमोदन के बिना कोई राशि नहीं जारी की जाएगी। का.ज्ञा. में यह भी निर्देश है कि संस्वीकृति आदेश में स्पष्ट रूप से निर्दिष्ट होना चाहिए कि या तो प्राप्तकर्ता के पास कोई उ.प्र. नियमानुसार देय नहीं हैं या भुगतान व्यय विभाग द्वारा प्राधिकृत किया गया है।

मंत्रालय में अभिलेखों की संवीक्षा ने प्रकट किया कि मंत्रालय द्वारा 2012-13 तक जारी किए गए अनुदानों के संदर्भ में 18 सितंबर 2014 तक कुल

[3] सं. 7(1) ई-कॉर्ड/2011 दिनांक 11 जुलाई 2011, सं. 7(1) ई-कॉर्ड/2012 दिनांक 31 मई 2012

₹787.74 करोड़ की राशियों के 10,337 उ.प्र. बकाया थे जिसका विवरण **अनुबंध 5.2** में दिया गया है।

अवधि-वार विश्लेषण से ज्ञात हुआ कि ₹35.61 करोड़ (4.52 प्रतिशत) की राशि के उ.प्र. 20 वर्षो से अधिक ₹265.31 करोड़ (33.68 प्रतिशत) 11 से 20 वर्षों तक ₹354.12 करोड़ (44.95 प्रतिशत) 6 से 10 वर्षों तक तथा ₹132.71 करोड़ (16.85 प्रतिशत) पिछले 5 वर्षों से समायोजन हेतु लंबित थे। सबसे पहले से लंबित पड़ें उपयोग प्रमाण पत्र वर्ष 1987-88 में संस्वीकृत अनुदानों के हैं।

मंत्रालय ने बकाया उपयोग प्रमाणपत्रों के बकाया को कम करने हेतु कोई विशेष प्रयास नहीं किए। चूंकि निधियों के अभिप्रेत उद्देश्य हेतु उपयोग को सुनिश्चित करने के लिए उ.प्र. ही एकमात्र क्रियाविधि है, मंत्रालय को उ.प्र. की सामयिक प्राप्ति सुनिश्चित करने हेतु एक सुदृढ़ तंत्र की स्थापना करनी चाहिए। उन मामलों में निधियों की धोखाधड़ी/गबन की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जिनमें अनुदान ग्राही संगठनों ने उ.प्र. प्रस्तुती करने में असाधारण रूप से विलम्ब किया है।

अनुदान सं. 66- सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों का मंत्रालय

5.5.11 प्रस्तावना

सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम (सू.ल.म.उ.) क्षेत्र भारतीय अर्थव्यवस्था के एक बड़े जीवंत तथा ऊर्जावान क्षेत्र के रूप में उभर कर आया है। यह क्षेत्र बड़े उद्योगों की तुलना में कम पूँजी लागत पर अधिक रोजगार अवसर उपलब्ध कराने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है तथा ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के औद्योगिकीकरण में सहायक है जिससे क्षेत्रीय असंतुलनों को कम करने तथा राष्ट्रीय आय एवं संपत्ति के अधिक न्यायसंगत वितरण का आश्वासन मिलता है। सू.ल.म.उ. सहायक इकाईयों के रूप में बड़े उद्योगो तथा देश के सामाजिक-आर्थिक विकास में बहुत अधिक योगदान करते हैं।

सू.ल.म.उ. के संवर्धन तथा विकास का प्राथमिक उत्तरदायित्व राज्य सरकारों का है। परन्तु भारत सरकार विभिन्न उपायों द्वारा राज्य सरकारों के प्रयासों को पूरा करती है। सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय की भूमिका राज्यों को उनके

उद्यमशीलता, रोजगार तथा आजीविका अवसरों को बढ़ावा देने के प्रयासों में मदद करता है तथा परिवर्तित आर्थिक परिवेश में सू.ल.म.उ की प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता को बढ़ाता है।

कार्यालय विकासायुक्त (सू.ल.म.उ.) मंत्रालय का एक संलग्न कार्यालय है जो मंत्रालय की देश में सू.ल.म.उ. के संवर्धन तथा विकास के लिए विभिन्न नीतियों एवं कार्यक्रमों को बनाने, समन्वय करने, कार्यान्वयन करने तथा उनकी निगरानी करने में सहायता करता है।

निम्नलिखित स्वायत्त संगठन तथा राष्ट्रीय स्तर के उद्यमशील विकास संस्थान मंत्रालय के प्रशासनिक नियंत्रण के अंतर्गत आते है:

(क) स्वायत्त संगठन

- राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड (रा.ल.उ.नि.)
- खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग (खा.ग्रा.उ.नि.)
- कोयर बोर्ड

(ख) राष्ट्रीय स्तर उद्यमवृत्ति विकास संस्थान

- राष्ट्रीय उद्यमिता एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान (रा.उ.एवं ल.व्य.वि.सं.), नोएडा
- राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम संस्थान (रा.सू.ल.एवं म.उ.रा.सं.), हैदराबाद
- भारतीय उद्यमिता संस्थान (भा.उ.सं.), गुवाहाटी

5.5.12 राजस्व लेखे पर प्रावधान एवं व्यय

मंत्रालय का राजस्व व्यय 2011-12 में ₹ 2,162.33 करोड़ से बढ़ कर 2013-14 में ₹ 2,550.69 करोड़ हो गया। सहायता अनुदान पर व्यय, मंत्रालय के राजस्व व्यय के प्रमुख घटकों में से एक है। 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान सहायता अनुदान पर व्यय, योजनागत राजस्व व्यय के 72 से लेकर 82 प्रतिशत के बीच था, जबकि गैर-योजनागत सहायता अनुदान व्यय के लिए यह 5 से 57 प्रतिशत के बीच था जिसका विवरण निम्न **तालिका 5.13** में दिया गया है

तालिका 5.13: राजस्व लेखे पर प्रावधान एवं व्यय

(₹ करोड में)

वर्ष	प्रावधान		व्यय		सहायता अनुदान पर व्यय		वास्तविक व्यय की तुलना में सहायता अनुदान का प्रतिशत	
	योजनागत	गैर-योजनागत	योजनागत	गैर-योजनागत	योजनागत	गैर-योजनागत	योजनागत	गैर-योजनागत
2011-12	2534.04	300.50	1860.83	301.40	1524.34	15.48	82	05
2012-13	2752.02	319.86	2151.72	287.55	1720.05	126.01	80	44
2013-14	2899.02	311.93	2196.89	353.80	1579.30	200.79	72	57

स्रोत: डी. डी. जी., विनियोग लेखे तथा ई-लेखा डाटा डम्प

5.5.13 अनुदानों पर वस्तु शीर्ष-वार व्यय

2011-12 से 2013-14 के लिए अनुदान व्यय का वस्तु शीर्ष- '31-सहायता अनुदान-सामान्य'; '35-पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' तथा '36-सहायता अनुदान-वेतन' में वितरण का ब्यौरा **तालिका 5.14** में दिया गया है:

तालिका 5.14: वस्तु शीर्ष-वार व्यय

(₹ करोड में)

विवरण	2011-12	2012-13	2013-14	कुल
31-सहायता अनुदान सामान्य	1481.16 (96.19 %)	1657.36 (89.78 %)	1548.13 (86.97 %)	4686.65
35-पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान	58.66	67.99	96.32	222.97
36-सहायता अनुदान वेतन	0.00	120.71	135.64	256.35
कुल	**1539.82**	**1846.06**	**1780.09**	**5165.97**

स्रोत: ई-लेखा डाटा डम्प

उपरोक्त से यह पता चलता है कि अनुदानों पर कुल व्यय में से 'सहायता अनुदान-सामान्य' पर व्यय 2011-12 में 96 प्रतिशत, 2012-13 में 90 प्रतिशत तथा 2013-14 में 87 प्रतिशत हुआ।

5.5.14 सहायता अनुदान पर माह-वार व्यय का प्रवाह

सामान्य वित्तीय नियमावली (सा.वि.नि.) के नियम 212(1) के अनुसार, मंत्रालय अथवा विभाग द्वारा पूरे वर्ष के दौरान व्यय के एक समान प्रवाह सुनिश्चित किया जाना चाहिए।

तथापि, यह पाया गया था कि मंत्रालय ने 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान सहायता अनुदान जारी करते समय सा.वि.नि. के उक्त प्रावधान का अनुपालन नहीं किया जैसाकि **चार्ट 5.9** द्वारा स्पष्ट है। वित्तीय वर्षों 2011-12 से 2012-13 में क्रमशः मई तथा जून के महीनों में अधिक अनुदान जारी किए गए जबकि वित्तीय वर्ष 2013-14 के लिए जून तथा मार्च के महीनों से सबसे अधिक अनुदान जारी किए गए थे। इसके अतिरिक्त इन सभी वर्षों में दिसंबर के माह में व्यय में उछाल पाये गए थे।

चार्ट 5.9: सहायता अनुदान को माह-वार जारी किया जाना



	अप्रैल	मई	जून	जुलाई	अग.	सित.	अक्तू.	नव.	दिस.	जन.	फर.	मार्च
2011-12	0%	25%	0%	15%	7%	14%	0%	0%	20%	1%	12%	6%
2012-13	0%	0%	34%	1%	1%	7%	1%	9%	15%	1%	16%	15%
2013-14	0%	2%	21%	18%	6%	6%	3%	2%	14%	3%	4%	21%

स्रोत: ई-लेखा डाटा डम्प

5.5.15 अस्तित्वों के अनुसार व्यय-सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम, स्वायत्त निकाय, पंजीकृत समितियां आदि

प्राप्तकर्ताओं की मूल श्रेणियों के अनुसार के.यो.यो.मा.प्र. डाटाबेस से विश्लेषित 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान जारी योजनागत सहायता अनुदान के ब्यौरे **तालिका 5.15** में दिए गए है:

तालिका 5.15: प्राप्तकर्ताओं के अनुसार व्यय

(₹ करोड़ में)

अभिकरण का नाम	2011-12		2012-13		2013-14	
	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान	संस्वीकृत अनुदान	जारी अनुदान
केन्द्र सरकार संस्थान	0.00	0.00	0.06	0.06	0.00	0.00
केन्द्र सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	78.46	78.46	103.59	61.01	63.17	63.17
पंजीकृत समितियाँ (सरकारी स्वाय्त्त)	128.62	125.66	160.72	146.00	237.78	223.63
पंजीकृत समितियाँ (गैर-सरकारी संगठन)	1.42	1.26	4.20	2.09	4.19	3.92
राज्य सरकार/के.शा.प्र.	7.67	6.95	0.69	0.00	0.00	0.00
राज्य सरकार संस्थान	0.28	0.15	0.13	0.13	1.07	1.07
राज्य सरकार सार्वजनिक क्षेत्र उपक्रम	30.26	24.85	26.34	20.14	42.46	31.92
सांविधिक निकाय	1405.13	1284.18	2582.59	1486.85	1399.96	1254.13
ट्रस्ट	0.32	0.20	0.61	0.61	0.41	0.36
स्थानीय निकाय	0.00	0.00	0.00	0.00	0.02	0.02
वैयक्तिक	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
सार्वजनिक क्षेत्र कंपनियाँ	0.14	0.14	1.31	1.10	1.00	0.94
अंतर्राष्ट्रीय संगठन	5.85	1.95	0.00	0.00	0.00	0.00
कुल	**1658.15**	**1523.80**	**2880.24**	**1717.99**	**1750.06**	**1579.16**

स्रोत: लेखा कार्यालय, पी एफ एम एम डाटा (मार्च 2015) के अनुसार एम एस एम ई मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत सूचना

वित्त मंत्रालय द्वारा प्रत्येक वर्ष जारी बजट परिपत्र के अनुसार निजी संगठनों/संस्थानों/व्यक्तियों को वास्तविक संस्वीकृत अनुदानों से अधिक ₹5 लाख (आवर्ती) अथवा ₹10 लाख (अनावर्ती) सहायता अनुदान दर्शाते हुए एक विवरणी अनुदानों के लिए विस्तृत माँग के साथ लगाकर देनी आवश्यक है। इसके अतिरिक्त गैर-सरकारी निकायों को सहायता अनुदान के भुगतान के लिए बजट

अनुमानों में शामिल प्रावधानों को दर्शाते हुए एक विवरणी भी अनुदानों के लिए विस्तृत माँग के साथ लगा कर देनी आवश्यक है।

लेखापरीक्षा के समय यह पाया गया कि मंत्रालय ने निजी संस्थानों/संगठनों को वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान ₹10 लाख से ₹25 लाख के बीच सहायता अनुदान जारी किए जो क्रमश: कुल ₹0.41 करोड़, ₹1.37 करोड़ तथा ₹4.44 करोड़ थे **(अनुबन्ध 5.3)**। तथापि इन सूचनाओं को वर्ष 2011-12 से 2013-14 के लिए मंत्रालय के अनुदानों हेतु विस्तृत माँग में शामिल नहीं किया गया था।

5.5.16 मंत्रालय द्वारा जारी अनुदानों में से अनुदानग्राहियों द्वारा ₹ 222.97 करोड़ के मूल्य की पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन का आश्वासन न देना

वित्तीय वर्ष 2009-10 से, पूँजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदानग्राही निकायों को जारी किए गए अनुदानों की स्पष्ट रूप से गणना के लिए सरकार द्वारा एक नए विषय शीर्ष '35- पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' शुरू किया गया था।

मंत्रालय ने 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान विषय शीर्ष 'पूंजीगत परिसंपत्तियों के सृजन हेतु अनुदान' के अंतर्गत ₹222.97 करोड़ जारी किए। मंत्रालय संस्वीकृति आदेशों में एक शर्त शामिल किए जा रहा था कि अनुदानों से सृजित परिसम्पत्तियों का मंत्रालय की स्वीकृति के बिना निपटान नहीं किया जाएगा।

तथापि, मंत्रालय द्वारा कोई केन्द्रीकृत अभिलेख/डाटाबेस अर्थात-अनुदानग्राही का नाम, परिसम्पत्तियों की प्रकृति सहित सृजित परिसम्पत्तियों का विवरण पूंजीगत परिसम्पत्तियों के सृजन के लिए वास्तविक अनुदान के उपयोग की राशि उन परिसम्पत्तियों का स्वामित्व आदि, अनुरक्षित नही किया गया था।

चूंकि मंत्रालय के पास अनुदानग्राही द्वारा सृजित पूंजीगत परिसंपत्तियों से संबंधित कोई भी अभिलेख उपलब्ध नहीं हैं, इस शीर्ष के अंतर्गत दर्ज किए गए

₹222.97 करोड़ के व्यय का आश्वासन नहीं दिया जा सकता इसके परिणामस्वरूप जिसके लिए अनुमोदन संस्वीकृत किया गया था उसमें पूंजीगत परिसंपत्तियों का सृजन हुआ था। इसके अतिरिक्त किसी विषय सूची के अभाव में यह स्पष्ट नहीं है कि मंत्रालय कैसे यह सुनिश्चित कर रहा था कि बिना उसके अनुमोदन के जैसा कि संस्वीकृति आदशों में निर्धारित है, इन अनुदानों में से सृजित परिसंपत्तियों का निपटान अनुदानग्राही निकाय नहीं कर रहे थे।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (अक्तूबर 2014) में बताया कि ऐसे विवरण विकास आयुक्त (सू.ल.एवं.म.उ.) के कार्यालय के संबंध में, संस्वीकृत आदेश/अंतिम अनुमोदन में प्रदर्शित किए गए थे तथा कोयर डिविजन के संबंध में कोयर बोर्ड द्वारा केन्द्रीयकृत अभिलेख/डाटाबेस रखे गए थे। आगे यह बताया गया कि लेखापरीक्षा की अभ्युक्ति को भविष्य में ध्यान में रखा जाएगा। खा.ग्रा.उ.आ. प्रभाग ने बताया (नवंबर 2014) कि ऐसे विवरण खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग द्वारा रखे जाते हैं। हालांकि तथ्य यह है कि सभी संबंधित विवरणों सहित कोई केन्द्रीयकृत अभिलेख/डाटाबेस नहीं रखे गए थे।

5.5.17 ₹5 करोड़ से अधिक का सहायता अनुदान जारी किए जाने के मामले में समझौता ज्ञापन (स.ज्ञा.) हस्ताक्षरित नहीं किया जाना

सामान्य वित्तीय नियमावली, 2005 के नियम 208(vii) के अनुसार, ₹5 करोड़ प्रति वर्ष से अधिक बजटीय सहायता प्राप्त करने वाले सभी संगठनों को प्रशासनिक मंत्रालय या विभाग के साथ आनुपातिक निवेश आवश्यकताओं सहित कार्य के कार्यक्रम तथा उत्पादन में गुणात्मक सुधार के विवरणों के अनुसार उत्पादन लक्ष्यों को स्पष्ट रूप से बताने वाला एक स.ज्ञा. अपेक्षित है। निष्पादन के परिणाम योग्य इकाइयों में दिए गए उत्पादन लक्ष्य, इन संगठनों को दिए गए बजटीय सहायता बढ़ाने का आधार होने चाहिए।

वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान निम्नलिखित संस्थानों/संगठनों को ₹559.03 करोड़ के कुल सहायता अनुदान प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए जारी किए गए थे, परन्तु प्रत्येक को ₹5 करोड़ प्रतिवर्ष से अधिक की बजटीय सहायता दिए

जाने के बावजूद भी मंत्रालय द्वारा अनुदानग्राही निकायों के साथ कोई स.ज्ञा. नहीं किया गया था।

तालिका 5.16: संस्थानों के साथ हस्ताक्षर न किए गए स.ज्ञा.

(₹ करोड़ में)

क्र. सं.	संगठन का नाम	वर्ष			कुल
		2011-12	2012-13	2013-14	
1.	खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग*	157.36	160.65	192.17	510.18
2.	कोयर बोर्ड	14.98	14.97	18.90	48.85
	कुल	**172.34**	**175.62**	**211.07**	**559.03**

*राशि को खा.एवं.ग्रा.उ.आ. को प्रशासनिक उद्देशयों के लिए जारी विषय शीर्ष 20 के अंतर्गत शामिल किया गया।

मंत्रालय ने बताया (अक्तूबर/नवंबर 2014) कि मंत्रालय तथा संबंधित अनुदानग्राहियों के बीच स.ज्ञा.पर हस्ताक्षर नहीं किए गए। मंत्रालय का उत्तर मान्य नहीं है चूंकि चे.सा.वि.नि. के स्थाई अनुदेश हैं। मंत्रालय को इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई करनी चाहिए।

5.5.18 अनुदान जारी करने तथा प्राधिकरण के बीच विलंब

सिविल लेखा नियमपुस्तिका का पैरा 2.3.1. प्रावधान करता है कि भुगतान हेतु बिलों को उनकी प्राप्ति के अधिकतम सात कार्यदिवसों के भीतर पारित करके चैक जारी किया जाना चाहिए। कम अवधि के भीतर बिलों को पारित करने तथा भुगतान करने हेतु प्रयास किए जाने चाहिए और प्र.ले.मु.नि./ले.मु.नि./ले.नि.[4] को इस संबंध में प्रतिमान निर्धारित करने के साथ-साथ उनकी अनुपालना को व्यक्तिगत रूप से मानीटर करना चाहिए इसके अतिरिक्त एवं संवितरण अधिकारी द्वारा 'तत्काल' इंगित किए बिलों पर कार्रवाई शीघ्रता से की जानी चाहिए ताकि चैक उसी दिन अथवा अगले दिन जारी हो जाएं।

नमूना जाँच ने प्रकट किया कि वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान वहाँ बिलों के जारी करने की तिथि से लेकर चैकों के जारी होने की तिथि तक आठ दिनों से

[4] प्रधान लेखा मुख्य नियंत्रक/लेखा मुख्य नियंत्रक/लेखा नियंत्रक

लेकर 30 दिनों के बीच तक के विलम्ब थे जैसा **तालिक 5.17** में विवरण दिया गया है:

तालिका 5.17: प्राधिकरण तथा वास्तव में जारी किए गए अनुदानों के बीच अंतर का ब्यौरा

(₹ करोड़ में)

विलम्ब	2011-12		2012-13		2013-14		कुल	
	संस्वीकृती आदेशों की संख्या	राशि	संस्वीकृति आदेशों की संख्या	राशि	संस्वीकृति आदेशों की संख्या	राशि	संस्वीकृति आदेशो की संख्या	राशि
8 दिनों से 1 महीना	19	9.81	17	45.02	6	1.25	42	56.08
1-3 महीने	0	0.00	1	0.01	3	0.13	4	0.14
कुल	**19**	**9.81**	**18**	**45.03**	**9**	**1.38**	**46**	**56.22**

5.5.19 ₹438.45 करोड़ के अव्ययित शेष को ध्यान में रखे बिना जारी अनुदान

सा.वि.नि. के नियम 209 (6) (iii) के अनुसार जब एक ही उद्देश्य हेतु उसी संस्थान अथवा संगठन को सहायता अनुदान संस्वीकृत किया जाता है तो अनुवर्ती अनुदान को संस्वीकृत करते हुए पिछले अनुदान के अव्ययित शेष को ध्यान में रखा जाना चाहिए। इसके अतिरिक्त नियम 212(1) भी बताता है कि आवर्ती अनुदानों के संबंध में संबंधित मंत्रालय अथवा विभाग को तदनंतर वित्तीय वर्ष के लिए कोई संस्वीकृत राशि, संबंधित संस्थान अथवा संगठन द्वारा पूर्व वित्तीय वर्ष के अनुदानों के संबंध में अंतरिम आधार पर उपयोग प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने के पश्चात जारी करनी चाहिए।

वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान, मंत्रालय ने निम्नलिखित तीन संस्थानों को ₹4,507.86 करोड़ के आवर्ती सहायता अनुदान जारी किए परंतु उसने इन संस्थानों के पास पहले से उपलब्ध ₹438.45 करोड़ के अव्ययित अनुदानों को ध्यान में नहीं रखा।

तालिका 5.18: अव्ययित शेषों को ध्यान में रखे बिना जारी किए गए अनुदान

(₹ करोड़ में)

संगठन का नाम	निम्न को अव्ययित अनुदान	अव्ययित अनुदानों की राशि (वार्षिक लेखापरीक्षित लेखे के अनुसार)	निर्गम का वर्ष	जारी आवर्ती अनुदानों की राशि		
				योजनागत	गैर-योजनागत	कुल
कोयर बोर्ड	31.3.2011	9.80	2011-12	23.54	14.98	38.52
	31.3.2012	10.45	2012-13	17.76	14.97	32.73
	31.3.2013	1.84	2013-14	8.26	18.90	27.16
	कुल	**22.09**				**98.41**
राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड	31.3.2011	13.54	2011-12	78.46	0.00	78.46
	31.3.2012	37.08	2012-13	61.01	0.00	61.01
	31.3.2013	11.60	2013-14	57.98	0.00	57.98
	कुल	**62.22**				**197.45**
खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग	31.3.2011	उ.न.*	2011-12	1257.44	0.00	1257.44
	31.3.2012	195.74	2012-13	1462.21	110.54	1572.75
	31.3.2013	158.40	2013-14	1200.42	181.39	1381.81
	कुल	**354.14**				**4212.00**
	कुल योग	**438.45**				**4507.86**

*2010-11 की अवधि के लिए खा.एवं.ग्रा.उ.आ. के वार्षिक लेखे लेखापरीक्षा को प्रस्तुत नही किए गए

मंत्रालय ने बताया (अक्तूबर/नवंबर 2014) कि कोयर बोर्ड तथा राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम के पास उपलब्ध अव्ययित शेषों को बाद में सहायता अनुदानों के जारी करने के समय ले लिया जाएगा। खा.एवं.ग्रा.उ प्रभाग ने अपने उत्तर में बताया कि कार्यान्वित एजेन्सियों के पास पड़े प्रधानमंत्री रोजगार उत्पत्ति कार्यक्रम को छोड़कर सभी योजनागत योजनाओं के संबंध में अंतिम जारी निधियों तक निधियों के अव्ययित शेष को एजेन्सी को आगे अधिक निधियाँ जारी करने के प्रस्तावों को संसाधिक करते समय लेखे में लिया गया था। यद्यपि निधियों के जारी होने में समायोजित अव्ययित शेष के प्रमाण को भविष्य में संस्वीकृत आदेश में प्रदर्शित कर दिया जाएगा जैसाकि लेखापरीक्षा द्वारा सुझाव दिया गया है।

5.5.20 उपयोग प्रमाणपत्रों में ऋणों तथा अग्रिमों पर किए व्यय का प्रकटीकरण न होना

सा.वि.नि. के नियम 212(1) के नीचे टिप्पणी 2 में बताया गया है कि केन्द्रीय स्वायत्त संगठनों के संदर्भ में निर्माण अभिकरणों, स्टॉफ को (गृह निर्माण तथा वाहन के क्रय आदि के लिए) जो उस स्तर पर व्यय नहीं करते हैं, भंडारण एवं परिसंपत्तियों के आपूर्तिकर्ताओं को दिए गए ऋणों एवं अग्रिमों तथा किए गए वास्तविक व्यय को उपयोग प्रमाणपत्र में पृथक रूप से दर्शाया जाएगा। इन को अनुप्रयुक्त अनुदानों के रूप में माना जाएगा परन्तु अग्रेषित करने की अनुमति है। आगामी वर्ष के लिए अनुदानों का विनियम करते हुए, अग्रेषित राशि को ध्यान में रखा जाएगा।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि वर्ष 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान, संगठनों को क्रमश: ₹1,611.75 करोड़ तथा ₹1,454.07 करोड़ के सहायता अनुदान जारी किए गए थे जैसाकि नीचे **तालिका 5.19** में दिया गया है, यद्यपि इन संगठनों ने वर्ष 2012-13 के लिए अनुदानों के संबंध में प्रस्तुत किए गए उपयोग प्रमाणपत्रों में 31 मार्च 2013 को प्राप्त किए गए अनुदानों में से ₹1,774.84 करोड़ के संवितरित ऋणों तथा अग्रिमों को उजागर नहीं किया था। मंत्रालय ने भी 2013-14 के दौरान ₹1,454.07 करोड़ के अतिरिक्त अनुदानों को जारी करने से पहले न तो अनुदानग्राही को पूछा और न ही उसे अनुदानग्राहियों के वार्षिक लेखापरीक्षित लेखे में सुनिश्चित किया गया।

तालिका 5.19: ऋणों तथा अग्रिमों पर किए व्यय के ब्यौरे

(₹ करोड़ में)

संगठन का नाम	2012-13 के दौरान जारी अनुदान	31 मार्च 2013 को संवितरित ऋण तथा अग्रिम (वार्षिक लेखे के अनुसार)	2013-14 के दौरान जारी अनुदान
खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग	1576.71	1769.68	1386.07
कोयर बोर्ड	35.04	5.16	68.00
कुल	**1611.75**	**1774.84**	**1454.07**

मंत्रालय ने अपने उत्तर (अक्तूबर 2014) में बताया कि कोयर बोर्ड द्वारा ऋणों एवं अग्रिमों पर किए गए व्यय के उपयोग प्रमाणपत्र पर भविष्य में जोर दिया जाएगा।

मंत्रालय ने आगे बताया (नवंबर 2014) कि 2012-13 तथा 2013-14 के दौरान खा.ग्रा.उ.आ. को कोई ऋण एवं अग्रिम जारी नहीं किए गए थे तथा 2012-13 के दौरान जारी सहायता अनुदानों के लिए खा.ग्रा.उ.आ. से सभी उपयोग प्रमाणपत्र 2013-14 के लिए जारी किए जा रहे अनुदानों से पहले प्राप्त हो गए थे। उत्तर स्वीकार्य नहीं है क्योंकि सा.वि.नि. के प्रावधानों का संबंध अनुदानग्राही द्वारा सरकारी सहायता अनुदानों से संवितरित ऋणों व अग्रिमों के जारी करने से है न कि सरकार द्वारा अनुदानग्राही संस्थानों को जारी ऋण एवं अग्रिमों से है।

5.5.21 उपयोग प्रमाणपत्र (उ.प्र.)

सा.वि.नि. के नियम 121(1) में निर्धारित है कि संस्थान या संगठन को दिए गए गैर-आवर्ती अनुदानों के संदर्भ में, सहायता अनुदानों को संस्वीकृत करने वाले आदेश में, फार्म सा.वि.नि. 19-क में जिस उद्देश्य हेतु अनुदान प्राप्त किए गए थे उसके लिए अनुदानों की वास्तविक उपयोग प्रमाणपत्र पर जोर दिया जाना चाहिए। आवर्ती अनुदानों के संदर्भ में, उ.प्र. को यह भी प्रकट करना चाहिए उपयोग की गई राशि के प्रति क्या विनिर्दिष्ट, परिमाणात्मक तथा गुणात्मक लक्ष्यों को प्राप्त किया जाना था, वास्तव में कर लिया गया था। उ.प्र. में निवेश आधारित निष्पादन आकलन की बजाए उत्पादन आधारित निष्पादन आकलन निहित होना चाहिए। आवर्ती अनुदानों के संबंध में, संबंधित मंत्रालय या विभाग को पिछले वित्तीय वर्ष के अनुदानों से संबंधित उ.प्र. जमा कर देने के पश्चात ही आगामी वित्तीय वर्ष के लिए कोई राशि जारी की जानी चाहिए।

इसके अतिरिक्त, संबंधित संस्थान या संगठन द्वारा वित्तीय वर्ष के समाप्त होने के बारह महीनों के भीतर उ.प्र. जमा कर दिये जाने चाहिए। ऐसे प्रमाणपत्र की प्राप्ति की संवीक्षा संबंधित मंत्रालय या विभाग द्वारा की जानी चाहिए। जहाँ कहीं भी निर्धारित समय में अनुदानग्राही से ऐसे प्रमाणपत्र की प्राप्ति नहीं होती है, तब मंत्रालय या विभाग के पास ऐसे संस्थान या संगठन को भविष्य में सरकार से

किसी अनुदान, आर्थिक सहायता या अन्य प्रकार की वित्तीय सहायता के लिए काली सूची में डाल देने का अधिकार होगा। इस तथ्य को नियम 209(1) के अंतर्गत नोट के संदर्भ में वेबसाइट पर डाल दिया जाना चाहिए।

मंत्रालय द्वारा प्रस्तुत ब्यौरे के अनुसार, 31 मार्च 2014 को कुल ₹ 75.90 करोड़ के 242 उपयोग प्रमाण-पत्र बकाया थे जिसाका ब्यौरा **अनुबन्ध 5.4** में दिया गया है। संस्वीकृत अनुदानों की सबसे पुरानी अवधि, जिसके लिए उ.प्र. बकाया हैं, 2005-06 है। इसके अतिरिक्त अभिलेखों की नमूना जॉच के दौरान ऐसा कोई मामला जहाँ मंत्रालय ने दोषी संगठनों को काली सूची में डाला गया था, लेखापरीक्षा के सामने नहीं आया।

उ.प्र. की प्राप्ति ही केवल ऐसा तंत्र है जो निधियों के अभिप्रेत उद्देश्य के लिए उपयोग में लाए जाने का साक्ष्य है। मंत्रालय को अनुदानग्राही निकायों द्वारा उ.प्र. के सामयिक प्रस्तुतीकरण को सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत तंत्र की स्थापना करनी चाहिए।

5.5.22 निष्पादन सह उपलब्धि प्रतिवेदन तथा वार्षिक लेखापरीक्षित विवरणियों का प्रस्तुतीकरण न किया जाना

सा.वि.नि. के नियम 212(3) के अनुसार, अनुदानग्राही संस्थान अथवा संगठन को वित्तीय वर्ष की समाप्ति के तुरंत पश्चात निष्पादन-सह-उपलब्धि रिपोर्ट प्रस्तुत करना अपेक्षित है। इस संबंध में संबंधित संस्वीकृत प्राधिकारी द्वारा एक समय सीमा निर्धारित की जानी चाहिए। आवर्ती अनुदानों के मामले में, सभी मामलों में प्रायः निष्पादन-सह-उपलब्धि प्रतिवेदनों के प्रस्तुतीकरण पर जोर दिया जाना चाहिए।

2011-12 से 2012-13 के दौरान, मंत्रालय ने प्रतिवर्ष निम्नलिखित संस्थानों/ संगठनों को कुल ₹ 284.89 करोड़ के आवर्ती अनुदान जारी किए थे। हालांकि, मंत्रालय के पास यह सुनिश्चित करने हेतु कोई तंत्र नहीं था कि पूर्व अनुदानों के संबंध में निष्पादन-सह-उपलब्धि प्रतिवेदन अनुदानग्राही द्वारा निर्धारित समय सीमा के भीतर प्रस्तुत किए गए थे जबकि, मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संस्वीकृति आदेशों में एक खण्ड निहित था कि निष्पादन-सह-उपलब्धि प्रतिवेदन निर्दिष्ट तिथि/अवधि में प्रस्तुत कर दिए जाने चाहिए।

तालिका 5.20: संस्थानों, जिनकी निष्पादन-सह-उपलब्धि प्रतिवेदनों की समीक्षा नहीं की गई थी का ब्यौरा

(₹ करोड़ में)

संस्थान/संगठन का नाम	जारी किए गए आवर्ती अनुदान		
	2011-12	2012-13	कुल
राष्ट्रीय लघु उद्योग निगम लिमिटेड	78.46	61.01	139.47
कोयर बोर्ड	25.91	19.23	45.14
राष्ट्रीय उद्योग एवं लघु व्यवसाय विकास संस्थान	25.89	23.35	49.24
राष्ट्रीय सूक्ष्म, लघु तथा मध्यम उपक्रम संस्थान	11.11	14.37	25.48
भारतीय उपक्रम संस्थान	13.77	11.79	25.56
कुल	**155.14**	**129.75**	**284.89**

स्रोत: पी.एफ.एम.एस.

मंत्रालय ने बताया (अक्तूबर 2014) कि यह सुनिश्चित किया जाएगा कि निष्पादन-सह-उपलब्धि प्रतिवेदन अनुदानग्राहियो द्वारा अनुदानग्राहियों को अनुपालन हेतु अनुदेश जारी किए जाएंगे।

5.5.23 अनुदानग्राही निकायों से पर्याप्त प्रस्तावों के बिना बजटों की तैयारी

सा.वि.नि. का नियम 209 (6) (ii) प्रावधान करता है कि अनुदानग्राही संस्थानों को सहायता अनुदानों की संस्वीकृति अथवा निर्गम में विलम्ब से बचने के लिए मंत्रालय अथवा विभाग को सरकार से अनुदानों की मांग कर रहे संस्थान अथवा संगठन को वर्ष, जिसके लिए सहायता अनुदान की मांग की गई है, के पूर्व वर्ष में अक्तूबर की समाप्ति तक सहायक विवरणों सहित अपनी आवश्यकता प्रस्तुत करने हेतु दबाव डाला जाना चाहिए। मंत्रालय अथवा विभाग को अत्यंत शीघ्रता से उनके अनुरोधों की जांच को अंतिम रूप देना चाहिए तथा जिन अनुदानों को संस्वीकृत किए जाने का निर्णय लिया जाएगा, उनके लिए आवश्यक बजट प्रावधान करने चाहिए। संस्थान अथवा संगठन को अनुवर्ती वर्ष के अप्रैल तक उनके अनुरोधों के परिणाम से सूचित किया जाना चाहिए।

लेखापरीक्षा संवीक्षा से पता चला कि मंत्रालय ने खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग के माध्यम से कार्यान्वित निम्नलिखित तीन योजनाओं में उपरोक्त प्रावधानों का पालन नहीं किया। वर्ष 2011-12 से 2013-14 के लिए ₹473.88 करोड़ के कुल बजट प्रावधान में से मंत्रालय द्वारा संपूर्ण प्रावधान जारी नहीं किया जा सका।

संपूर्ण प्रावधान की बचतें इस तथ्य की संकेतक हैं कि मंत्रालय द्वारा बनाए गए प्रावधान अनुदानग्राहियों द्वारा प्रक्षेपित वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार नहीं परन्तु पिछली प्रवृत्तियों तथा प्रक्षेपणों के आधार पर थे जिसके परिणामस्वरूप ऐसी बड़ी बचतें हुई।

तालिका 5.21: बजट प्रावधानों के प्रति बचतें

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	स्कीम का नाम	वर्ष	बजट प्रावधान	वास्तविक जारी राशि	बचतें	बज प्रावधानों की तुलना में बचतों की प्रतिशतता
1.	खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम	2011-12	192.00	0.00	192.00	
		2012-13	50.00	0.00	50.00	
		2013-14	50.00	0.00	50.00	
		योग	**292.00**	**0.00**	**292.00**	**100**
2.	पारम्परिक उद्योगो के पुनरूत्थान हेतु निधि की योजना (पा.उ.पु.नि.यो.)	2011-12	20.00	0.00	20.00	
		2012-13	55.42	0.00	55.42	
		2013-14	55.46	0.00	55.46	
		योग	**130.88**	**0.00**	**130.88**	**100**
3.	खादी तथा शिल्प उद्योग की उत्पादकता तथा प्रतियोगितात्मकता की वृध्दि हेतु योजना	2011-12	21.00	0.00	21.00	
		2012-13	15.00	0.00	15.00	
		2013-14	15.00	0.00	15.00	
		योग	**51.00**	**0.00**	**51.00**	**100**
		कुल योग	**473.88**	**0.00**	**473.88**	

मंत्रालय ने बताया (नवंबर 2014) कि खादी सुधार एवं विकास कार्यक्रम की योजना के अंतर्गत नीति साँचे में बताई गई शर्तों को पूरा न करने के कारण निधियाँ जारी नहीं की जा सकीं। आगे यह भी बताया कि शेष दो योजनाओं को खा.एवं.ग्रा.उ.आ. की अन्य लघु योजनाओं के साथ पा.उ.पु.नि.यो. में मिलाने का प्रस्ताव किया गया था परन्तु पा.उ.पु.नि.यो. के मूल्यांकन में विलंब के कारण 2011-12 से 2013-14 के दौरान कोई निधियाँ जारी नहीं की जा सकीं।

5.5.24 अनुदान रजिस्टर के अनुरक्षण में विसंगतियां

सा.वि.नि. के नियम 212 (4) और सिविल लेखा मैनुअल के पैरा 4.27.2 के अनुसार, दुबारा भुगतान किए जाने से बचाव की दृष्टि से संस्वीकृत प्राधिकारी द्वारा क्रमशः फार्म सा.वि.नि.-39 तथा सि.ले.नि.पु.-28 में दिए गए फार्मेट में अनुदानों के एक रजिस्टर का अनुरक्षण किया जाएगा। किसी भी बिल पर हस्ताक्षर नहीं किए जाने चाहिए जब एक कि उससे संबंधित संस्वीकृति के प्रति इसे रजिस्टर में नोट न कर लिया जाए। इससे एकमुश्त संस्वीकृति के मामले में किस्तों में भुगतान यदि कोई हो, तो उस पर भी नजर रखने में सहायता मिलती है।

यह देखा गया था कि अनुदान रजिस्टर को मंत्रालय के संवंधित प्रभागों द्वारा अनुरक्षित किया गया था। हालाँकि बहुत सी आवश्यक सूचनाएं जैसे कि अनुदान के साथ संलग्न शर्तें, उ.प्र. एवं लेखा विवरणियों की प्राप्ति की देय तिथि, उ.प्र. एवं लेखा विवरणियों की प्राप्ति की वास्तविक तिथि, अव्ययित शेष के विवरण, आदि को रजिस्टर में दर्ज नहीं किया गया था। इस प्रकार, अनुदानों के संवितरण हेतु मूल अभिलेखों के अनुरक्षण की स्थिति की संस्वीकृति/संवितरण/उपयोगिता की मॉनीटरिंग को प्रभावित करते हुए उचित नही थी।

मंत्रालय ने बताया (अक्तूबर 2014) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्ति की अनुपालना हेतु मंत्रालय के सभी प्रभागों को अनुदेश जारी किए जाएगें।

5.5.25 मंत्रालय की वेबसाईट पर अनुदानग्राही निकायों से संबंधित सूचना का गैर-प्रकटीकरण

सा.वि.नि. का नियम 209(1) सहायता अनुदान देने के लिए सिध्दातों तथा प्रक्रिया संचालन में निर्धारित करता है कि सहायता अनुदान की मांग कर रहे संस्थान अथवा संगठन को यह प्रमाणित करना चाहिए कि इसने भारत सरकार अथवा राज्य सरकार के किसी अन्य मंत्रालय अथवा विभाग से एक ही उद्देश्य अथवा कार्य हेतु अनुदान प्राप्त अथवा आवेदन नहीं किया है। कथित नियम के नीचे दी गई टिप्पणी में भी बताया गया कि सहायता अनुदान में आवृत्ति से

बचने हेतु मंत्रालय अथवा विभाग को अपनी वेबसाईट पर प्रदान की गई अनुदानों की राशि तथा उद्देश्य के ब्यौरे सहित संस्थानों अथवा संगठनों की एक सूची रखनी चाहिए।

यह पाया गया कि ऐसी कोई सूची, जिसमें अनुदानों की राशि तथा उद्देश्य के ब्यौरों सहित संस्थानों अथवा संगठनों का विवरण शामिल हों, सू.ल.एवं म.उ. मंत्रालय की वेबसाईट पर नहीं डाली गई थी। मंत्रालय द्वारा वेबसाईट पर ऐसी सूची को न डालना सा.वि.नि. के प्रावधानों का उल्लंघन है। इसके अतिरिक्त यह निश्चित नहीं किया जा सका कि सू.ल.एवं म.उ. का मंत्रालय कैसे सुनिश्चित कर रहा था कि वहाँ अनुदानग्राही द्वारा एक ही उद्देश्य के लिए सहायता अनुदान की प्राप्ति में कोई आवृत्ति नहीं थी।

मंत्रालय ने बताया (अक्तूबर 2014) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्ति की अनुपालना हेतु मंत्रालय के सभी प्रभागों को अनुदेश जारी किए जाएंगे।

5.5.26 वार्षिक प्रतिवेदनों के माध्यम से संसद को विवरणों की सूचना न दिया जाना

सा.वि.नि. का नियम 212(2) प्रावधान करता है कि भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को संसद की सूचना हेतु अपनी वार्षिक रिपोर्ट में ₹10 लाख से ₹25 लाख तक आवर्ती अनुदानों के प्रकार में निजी तथा स्वैच्छिक संगठनों को प्रदत्त निधियों की प्रमात्रा तथा उद्देश्य, जिसके लिए उनका उपयोग किया गया था, को दर्शाने वाली एक विवरणी शामिल करनी चाहिए। इसी प्रकार ₹10 लाख से ₹50 लाख तक की एक बार गैर-आवर्ती अनुदान प्राप्त कर रहे संगठनों के मामले में भारत सरकार के सभी मंत्रालयों/विभागों को संसद की सूचना हेतु अपनी वार्षिक रिपोर्ट में इन प्रत्येक संगठनों को प्रदत्त निधियों की प्रमात्रा तथा उद्देश्य, जिसके लिए निधियो का उपयोग किया गया था, को दर्शाने वाली विवरणियां शामिल करनी चाहिए।

मंत्रालय की लेखापरीक्षा में यह पाया गया कि यद्यपि सू.ल.एवं म.उ. मंत्रालय द्वारा ₹10 लाख से ₹25 लाख के बीच के आवर्ती सहायता अनुदान, कुल ₹0.41

करोड़, ₹1.37 करोड़ तथा ₹4.44 करोड़ क्रमशः वर्ष 2011-12 से 2013-14 के दौरान निजी संस्थानो/संगठनों को जारी कि गए थे, जैसा कि **अनुबन्ध 5.3** में विवरण दिया गया है परंतु यह ब्यौरे मंत्रालय की वार्षिक रिपोर्ट, जो संसद में प्रस्तुत की गई थी, में शामिल नहीं किए गए थे।

मंत्रालय ने बताया (अक्तूबर 2014) कि लेखापरीक्षा अभ्युक्ति की अनुपालना हेतु मंत्रालय के सभी प्रभागों को अनुदेश जारी किए जाएंगें।

5.5.27 स्वायत्त संगठनों की पीयर समीक्षा नहीं की गई

सा.वि.नि. का नियम 208(v) स्वायत्त संगठनों की प्रत्येक तीन अथवा पांच वर्षों में कार्यों के आकार तथा प्रवृत्ति पर निर्भर बाह्य अथवा पीयर समीक्षा की एक क्रियाविधि की विद्यमान हेतु प्रावधान करता है। ऐसी समीक्षा में अन्य बातों के साथ-साथ उस उद्देश्य जिसके लिए स्वायत्त संगठन स्थापित किया गया था और क्या इन उद्देश्यों को प्राप्त किया गया है अथवा किया जा रहा है: संगठनों के कार्यों की निरंतरता अथवा अन्यथा क्योंकि वह आगे संगत नहीं है या पूरे किये जा चुके हैं या फिर वहाँ उद्देश्यों की प्राप्ति में भारी विफलता थी, क्या प्रदत्त सेवा हेतु उपभोक्ता प्रभारों को उपयुक्त दरों पर वसूला गया; आंतरिक संसाधन सृजन को बढाने हेतु गुंजाइश जिससे कि सरकारी बजटीय सहायता पर निर्भरता को कम किया जा सके, आदि पर ध्यान देना चाहिए।

2011-12 से 2013-14 के दौरान, मंत्रालय ने निम्नलिखित स्वायत्त निकायों को कुल ₹4,380.65 करोड़ का सहायता अनुदान जारी किया परंतु मंत्रालय द्वारा कभी भी इन निकायों की बाह्य अथवा पीयर समीक्षा नहीं कराई गई थी।

तालिका 5.22: स्वायत्त संगठन जिनका पीयर समीक्षा नहीं किया गया

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	स्वायत्त निकाय का नाम	2011-12	2012-13	2013-14	कुल
1	खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग	1257.44	1576.71	1386.07	4220.22
2	कोयर बोर्ड	41.53	35.04	68.00	144.57
3	महात्मा गाँधी ग्रामीण औद्योगिकीकरण संस्थान	4.48	2.81	8.57	15.86
	कुल योग	**1303.45**	**1614.56**	**1462.64**	**4380.65**

मंत्रालय ने बताया (अक्तूबर 2014) कि कोयर बोर्ड के पीयर समीक्षा के संबंध में सा.वि.नि. के प्रावधानों का भविष्य में पालन किया जाएगा। मंत्रालय ने आगे अपने उत्तर में बताया (नवंबर 2014) कि खा.ग्रा.उ.आ. तथा ग्रा.औ.म.गॉ.सं. के विभिन्न योजनागत स्कीमों का मूल्यांकन एक स्वतंत्र एजेन्सी द्वारा किया गया था। उत्तर मान्य नहीं है क्योंकि यह लेखापरीक्षा मुद्दे से संबंधित नहीं है।

5.5.28 त्रुटिपूर्ण आंतरिक पर्यवेक्षण

संघ सरकार के लेखे के विभागीकरण की योजना लेखाओं में यथार्थता तथा लेखांकन ढांचे के संचालन में दक्षता को सुनिश्चित करने हेतु एक प्रभावी आंतरिक लेखापरीक्षा संगठन की स्थापना का प्रावधान करती है।

सा.वि.नि. के नियम 212(1) के अनुसार आगे अनुदान संस्वीकृत करते समय मंत्रालय अथवा विभाग के आंतरिक लेखापरीक्षा दलों द्वारा प्रस्तुत रिपोर्टों तथा भारतीय लेखा एवं लेखापरीक्षा से प्राप्त निरीक्षण प्रतिवेदन पर भी ध्यान दिया जाना चाहिए।

निकायों/प्राधिकरणों को जारी अनुदानों के संबंध में 2011-12 से 2013-14 के दौरान सू. एवं ल.म.उ. मंत्रालय के आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध द्वारा की गई लेखापरीक्षा/निरीक्षण के ब्यौरे **तालिका 5.23** में दिए गए हैं:

तालिका 5.23: संचालित आंतरिक लेखापीरक्षा का विवरण

वर्ष	लेखापरीक्षा क्षेत्राधिकार के अंतर्गत इकाईयों की संख्या (आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध द्वारा रिपोर्ट के अनुसार)	लेखापरीक्षा हेतु योजित इकाईयों की कुल संख्या	लेखापरीक्षित इकाईयों की संख्या	लेखापरीक्षा किए बिना शेष इकाईयों की संख्या	कमी की प्रतिशतता
2011-12	63	10	8	2	20
2012-13	63	3	0	3	100
2013-14	63	4	1	3	75

यह पाया गया कि मंत्रालय द्वारा सहायता अनुदानों पर 75 प्रतिशत से अधिक का कुल व्यय किए जाने के बावजूद आंतरिक पर्यवेक्षण क्रियाविधि व्यय के आकार तथा मंत्रालय के कार्य के अनुरूप नहीं थी। एक सुदृढ़ तथा प्रभावी

आंतरिक पर्यवेक्षण के अभाव में, लेखापरीक्षा में इसका पता नहीं लगाया जा सका कि मंत्रालय ने अनुदानग्राही निकायों द्वारा अपने दिन-प्रतिदिन कार्यों तथा कार्यक्रम की सुपुर्दगी के विषय पर नियमों, विनियमों तथा वर्तमान अनुदेशों की अनुपालना को कैसे सुनिश्चित किया।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (सितंबर 2014) में, इस तथ्य को स्वीकार किया कि आंतरिक लेखापरीक्षा स्कंध ने मंत्रालय द्वारा जारी सहायता अनुदान की समीक्षा नहीं थी।

5.5.29 कोर्पस निधि सृजित न करना

सा.वि.नि. के नियम 208(iv) के अनुसार, आवर्ती अनुदानों की बजाए मंत्रालय अथवा विभाग को जहाँ संभव हो कोर्पस निधि के सृजन पर विचार करना चाहिए, जिससे आंतरिक रूप से उत्पन्न संसाधनों के साथ निवेश पर प्रतिफलों से स्वायत्त संगठनों को अपने राजस्व व्यय को पूरा करने में समर्थ होना चाहिए।

मंत्रालय ने निम्नलिखित संस्थानों/संगठनों को प्रशासनिक उद्देश्य के लिए नियमित रूप से सहायता अनुदान कोर्पस निधि की संभावना की जाँच के बिना संवितरित किए थे जिससे स्वायत्त निकायों के राजस्व व्यय का कुछ अंश निधि के निवेश पर प्रतिफलों से पूरा किया जा सकता है।

तालिका 5.24: कोर्पस निधि के सृजन पर विचार नहीं किया

(₹ करोड़ में)

क्र.सं.	संगठन का नाम	वर्ष			योग
		2011-12	2012-13	2013-14	
1.	खादी एवं ग्राम उद्योग आयोग*	157.36	160.65	192.17	510.18
2.	कोयर बोर्ड	14.98	14.97	18.90	48.85
	योग	**172.34**	**175.62**	**211.07**	**559.03**

*राशि को खा.एवं ग्रा.उ.आ. को प्रशासनिक उद्देश्यों के लिए जारी विषय शीर्ष 20 के अंतर्गत शामिल किया गया।

मंत्रालय ने अपने उत्तर (अक्तूबर 2014) में बताया कि कोयर बोर्ड के संबंध में कोर्पस निधि के सृजन मे संबंधित सा.वि.नि. के प्रावधानों का भविष्य में पालन किया जाएगा। खा.एवं ग्रा.उ.आ. के प्रभाग के संबंध में मंत्रालय ने आगे बताया

(नवंबर 2014) की इस संबंध में उपयुक्त अनुदेशों को जारी करने से पहले कोर्पस निधि के लिए मंत्रालय के अन्य प्रभागों के साथ परामर्श करके लेखापरीक्षा अभ्युक्तियों का निरीक्षण किया जाएगा।

5.5.30 आंतरिक वित्त स्कंध द्वारा सहायता का तरीका न बताया जाना

सा.वि.नि. के नियम 209(2) के अनुसार, संबंधित मंत्रालय अथवा विभाग के आंतरिक वित्त स्कंध को सा.वि.नि. में सहायता अनुदानों तथा ऋणों पर विस्तृत दिशानिर्देशों के अंतर्गत सहायता के नियमों अथवा तरीके को बताना चाहिए तथा इस संबंध में वित्त मंत्रालय द्वारा समय-समय पर अनुदेश जारी किए गए हैं। केन्द्रीय सरकार के मंत्रालय द्वारा जारी सहायता अनुदानों की सभी संस्वीकृतियाँ ऐसे सहायता अनुदानों को संचालित सहायता अथवा नियमों के तरीके के अनुरूप होनी चाहिए।

लेखापरीक्षा में पाया गया कि यद्यपि सू.ल. एवं म.उ. के मंत्रालय ने 2011-12 से 2013-14 की अवधि के दौरान विभिन्न संस्थानों/संगठनों को ₹5,165.97 करोड़ के सहायता अनुदान जारी किए, आंतरिक वित्त स्कंध ने सहायता अनुदान जारी करते समय सहायता के ऐसे किसी नियम अथवा तरीके को नहीं बताया जो सा.वि.नि. के प्रावधानों के अंतर्गत आवश्यक था।

मंत्रालय ने तथ्य को स्वीकारते हुए अपने उत्तर (सितंबर 2014) में कहा कि आंतरिक वित्त स्कंध ने अपने आप से मंत्रालय द्वारा सहायता अनुदानों के संवितरण हेतु कोई कसौटी अथवा तरीका नहीं बताया है। आगे यह बताया कि विभिन्न प्रभागों से प्राप्त प्रस्तावों की जाँच, संबंधित योजनाओं के दिशानिर्देशों, सा.वि.नि. के प्रावधानों, वित्त मंत्रालय द्वारा जारी अनुदेशों इत्यादि के अनुसार सहायता की कसौटी/मानदण्डों को ध्यान में रखकर की गई थी।

5.6 निष्कर्ष

लोक सेवा सुपुर्दगी का बदलता प्रतिमान सहायता अनुदान व्यय में तीव्र वृध्दि का कारण बना है तथा ऋण भुगतानों के अपवाद सहित, अनुदानों हेतु यह व्यय का एकमात्र सबसे बड़ी मद है। 2013-14 में ई-लेखा के अनुसार संघ सरकार के राजस्व व्यय का 28 प्रतिशत (₹4,07,142 करोड़) से अधिक भाग सहायता

अनुदान से व्यय का बना। इसमें से, योजनागत अनुदान ₹3,18,211 करोड़ का था और गैर योजनागत अनुदान ₹88,931 करोड़ का था। योजनागत अनुदानों की भारी राशियां अनुदानग्राहियों जैसे समितियों गै.स.सं. न्यासों आदि, जिन पर नि.म.ले.प. की लेखापरीक्षा की शक्ति बाधित तथा प्रतिबंधित है।

वर्ष 2013-14 हेतु, संघ सरकार ने राज्य सरकार बजट के बाहर केन्द्रीय प्रायोजित योजना के कार्यान्वयन हेतु राज्य/जिला स्तरीय स्वायत्त निकायों तथा प्राधिकरणों, समितियों, गैर-सरकारी संगठनों आदि को सीधे ₹1,12,708 करोड़ की केन्द्रीय योजनागत सहायता का अंतरण किया। सरकारी लेखे के बाहर अनुरक्षित इनके खातों में अव्ययित शेषों की कुल राशि अनिश्चित थी। अत: लेखाओं में दर्शाया गया सरकारी व्यय उस सीमा तक अधिक बताया गया था।

सहायता अनुदान से व्यय की सही मात्रा को ध्यान मे रखते हुए व्यय की इस मद से संबंधित वर्तमान नियंत्रण क्रिया विधियों का गहन परीक्षण किया था। इस उद्देश्य हेतु मुख्यत: अनुदान संस्वीकृत करने की प्रक्रिया, अनुदानग्राही संगठन की पार्श्विका, मंत्रालय/विभाग द्वारा अनुरक्षित अनुग्राहियों, के डाटाबेसों, अनुदानों में से किए गए व्यय की सच्चाई तथा आंतरिक नियंत्रण क्रियाविधियों के संदर्भ में दो मंत्रालयों अर्थात सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय तथा सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उपक्रमों में सहायात अनुदान पर व्यय को पुनरीक्षण हेतु चयन किया था।

विश्लेषण ने आंतरिक मॉनीटरिंग प्रणाली की कमियों जैसे अनुदानग्राही संगठनों का बाह्य पीयर समीक्षा का गैर-संचालन, निष्पादन-सह-उपलब्धि प्रतिवेदनों की गैर-प्रस्तुति, संसद को वार्षिक प्रतिवेदनों के माध्यम से विवरणों का रिपोर्टिंग न करना इत्यादि को उजागर किया। यह देखा गया कि चयनित मंत्रालय, अनुदानग्राही निकायों को जारी अनुदानों में से उनके द्वारा सृजित परिसंपत्तियों की मात्रा तथा मूल्य के बारे में अवगत नहीं थे। विभिन्न अनुदानग्राही संगठनों से बड़ी मात्रा में उपयोगिता प्रमाणपत्र लंबित थे। यह भी देखा गया कि अनुदानग्राही संगठनों को अनुदान, पूर्व वर्षों के अव्ययित शेषों तथा लम्बित उपयोग प्रमाणपत्रों पर विचार किए बिना जारी किए गए थे।

इस प्रकार, भारत सरकार द्वारा विभिन्न निकायों तथा प्राधिकरणों को लोक सामान तथा सेवाओं की सुपुर्दगी के लिए जारी सहायता अनुदानों से व्यय करने की वर्तमान मॉनीटरिंग तथा सूचित करने के तंत्र में सुधार करने की तत्काल आवश्यकता है

नई दिल्ली
दिनांक : 27 अप्रैल 2015

(सतीश लूम्बा)
महानिदेशक लेखापरीक्षा, केन्द्रीय व्यय

प्रतिहस्ताक्षरित

नई दिल्ली
दिनांक : 28 अप्रैल 2015

(शशि कान्त शर्मा)
भारत के नियंत्रक एवं महालेखापरीक्षक

अनुबंध

अनुबंध 1.1

(पैराग्राफ 1.3.5 के संदर्भ में)

योजनागत व्यय के घटकों का अनुदान-वार विश्लेषण*

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
1 – कृषि एवं सहकारिता विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	15696.62	37.56	9.20	0.00	17.08	0.00	24.66	2905.50	18690.62
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	84%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	16%	100%
2 – कृषि अनुसंधान एवं शिक्षा विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	1073.04	658.88	868.05	0.00	0.00	0.00	0.00	-149.17	2450.80
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	44%	27%	35%	0%	0%	0%	0%	-6%	100%
3 – पशुपालन, दुग्ध उत्पादन एवं मत्स्य पालन विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	1619.96	0.00	2.18	0.00	6.51	0.00	0.00	120.01	1748.66
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	93%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	7%	100%
4 – परमाणु ऊर्जा विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	127.45	1264.64	0.00	0.00	860.43	40.00	0.00	1180.67	3473.18
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	4%	36%	0%	0%	25%	1%	0%	34%	100%
5 – नाभिकीय शक्ति योजनागत									
व्यय (₹ करोड़ में)	20.00	0.00	0.00	0.00	0.00	289.60	0.00	272.02	581.62
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	3%	0%	0%	0%	0%	50%	0%	47%	100%
6 – रसायन एवं पैट्रो-रसायन विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	6.06	174.37	0.00	976.96	0.00	0.00	0.00	0.55	1157.94

* *स्रोत : नवम्बर 2014 में मं.ले.नि.द्वारा प्रस्तुत ई-लेखा डाटा डम्प*

$ आंकड़ों को पूर्णांकित करने के कारण, 'कुल योजनागत व्यय' की प्रतिशतता 100 प्रतिशत से भिन्न हो सकती है।

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	1%	15%	0%	84%	0%	0%	0%	0%	100%
7 – उर्वरक विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	0.19	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	2.13	2.32
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	8%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	92%	100%
8 – भेषजीय विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	50.75	13.15	0.00	0.00	0.00	0.00	9.22	-4.93	68.18
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	74%	19%	0%	0%	0%	0%	14%	-7%	100%
9 – नागरिक उड्डयन विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	0.00	122.44	0.00	0.00	16.36	6012.00	0.00	32.18	6182.98
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	0%	2%	0%	0%	0%	97%	0%	1%	100%
10 – कोयला मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	0.00	0.00	0.00	261.07	0.00	0.00	0.00	261.63	522.70
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	0%	0%	0%	50%	0%	0%	0%	50%	100%
11 – वाणिज्य विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	504.29	39.37	0.00	429.50	849.64	100.00	0.00	14.41	1937.21
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	26%	2%	0%	22%	44%	5%	0%	1%	100%
12 – औद्योगिक नीति एवं संवर्धन विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	78.48	516.71	14.63	470.02	9.00	0.00	0.00	20.65	1109.49
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	7%	47%	1%	42%	1%	0%	0%	2%	100%
14 – दूरसंचार विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	224.25	0.00	0.00	0.00	3.45	0.00	0.00	2404.46	2632.16
कुल योजनागत व्यय का प्रतिशत	9%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	91%	100%

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
15 – इलैक्ट्रानिक एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	1010.26	58.80	133.80	0.00	9.40	0.00	0.00	640.76	1853.03
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	55%	3%	7%	0%	1%	0%	0%	35%	100%
16 – उपभोक्ता मामले विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	10.04	29.53	0.00	0.00	5.22	0.00	0.00	135.29	180.08
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	6%	16%	0%	0%	3%	0%	0%	75%	100%
17 – खाद्य एवं सार्वजनिक संवितरण विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	184.45	0.00	2.55	0.00	0.49	3.00	0.00	0.92	191.42
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	96%	0%	1%	0%	0%	2%	0%	0%	100%
18 – कार्पोरेट कार्य मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	18.23	0.00	0.00	0.00	2.15	0.00	0.00	0.00	20.38
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	89%	0%	0%	0%	11%	0%	0%	0%	100%
19 – संस्कृति मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	881.75	141.31	32.69	0.00	31.84	0.00	0.00	290.75	1378.34
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	64%	10%	2%	0%	2%	0%	0%	21%	100%
28 – उत्तर-पूर्वी क्षेत्रिय विकास मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	105.77	1494.45	0.00	0.00	157.45	4.00	60.00	-40.57	1781.10
कुल योजनागत व्यय का प्रतिशतता	6%	84%	0%	0%	9%	0%	3%	-2%	100%
29- पेयजल एवं स्वच्छता मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	11837.24	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	97.59	11934.83
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	99%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	1%	100%
30- भू-विज्ञान मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	645.92	26.88	24.96	0.00	43.27	0.00	0.00	134.98	876.00
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	74%	3%	3%	0%	5%	0%	0%	15%	100%

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
31- पर्यावरण एवं वन मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	934.00	550.43	94.24	0.00	36.66	0.00	0.00	193.22	1808.55
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	52%	30%	5%	0%	2%	0%	0%	11%	100%
32 – विदेश मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	1468.49	1281.50	2749.99
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	0%	0%	0%	0%	0%	0%	53%	47%	100%
33- आर्थिक कार्य विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	0.00	0.00	0.00	0.00	1102.45	1000.00	0.00	3300.00	5402.45
कुल योजनागत व्यय का प्रतिशतता	0%	0%	0%	0%	20%	19%	0%	61%	100%
34 - वित्त सेवाएं विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	784.18	0.00	0.00	0.00	0.00	16882.78	0.00	0.00	17666.96
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	4%	0%	0%	0%	0%	96%	0%	0%	100%
36 - राज्य एवं संघ शासित क्षेत्र सरकारों को अंतरण									
व्यय (₹ करोड़ में)	45955.60	28603.17	0.00	0.00	0.00	0.00	10999.75	0.00	85558.52
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	54%	33%	0%	0%	0%	0%	13%	0%	100%
39 - व्यय विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	3.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	3.00
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	100%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	100%
40 - पेंशन									
व्यय (₹ करोड़ में) कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00
46 - खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	464.36	39.98	9.00	0.00	0.00	0.00	0.00	13.90	527.24
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	88%	8%	2%	0%	0%	0%	0%	3%	100%

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
47 – स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	16442.43	2829.95	714.61	0.00	827.82	0.00	0.00	1661.84	22476.65
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	73%	13%	3%	0%	4%	0%	0%	7%	100%
48 – आयुर्वेद, योग व प्राकृतिक चिकित्सा, यूनानी, सिद्ध एवं होम्योपैथी विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	284.89	143.23	74.05	0.00	15.71	0.00	0.00	35.63	553.51
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	51%	26%	13%	0%	3%	0%	0%	6%	100%
49 – स्वास्थ्य अनुसंधान विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	401.41	69.00	99.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.21	569.62
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	70%	12%	17%	0%	0%	0%	0%	0%	100%
50 – एड्स नियंत्रण विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	693.77	0.00	0.00	0.00	0.18	0.00	0.00	779.21	1473.16
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	47%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	53%	100%
51 – भारी उघोग विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	47.23	0.66	0.00	0.00	0.00	358.50	90.46	1.43	498.28
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	9%	0%	0%	0%	0%	72%	18%	0%	100%
52 – सार्वजनिक उघम विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	5.31	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	1.11	6.42
कुल योजनागत व्यय का प्रतिशतता	83%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	17%	100%
53 – गृह मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	0.00	0.00	0.00	0.00	0.64	0.00	0.00	536.27	536.91
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	0%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	100%	100%
55 - पुलिस									
व्यय (₹ करोड़ में)	707.68	597.00	0.00	0.00	4408.02	0.00	0.00	257.42	5970.13
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	12%	10%	0%	0%	74%	0%	0%	4%	100%

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
56 – गृह मंत्रालय के अन्य व्यय									
व्यय (₹ करोड़ में)	18.91	200.66	0.00	0.00	6.95	0.00	0.00	62.77	289.29
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	7%	69%	0%	0%	2%	0%	0%	22%	100%
57 – संघ शासित क्षेत्र सरकारों को अंतरण									
व्यय (₹ करोड़ में)	1225.63	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	9.96	-3.93	1231.66
कुल योजनागत व्यय का प्रतिशतता	100%	0%	0%	0%	0%	0%	1%	0%	100%
58 – आवास एवं शहरी गरीबी उन्मूलन मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	854.47	0.00	3.00	50.10	0.00	0.00	0.00	169.01	1076.58
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	79%	0%	0%	5%	0%	0%	0%	16%	100%
59 – स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	35097.81	7982.80	578.10	0.00	0.00	0.00	0.00	25.71	43684.41
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	80%	18%	1%	0%	0%	0%	0%	0%	100%
60 – उच्च शिक्षा विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	5561.99	7806.03	562.56	0.00	0.00	0.00	0.00	252.25	14182.83
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	39%	55%	4%	0%	0%	0%	0%	2%	100%
61 – सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	91.62	360.40	0.00	0.00	12.96	0.00	0.00	250.25	715.22
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	13%	50%	0%	0%	2%	0%	0%	35%	100%
62 – श्रम एवं रोजगार मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	491.85	65.61	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	1036.55	1594.00
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	31%	4%	0%	0%	0%	0%	0%	65%	100%
64 – विधि एवं न्याय									
व्यय (₹ करोड़ में)	5.00	895.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	40.68	940.68
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	1%	95%	0%	0%	0%	0%	0%	4%	100%

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पत्तियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
66 – सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	1479.20	96.32	3.77	459.06	5.15	70.00	0.00	137.75	2251.25
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	66%	4%	0%	20%	0%	3%	0%	6%	100%
67 – खनन मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	10.97	0.03	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	519.69	530.69
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	2%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	98%	100%
68- अल्पसंख्यक मामले मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	2015.77	947.30	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	44.42	3007.49
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	67%	31%	0%	0%	0%	0%	0%	1%	100%
69 – नवीन एवं अक्षय ऊर्जा मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	731.15	0.00	1.20	655.14	18.00	181.00	0.00	-1204.56	381.93
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	191%	0%	0%	172%	5%	47%	0%	-315%	100%
71 – पंचायती राज मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	557.96	2873.80	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	29.70	3461.46
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	16%	83%	0%	0%	0%	0%	0%	1%	100%
73 – कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	3.85	5.25	0.00	0.00	61.14	0.00	0.00	130.64	200.89
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	2%	3%	0%	0%	30%	0%	0%	65%	100%
75 – योजनागत मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	10.86	0.25	0.00	0.00	106.08	0.00	0.00	1536.85	1654.03
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	1%	0%	0%	0%	6%	0%	0%	93%	100%
76 – विद्युत मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	82.47	2917.86	0.00	35.00	66.57	393.79	1316.67	-290.27	4522.09
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	2%	65%	0%	1%	1%	9%	29%	-6%	100%

विषय शीर्ष	31	35	36	33	53	54	55		
अनुदान	सहायता अनुदान सामान्य	पूंजीगत परिसम्पतियों के निर्माण के लिए अनुदान	सहायता अनुदान-वेतन	आर्थिक सहायता	मुख्य कार्य	निवेश	ऋण एवं अग्रिम	अन्य	कुल योग
82 – सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय									
व्यय (₹ करोड़ में)	18.33	3233.62	0.00	0.00	8934.78	11627.45	0.00	-168.05	23646.13
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	0%	14%	0%	0%	38%	49%	0%	-1%	100%
83 – ग्रामीण विकास विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	6826.56	51109.18	10.60	0.00	0.00	0.00	0.00	676.75	58623.08
कुल योजनागत व्यय की प्रतिशतता	12%	87%	0%	0%	0%	0%	0%	1%	100%
84 – भू-संसाधन विभाग									
व्यय (₹ करोड़ में)	2468.32	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	0.00	19.41	2487.73
कुल योजनागत व्यय का प्रतिशतता	99%	0%	0%	0%	0%	0%	0%	1%	100%
